ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 17.04.2023 वर्ष 10, अंक 104

RNI No. JHAHIN/2014/59110

सुविचार

प्रसन्नता परमात्मा की ओर से दी गयी ओषधि है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रोजा का समय

इफ्तार (17/04/23) 06:12
सेहरी (18/04/23) 04:01

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

रांची का तापमान

अधिकतम 32°
न्युनतम 15°

क्वीक न्यूज

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय जारी करेगा एसओपी

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने माफिया डॉन रहे अतीक अहमद और उसके भाई की गोली मारकर की गई हत्या के मामले का संज्ञान लेते हुए निर्णय लिया है कि पत्रकारों की रक्षा व सुरक्षा को लेकर एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने रविवार को एसओपी तैयार करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात कुछ अपराधी पत्रकार बनकर पुलिस हिरासत में मेडिकल जांच के लिये जा रहे अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या कर दी। हत्या के समय अतीक और उसका भाई पत्रकारों से बातचीत कर रहा था। इस घटना ने पत्रकारों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं।

नंदिनी गुप्ता ने जीता फेमिना मिस इंडिया-2023 का ताज

मणिपुर : मणिपुर में हुए 59वीं फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में राजस्थान के कोटा की 19 साल की नंदिनी गुप्ता ने मिस इंडिया-2023 का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली की श्रेया पुंजा ने दूसरा और मणिपुर की स्ट्रैल थौनाओजम लुवांग ने तीसरा स्थान हासिल किया। मिस इंडिया-2023 का खिताब जीतने वाली नंदिनी स्टूडेंट और मॉडल दोनों हैं। उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट में ग्रेजुएशन किया है। मणिपुर में आयोजित शानदार कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व मिस इंडिया विजेता सिनी शेट्टी, रूबल शेखावत, शिनाता चौहान, मनसा वाराणसी, मान्या सिंह, सुमन राव, शिवानी जाधव की प्रस्तुतियों से हुई। ग्रैंड फिनाले में फैशन और मनोरंजन उद्योग के कई नेताओं ने भाग लिया। इस इवेंट में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने भी परफॉर्म किया।इस प्रतियोगिता में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। पिछले साल की विजेता सिनी शेट्टी ने नंदिनी को मिस इंडिया का ताज सौंपा। नंदिनी को बचपन से ही मॉडलिंग का शौक था। उन्होंने दस साल की उम्र में मिस इंडिया का खिताब जीतने का सपना देखा था। फेमिना मिस इंडिया के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर नंदिनी गुप्ता की तस्वीरें पोस्ट की गई हैं।

चतरा में चार इनामी नक्सलियों ने एक साथ किया सरेंडर

चतरा : नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस के समक्ष चार इनामी नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में पांच लाख इनामी शीर्ष जोनल कमांडर बिहार के गया जिला निवासी अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव, पांच लाख का इनामी पलामू जिले के नौडीहाबाजार थाना क्षेत्र के करकट्ठा निवासी संतोष भुइयां, पांच लाख का इनामी चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र निवासी सहदेव यादव और नीरु का नाम शामिल है। बीते साल 22 दिसंबर को चतरा पुलिस ने अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव और संतोष भुइयां की संपत्ति कुर्क की थी। गया जिले में स्थित नकटिया में अमरजीत यादव की संपत्ति हंटरगंज थाना में दर्ज मामले में कुर्क की गई थी। वहीं संतोष भुइयां हंटरगंज थाना में दर्ज एक मामले में फरार चल रहा था। नवम्बर 2022 में अमरजीत यादव के घर को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया था। राजपुर थाना में दर्ज मामले में वांछित था। उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को चतरा जिले के लावालौंग थाना ग्रहे वन क्षेत्र में पुलिस और माओवादी उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी, जिसमें स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य 25 लाख का इनामी उग्रवादी गौतम पासवान उर्फ प्रवेश पासवान व अजीत उरांव उर्फ चार्लीस उरांव, पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर नंदू यादव, अमर गंझू एवं संजीत भुइयां मारे गए थे। वहीं मुठभेड़ के दो दिन बाद सब जोनल कमांडर पांच लाख के इनामी नक्सली नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

नियोजन नीति व खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर छात्रों का आज सीएम आवास और सचिवालय घेराव का है कार्यक्रम

सीएम आवास की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

धारा 144 लागू, सीएम आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन व घेराव नहीं किया जा सकेगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। छात्र संगठनों की ओर से सोमवार को 60:40 नियोजन नीति के विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय के घेराव की घोषणा की गई है। घेराव कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने दोनों जगहों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। इन दोनों जगहों पर सुबह आठ बजे से रात 11:30 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी, जिसके तहत 200 मीटर के दायरे में कोई संगठन जुलूस और शक्ति प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। इसके तहत मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी छात्र मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे और फिर वहां से मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए निकलेंगे। इस घेराव को देखते हुए जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा जारी कर दी गयी है।

72 घंटे का है छात्रों का आंदोलन

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो ने बताया कि छात्रों का यह आंदोलन 72 घंटे का होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। वहीं 18 अप्रैल को बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जाएगा।

इस दिन राज्य भर के युवा सडक पर उतरेंगे और राज्य सरकार की पॉलिसी का विरोध करेंगे। देवेंद्रनाथ ने कहा कि राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए जो नीति बनायी है, वह राज्य के छात्र हित में नहीं है।

उनका कहना है कि अगर इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुई तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो जाएगी। राज्य सरकार को ऐसी नियोजन नीति बनानी चाहिए जो यहां के युवाओं को नौकरी सुनिश्चित कर सके। नियोजन नीति के विरोध को लेकर युवाओं ने पहले भी आंदोलन किया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी आंदोलन किया था। इसके बाद बजट सत्र के दौरान भी आंदोलन किया। राज्य के युवाओं ने 23 मार्च को 60:40 नियोजन नीति का विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर विधानसभा का घेराव भी किया था।

ये है पाबंदी

इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों - कर्मचारियों एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)।किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे- बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों -कर्मचारियों को छोड़कर)। किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों, कर्मचारियों को छोड़कर)।किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को क्लब रोड स्थित मिलन पैलेस में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रजमान महीने की बधाई दी. इस मौके पर हेमंत सोरेन समेत सभी आगंतुकों ने राज्य की उन्नति, आपसी भाईचारा, प्रेम -सद्भाव और अमन- चैन की दुआ मांगी. दावत- ए -इफ्तार में मंत्री आलमगीर आलम, बादल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक प्रदीप कुमार यादव, कुमार जय मंगल और शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और अन्य नेता शामिल हुए. इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा-1857 क्रांति के दौरान अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखण्ड की माटी के वीर सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा.

दुबई की इमारत में आग लगने से 4 भारतीय समेत 16 लोगों की मौत

दुबई (एजेंसी): दुबई की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में केरल के एक दंपती समेत 4 भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग दुबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक अल-रास में स्थित इमारत की चौथी मंजिल में लगी और फिर अन्य इलाकों में भी फैल गई। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में 16 लोगों की मौत हुई और नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

जमीन घोटाला : 7 लोगों से ईडी ने की पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। गिरफ्तार सभी लोगों को रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से ईडी ऑफिस लाया गया और उनसे से पूछताछ की है। ईडी के अधिकारी बरामद जमीन के कागजात सहित अन्य सवालों को जानने की कोशिश कर रही है। ईडी ने सेना की जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम लोगों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने सभी गिरफ्तार आरोपितों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था।

जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। शनिवार को ईडी ने कोर्ट से गिरफ्तार आरोपितों की पांच दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ चार दिनों की रिमांड की ही मंजूरी दी थी। ईडी के अधिकारी सभी सातों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।उल्लेखनीय है कि सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाई अंचल के सीओ मनोज कुमार सहित अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी संख्या में जमीन की डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज और कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य भी ईडी को मिले हैं।

अतीक-असरफ हत्याकांड : जांच के लिए हुआ न्यायिक आयोग का गठन

एजेंसी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। यह आयोग दो माह के भीतर जांच कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। इस संबंध में गृह विभाग ने रविवार को आदेश जारी किया। राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक गृह विभाग ने कमीशन ऑफ इन्क्वायरी एक्ट 1952 के तहत 15 अप्रैल को प्रयागराज के सम्पूर्ण घटनाक्रम की विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। न्यायिक आयोग दो माह के भीतर पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। आयोग उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय के नेतृत्व में जांच करेगा। दो अन्य सदस्यों में पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी होंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023| पेज 2

राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण के लिए श्रद्धालुओं की एक बैठक रविवार को स्थानीय पांकी रोड बारालोटा भवानी नगर स्थित मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार पांडे ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भवानी नगर में मंदिर की खाली पड़ी जमीन में राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी का चुनाव 23 अप्रैल को मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में किया जाएगा। बैठक में समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि मंदिर निर्माण में सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए धनराशि की कमी नहीं होगी। केवल मंदिर निर्माण कराने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया की कमेटी गठन के उपरांत इंजीनियर से एक नक्शा बनवा कर मंदिर बनवाया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए धनराशि देने की घोषणा किया। बैठक में रामप्रवेश सिंह, बबन सिंह, धनंजय जयसवाल, ललन सिंह, सुरेंद्र झा, बली सिंह, पुरुषोत्तम प्रसाद, अजय कुमार झा, अरविंद ठाकुर, जितेंद्र नारायण सिन्हा, सरयू ठाकुर, अवध बिहारी सिंह, अरुण कुमार वर्मा, अवधेश सिंह, कयास ठाकुर, नागेंद्र भारती, राधेश्याम जयसवाल, गोविंद कुमार, अवधेश शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुसिखाप में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू, पलामू : माह-ए-रमजन का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है, वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा. रविवार के दिन पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुसिखाप मुखिया प्रतिनिधि सुनील पांडेय के द्वारा मुसिखाप मदरसा के प्रांगण में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। मस्जिद में दी गई मगरीब नमाज की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले अंगूर, केला, तरबूज आदि खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। मौके पर वाहिद अंसारी, डॉ मुस्लिम अंसारी, रसीद आलम, फिरोज अंसारी, नैयर राजा, लुकमान अंसारी, तयियब अंसारी, एब्रार अंसारी, कासिम अंसारी, सौकत अंसारी, सदिन अंसारी, अकबर अंसारी, रेयास्त मियां, प्रवेश साव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, डीएन सिंह, बदूरि चंद्रवंशी, नन्दू यादव, बिमलेश चंद्रवंशी के साथ- साथ कई लोग उपस्थित रहे।

पिपरा का तेंदूई होगा शराब मुक्त : अरविंद

पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तेंदुइ में दिन रविवार को गांव के अधिकांश ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि पंचायत तेंदूई को शराब मुक्त कर एक आदर्श पंचायत बनाना है। समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मेरी कोशिश है कि मैं अपने पंचायत को शराब मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त एवं लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करूं। जिसकी शुरुआत आज सभी ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम तेंदूई को शराब मुक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया है। इस बैठक में मुखिया उषा देवी के समक्ष सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि अगर आगे से कोई भी शराब बेचते या बनाते हुए पकड़ा जाएगा तो उसे सभी लोग मिलकर थाना को सौंप देंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमें जयप्रकाश सिंह शंकर सिंह एकन्वत सिंह रोहित कुमार पासवान मनु सिंह सनी कुमार नरेंद्र कुमार सिंह कामेश्वर पासवान कृष्णा चंद्रवंशी दिलीप चंद्रवंशी दिलीप राम उदय सिंह वार्ड सदस्य मुखिया नीरज सिंह सहित दर्जनों लोग इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिए हैं।

ओमप्रकाश चौबे बने कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): कांग्रेस पार्टी ने नगर उंटारी के पाल्हे कला निवासी ओम प्रकाश चौबे को जिला महासचिव नियुक्त किया है। महासचिव बनाये जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। महासचिव बनाये जाने पर ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि मैं अपने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला में जिला महासचिव के पद पर जिम्मेवारी दी है। उसे मैं जिम्मेवारी पूर्वक निभाऊँगा। जिला कांग्रेस कमेटी को और मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे। ओमप्रकाश चौबे को जिला महासचिव बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बधाई दिया। बधाई देने वाले में नगर उंटारी प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, भवनाथपुर नंदलाल पाठक, सगमा देवचंद याद,खरौंधी सुनीता कुमारी, केतार राम, भजन गुप्ता, धुरकी अरविंद यादव, गढ़वा योगेंद्र चौबे, रमुना मंसूर अंसारी, बिशुनपुरा शिवप्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नगर उंटारी शैलेश चौबे, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, इंटक नेता रामकृष चौबे, सुशील चौबे, ईश्वरी चौधरी, युवा नेता संतोष कुमार गुप्ता, रोहित पांडे सहित अन्य ने बधाई दी है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा का निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य व जांच शिविर आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा सेवा समरसता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के बसरिया गांव के पंचायत भवन परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल फिजीशियन, दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गांव के सैकड़ों महिला- पुरुष, बच्चों एवं बच्चियों का हेल्थ चेकअप कर निशुल्क दवा वितरण किया। उचित खानपान एवं वर्तमान समय में हो रही कई बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताएं। स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा कि मोर्चा द्वारा देशभर में सेवा समरसता सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रम पिछले 1 सप्ताह से चलाए जा रहे हैं। सेवा सप्ताह में जिला के कई जगहों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाना तय था। हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कैसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की मूलभूत सुविधा उनको मिल सके इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं जरूरतमंदों की सेवा करना ही हमारे राजनीति करने का लक्ष्य हैं और इसके लिए हम सदैव खड़े हैं उनकी मुस्कान से ही हमें हौसला मिलता है । स्वास्थ्य शिविर प्रभारी विपुल गुप्ता ने कहा कि आर्थिक तंगी एवं अशिक्षा के कारण लोग शहर में आकर किसी भी समस्या का तुरंत इलाज नहीं कराते हैं,जिससे वह समस्या लाइलाज बन जाती है। इस कारण मोर्चा द्वारा प्रखंडों एवं सुदूर गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही समुचित चिकित्सीय परामर्श के साथ-साथ निशुल्क दवा की व्यवस्था कराई जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 ग्रामीणों का इलाज एवं मुफ्त दवा वितरण हुआ। इस अवसर पर जिला मंत्री चंदन केसरी, मंडल अध्यक्ष सुदेशवर चौधरी, मुखिया नीतीश कुमार सिंह, गोरख सिंह, कृष्णा सिंह कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खाटीन में हजरत अंजान शहीद दाता का सालाना उर्स और चादर पोशी संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित खाटीन में 15 अप्रैल को हर साल की तरह इस वर्ष भी हजरत अंजान शहीद दाता का सालाना उर्स मनाया गया। इससे पहले कमिटी की चादर पुरे शहर छतरपुर में घुमाया गया इसके बाद 5 बजे चादर पोशी की गई रात 10 बजे से शायर, और मौलाना द्वरा नात और तकरीर किया गया नातं खा ने अपने अंदाज में कहा मेरी बिगड़ी को बना दीजिये अंजान शाह बाबा---सोया किस्मत भी जगा दीजिये अंजान शाह बाबा।। वही शायर करि खुर्शीद ने कहा जो तुम्हारे दर अपने मुरादे पाते है---हम सबको भी अता कीजिये अंजान शहीद बाबा।। मौके पर मौलाना जुनैद मिस्बाही, करि इम्तेयाज साहब, हाफिज आजाद हुसैन, हाफिज जिब्रईल साहब, हाफिज इरफान साहब, हाफिज मुनीर हुसैन, हाफिज तौहीद आलम ने नात पड़ा और तकरीर किया 15 अप्रैल उर्स के दिन छतरपुर अनुमंडल के साथ-साथ दूर दराज इलाके से लोग इनके दर पर आते है अपनी मन्नत मांग कर जाते है इनके दर पर सभी मन्नते सभी दुवाएं कोबुल होती है। 15 अप्रैल को काफी भीड़ होती है क्षेत्र में एक यही पर हजरत अंजान शहीद दाता का मजार शरीफ है जो हर वर्ष के 15 अप्रैल को उर्स मनाया जाता है ये कार्यक्रम नव जवां यादे हुसैन कमिटी खाटीन के द्वारा कराई जाती है।

नप अध्यक्ष ने नगर वासियों को पेयजल की आपूर्ति कराने का कार्यपालक पदाधिकारी से किया है अनुरोध

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जिन वार्डो में सोलरयुक्त जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, उसे प्रारम्भ कर वार्डवासियों को पेयजल की आपूर्ति कराने, जिन वार्डो में जलमीनार का कार्य पूर्ण नही हुआ है, उसे शीघ्र पूरा कराने तथा जहां जलमीनार से लोगो को पर्याप्त पेयजल नही मिल रहा है वहाँ टैंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि सभी वार्डो में सोलरयुक्त जलमीनार का अधिष्ठापन किया गया है.कुछ वार्डो में अभी निर्माण कार्य प्रारंभ है। जलमीनार अधिष्ठापन के बाद भी कुछ वार्डो में वार्डवासियों को पर्याप्त पेयजल नही मिल पा रहा है, जिसकी शिकायत वार्डवासियों ने दूरभाष पर उनसे किया है। उन्होंने कहा है कि भीषण गर्मी को देखते हुये जहाँ जल मीनार का अधिष्ठापन किया जा चुका है वहाँ लोगो को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय.उन्होंने कहा है कि नगर प्रबन्धक व कनीय अभियंता द्वारा सभी वार्डो का निरीक्षण कराकर इस भीषण गर्मी में लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना चाहिये ताकि किसी वार्ड में पेयजल की समस्या उतपन्न नही हो।

मेयर ने टैंकर से जलापूर्ति का शुभारंभ किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : अरुणा शंकर वार्ड नं-31 के शाहपुर में मेयर अरुणा शंकर ने जलापूर्ति का किया निरीक्षण, वार्ड पार्षद भी रही साथ। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर में मेदनीनगर नगर निगम अंतर्गत वार्ड नं- 31 में मेयर अरुणा शंकर ने वार्ड पार्षद प्रमिला देवी के साथ जलापूर्ति को लेकर निरीक्षण किया। टैंकर द्वारा जलापूर्ति को लेकर मेयर अरुणा शंकर ने निरीक्षण किया और लोगो से फीडबैक जानते हुवे जलापूर्ति बेवस्था को और जुड करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मेयर ने कहा कि पूरे गर्मी किसी भी जनता को पानी के लिए नहीं तरसना पड़ेगा टैंकर उनके पास प्राप्त है और प्राप्त मात्रा में लोगो तक जलापूर्ति की जाएगी।

23 अप्रैल को सेमिनार सह कवि सम्मेलन आयोजित

➲विश्रामपुर अनुमंडलीय पत्रकार संघ की ओर से आयोजित किया गया है सेमिनार सह कवि सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा अवस्थित रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण में 23 अप्रैल दिन रविवार को विश्रामपुर अनुमंडलीय पत्रकार संघ की ओर से सेमिनार एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी विश्रामपुर अनुमंडलीय पत्रकार संघ ने दी है। पत्रकार योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पत्रकारिता एवं चुनौतियां हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सेमिनार के उपरांत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमें विश्रामपुर, उंटारी रोड, पांडू सहित जिले के सैकड़ों पत्रकार, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक संगठन के साथ साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

श्री सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से किया गया पनशाला का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम गेट के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से पनशाला शुभारंभ किया गया। पनशाला का उदघाटन पत्रकार रजनीश मंगलम,श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व राहगीरों पानी पिलाकर किया. इस अवसर आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि प्रचंड गर्मी में प्यासे राहगीरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से किया गया हैं . उन्होंने कहा कि पनशाला खुलने से इस भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पूण्य का कार्य है। उन्होंने लोगो से अपील किया कि आदमी के साथ- साथ पक्षियों के लिए भी दाना और पानी की व्यवस्था अपने घर के आसपास करें। मौके पर चैंबर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, अनुप निराला, वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू, मंटू लाल, मनोज देव, पिंटू लाल, नागेंद्र राम, कमोद लाल, राजेंद्र यादव, शुभम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पवित्र माह रमजान में खुदा की इबादत करने से नेकिया मिलती है : पूर्व सदर तस्लीम खान

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पवित्र माह ए रमजान मुस्लिम धर्मलम्बियों के लिए रहमत बरकत व मगफिरत का महीना होता हैं। उक्त बातें पूर्व सदर तस्लीम खान ने कही। उन्होंने कहा कि चांद दिखने के बाद पवित्र माह रमजान का शुरुआत हो जाता है। इस माह में सभी मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह महीना रहमतों एवं बरकतों का महीना है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह रमजान में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से कई गुना ज्यादा नेकिया मिलती है। इस माह में जन्नत का दरवाजा खुल जाता है, वही रमजान महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकिया मिलती है। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे प्यासे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है यानी कि हर बुराई एवं गुनाह से दूर रख कर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता है. उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह ए रमजान ना शरीफ रहमतों बरकतों की बारिश का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

पलामू एकल अभियान विद्यालय की ओर से नगर भ्रमण करते हुए किया गया भजन कीर्तन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर, पलामू : पलामू भाग एकल अभियान विद्यालय की ओर से तिलकोत्सव सह भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के सचिव अजय द्विवेदी वह संचालन राजनाथ उरांव ने की। आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अभियान कार्यालय से की गई। जहां संस्थान के संरक्षण नवल तुलस्यान, उपाध्यक्ष नवल चंद्र द्विवेदी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, रमेश चंद्र द्विवेदी, प्रसिद्ध व्यवसाई प्रभात अग्रवाल, विनोद उदयपुरी, बलराम तिवारी आदि समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा नारियल फोड़ शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। भ्रमण के क्रम में अभियान के सेवाव्रती मेदिनीनगर मुख्य बाजार प्रांगण में अवस्थित महावीर मंदिर पहुंचे। जहां मंदिर के मुख्य द्वार पर सभी के द्वारा भगवत भजन किया गया।साथ हीं संस्कार विषयों पर चर्चा भी की गई। साथ हीं अभियान के सेवाव्रती नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन शिव मंदिर परिसर पहुंचे। प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित भजन कीर्तन कार्यक्रम की कार्यक्रम का उद्घाटन सात मातृशक्ति समूह के द्वारा किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि डां स्नेह लता त्रिपाठी, कुसुम लता सिंह, अमिता कुमारी, रेणू गोयल, जयश्री कुमारी, रिंकू सिंह, उमा शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आयोजित भजन कीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पूर्व समिति के लोगों के द्वारा मातृशक्ति के सभी सदस्यों को पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। मातृशक्ति के द्वारा सभी के माथे पर तिलक लगाया गया। वहीं पलामू एकल अभियान के उदय शुक्ला ने तिलकोत्सव तिलकोत्सव पर चर्चा करते हुए कहा कि माथे पर तिलक लगाने की सांस्कृतिक व वैज्ञानिक पहलू हैं।कहा कि सनातन धर्म में माथे पर तिलक लगाने का खास महत्व है। माथे पर तिलक लगाने से सकारात्मकता आती है व कुंडली में मौजूद उग्र ग्रह शांत होते हैं। शास्त्रों में माथे पर तिलक लगाने का विशेष महत्व बताया गया है। तिलक लगाने से ग्रहों की स्थिति में सुधार होता है व इससे अटके हुए काम भी बनते हैं। वहीं वैज्ञानिक आधार पर भी तिलक लगाने का विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि माथे पर तिलक लगाने से मस्तिष्क को ठंडक मिलती है। इससे व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में आसानी होती है। कहा जाता है कि माथे पर तिलक लगाने से व्यक्ति का आत्मविश्वास भी बढ़ता है व वह अपने फैसले बहुत मजबूती से लेता है। चंदन का तिलक लगाने से मस्तिष्क को शीतलता मिलती है। वहीं मेदिनीनगर अस्पताल चौक स्थित प्राचीन शिव परिसर में तीन घंटों तक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां एकल अभियान समिति के उपेंद्र राय ने अभियान गीत गाकर लोगों को भाव विभोर किया। वहीं राजबली पासवान, सुश्री पूनम कुमारी, विरेन्द्र पांडेय, राजकिशोर, आदि ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया।

अंकिता श्रृंगार स्टोर में लगी आग लाखों का समान जल कर हुआ राख

उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): पांडु थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसीबार अंकिता श्रृंगार स्टोर में रविवार को लगभग 3 बजे अचानक आग लग गई, आग से दुकान में रखे लाखों का समान जल कर राख हो गया, मिली जानकारी के अनुसार दुकान संचालक मंदेश कुशवाहा और चंदेश मेहता दुकान बंद कर किसी काम से बाहर गए हुए थे। दुकान संचालक मंदेश कुश्वहा ने बताया की दूरभाष पर ग्रामीणो ने सूचना दिया की दुकान में आग लग गया है, दुकान बंद होने के कारण आग बुझाने में काफी समय लग गया जिससे दुकान मे रखा लगभग पांच लाख का समान जलकर राख हो गया, ग्रामीणों ने जैसे तैसे दरवाजा तोड़ कर आग बुझाने का प्रयास किया तब तक दुकान पूरी तरह जल कर खाक हो चुका था, दो ढाई घंटे बाद लगभग 5:30 बजे पहुची दमकल की गाड़ी और आग को पूरी तरह बुझाया, आग लाने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, दुकान संचालक आपस में दोनों भाई है, दोनों भाई रेंट पर दुकान लेकर चलते थे और परिवार का भरण पोषण करते थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से डरे हूए हैं नरेंद्र मोदीः सिंह

रांची : रविवार को दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाला मामले में सीबीआई के सामने पेश होने के बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक डी. एन. सिंह ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से डरे हुए हैं। यही कारण है कि आप के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। आज अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उनका कहना है कि यह हजारों करोड़ का घोटाला है, लेकिन अब तक वे यह साबित नहीं कर पाए हैं कि एक रुपये का भी घोटाला हुआ है।केंद्र सरकार पूरी तरह से तानाशाह हो गई हैं पूरा देश अरविंद केजरीवाल के साथ है। आगामी लोकसभा चुनाव में इसका जवाब 130 करोड़ जनता देगी।

नामकुम से दो नाबालिग छात्राएं लापता, जांच में जुटी पुलिस

रांची : रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के तेतरीढोली कैलाश नगर में रहनेवाली दो नाबालिग छात्राएं घर से लापता हैं। दोनों की उम्र लगभग 14-15 वर्ष है और लोवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल की छात्रा है। पहली छात्रा ने मैट्रिक की परीक्षा इसी वर्ष दी है और दूसरी सातवीं कक्षा में है। दोनों के परिजनों ने थाना में लिखित शिकायत की है। दूसरी नाबालिग छात्रा अपने घर में रखे जेवर एवं कुछ नगद रुपए भी साथ में ले गई है। पुलिस शिकायत के आधार पर छानबीन में जुटी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य संभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि कुछ सुराग हाथ लग सके। नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है।

डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि सूचना के बाद थाना प्रभारी कांके आभास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर तीन अपराधी को गिरफ्तार किया।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कांके थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधियों में अमृत टोप्पो, सावन टोप्पो और अनुज टोप्पो शामिल है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, दो मैगजीन, तीन मोबाइल और एक महिंद्रा थार वाहन बरामद किया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रिंग रोड में लॉ कॉलेज से आगे दाहिने तरफ इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस (आईएचएस) के पास एक काले रंग के महिन्द्रा थार गाडी में चार-पांच व्यक्ति हथियार से लैश होकर डकैती की योजना बना रहे हैं।

एसपी ने बताया कि सूचना के बाद थाना प्रभारी कांके आभास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर तीन अपराधी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों ने डकैती की योजना बनाने की बात स्वीकार की।

2024 में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी : अश्विनी चौबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांचीः केंद्रीय खाद्य आपूर्ति, वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि जब से केन्द्र की मोदी सरकार में भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी है, यह सभी ठग बंधन के बहाने एक मंच पर आ रहे हैं लेकिन 2024 में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। केंद्रीय मंत्री दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर रविवार को रांची पहुंचे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश इकाई ने लगातार सड़क से सदन तक राज्य की गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए बड़े आंदोलन किए हैं क्योंकि यहां की सरकार अपने वायदों को पूरा करने में सबसे अक्षम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार आदिवासी, दलित पिछड़ा युवा महिला एवं किसान विरोधी साबित हुई है और इस सरकार को बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

केंद्र की गिनायी उपलब्धियां

उन्होंने कहा कि झारखंड में कोविड-19 के दौरान 41.03 लाख मैट्रिक टन अनाज केंद्र की ओर से राज्य की जनता के बीच वितरण किया गया है, जिसका सीधा लाभ 58.41 लाख जनता को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों एवं फर्जी किसानों से खरीद बंद करने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी की मदद से किसानों से सीधे खरीद की जा रही है एवं उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जा रहे हैं, ताकि इस समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को और सशक्त बनाने के लिए एक देश एक राशन कार्ड योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अपने हक से वंचित ना हो।

चौबे ने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड के सिद्धांत को भी पूर्ण रूप से लागू कर दिया है, जिसके तहत झारखंड के प्रवासी मजदूर भाइयों को भी बहुत सहायता मिल रही है एवं इसके तहत वे देश के किसी भी कोने में राशन की दुकान से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं।

10 प्रशाखा पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 10 प्रशाखा पदाधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इनमें पांच एसओ राज्यपाल सचिवालय के भी बदले गये हैं। रविवार को कार्मिक विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार आज स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में पांच राज्यपाल सचिवालय में भी पदस्थापित थे। इनके स्थान पर राज्यपाल सचिवालय में पांच नये प्रशाखा पदाधिकारियों की तैनाती भी की गयी है। इनमें कुलदीप टूटी, राजर्षि हांसदा, कृष्ण कुमार भगत, रामाकांत मुंडा, विशाल कुमार मित्तल, अनुराग रवि कुजूर, कौशाल किशोर राय, रंजीत कुमार, सिदार्थ कुमार उपाध्याय और दीपक उरांव हैं।

सावधान : बिना लॉक लगे वाहनों का ट्रैफिक पुलिस काटेगा चालान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डेलीमार्केट थाना के नये थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने अनोखी पहल की है इसके तहत उन्होंने वैसे वाहन जिसमे लॉक लगा हुआ नही था या इधर उधर खड़ी करके रखी गई थी , ट्रैफिक पुलिस से मिलकर वैसे वाहनों का चालान कटवाकर फाइन वसूल किया । साथ ही पुनः ऐसी गलती नही करने की नासियत भी दी गई।थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि-घटनाओ को पूर्णतः रोकने के लिए जागरूकता एवं सतर्कता जरूरी है। किसी की भी मोटर साइकिल अथवा

बाइक चोरी न हो हमारी ये प्रयास रहेगी। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने लोगो से मोटरसाइकिल तथा गाड़ियों को निर्धारित स्टैंड में रखने , हैंडल लॉक करने, वाहन में चाबी नहीं छोड़ने, वाहनों को जहां तक खड़ा नहीं करने ।वाहनों की सुरक्षा खुद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गाड़ी में चाबी छोड़कर चोरों की मदद न करे। आपके एक सुरक्षित कदम से चोरी की घटनाओ को रोका जा सकता है।

मानव सेवा सबसे बड़ा माधव सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। गुरु महाराज के कथन मानव सेवा ही सबसे बडी माधव सेवा है को चरितार्थ कर रहे है 82 सप्ताह से निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का भोजन एव जल वितरण कर।पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 81 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है।

82 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन प्रभाष गोयल और संस्था के सेवा भावी शिष्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से संयुक्त रूप से की गई। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमज़ आर एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय गरीब असहाय ज़रूरतमंदों के बीच मानव सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं।

जन आंदोलन तेज करेगी भाकपाः महेंद्र पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा की पलामू जिले में पत्थर माफियाओं का बोलबाला चरम पर है , छतरपुर हरिहरगंज सहित कई इलाके में बड़े-बड़े पत्थर के माइंस अवैध रूप से चलाया जा रहा है। दलितों और आदिवासियों के जमीन को जबरन लूट कर उसमें पत्थर की खदानें खोली जा रही है। बड़े-बड़े माफिया इस गठजोड़ में शामिल हैं। दिनांक 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी सूरज पत सिंह, के डी सिंह, जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी नौडीहा गए थे लेकिन एक साजिश के तहत उन पर, उग्रवादी और आतंकवादियों की तरह नौडीहा थाना प्रभारी के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है, लगता है कि थाना प्रभारी को मानसिक संतुलन खराब हो चुका है। पत्थर माफियाओं के प्रभाव में आकर नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार के द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं पर मुकदमा दर्ज करना यह साफ झलक रहा है। कि किस तरह से पुलिस के संरक्षण में अवैध माइनिंग क्षेत्र में हो रहा है । हमारे नेताओं पर एक साथ दो दो मुकदमा दर्ज किया गया है , जो फर्जी है और मनगढ़ंत।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला पुलिस अधीक्षक से मांग करती है की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर किया गया मुकदमा तुरंत वापस ले । अन्यथा बाध्य होकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुलिस माफिया गठजोड़ के खिलाफ आंदोलन तेज करेगी । पाठक ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लूट हो रही है। जिला प्रशासन की नाक के नीचे सारे अंजाम दिए जा रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गरीबों दलितों पीड़तिं शोषित के सवाल पर लगातार लड़ती रही है ,आगे भी लड़ती रहेगी । अगर पार्टी के नेताओं को फंसाने की कोशिश जिला प्रशासन करेगी तो प्रशासन के विरुद्ध भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सड़कों पर उतरेगी।

तेज धूप और मॉर्निंग स्कूल नहीं होने से बच्चे और अभिभावक परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची और इसके आसपास के जिलों में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। रांची में तापमान 37 के पार चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने हीट वेव को लेकर अलर्ट तक जारी किया है। नए अपडेट के मुताबिक 30 अप्रैल तक विशेष राहत की उम्मीदें नहीं है। मई के पहले सप्ताह में रांची समेत राज्य के पूर्वी हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही, 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चलने की भी

संभावना जताई जा रही है। जिससे राहत कम आफत की संभावना अधिक है। जिस तरह से गर्मी है बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानियां हो रही है धूप इतनी है कि बच्चे स्कूल में प्यास से भी परेशान होते हैं। इतनी गर्मी के बावजूद और परेशानियों को देखते हुए भी जिला प्रशासन ने स्कूल मॉर्निंग नहीं कराया, हालांकि कुछ सरकारी स्कूलों में मोर्निंग की गई है, लेकिन निजी स्कूलों में मॉर्निंग स्कूल नहीं होने से बच्चे और अभिभावक परेशान हैं।

बीच में कई ऐसे बच्चों की शिकायतें आई थी कि वह चक्कर खाकर गिर गए थे। इन सब को देखने के बाद जिला प्रशासन को अलर्ट होना चाहिए और स्कूल मॉर्निंग करवा देना चाहिए।

झारखंड के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है सरकार : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के आज और कल दोनों को सरकार बर्बाद कर रही है। आम जनमानस की संभावनाओं, आकांक्षाओं को हकीक़त में बदलने की चुनौती तथा राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का आंकलन करते हुए हम दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राज्य के अभाव को नेतृत्व देने की एक बड़ी जिम्मेदारी हम सभी पर है। मौजूदा सरकार सवा तीन वर्षों से सिर्फ बातें कर रही है। राज्य में साढ़े तीन लाख से अधिक पद रिक्त हैं, जिसमें दो लाख के करीब शिक्षकों के पद हैं। इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था तथा सरकार की मानसिकता का आंकलन आसानी के साथ किया जा सकता है।महतो रांची के हरमू स्थित आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि विविध विभाग के स्पष्ट मंतव्य के बावजूद सरकार ने स्थानीय नीति और आरक्षण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर दिया। यह झारखंड की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, जनादेश के साथ धोखा है।

योगदा सत्संग महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आज से

रांची : रांची के योगदा सत्संग महाविद्यालय में 17 और 18 अप्रैल को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न खेल स्पद्धाओं में 218 छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

रांची विवि का 36वां दीक्षांत समारोह दो मई को, 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह का आयोजन दो मई को होगा, जहां राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में कुल 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगे, जिनमें 51 विषयवार मेडल शामिल हैं। 13 मेडल बेस्ट और ओवरऑल टॉपर के लिए होंगे। वहीं, 13 मेडल व्यक्ति विशेष के नाम पर होंगे। दीक्षांत समारोह में इस बार ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री (जेनरल कोर्स) का अवार्ड डोरंडा कॉलेज की जयश्री महतो व ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट (जेनरल कोर्स) का अवार्ड निर्मला कॉलेज की सोनी कुमारी को मिलेगा। कुल 77 में 50 गोल्ड मेडल छात्राओं को मिलेंगे। इस सत्र में रांची वीमेंस कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज, ऑटोनोमस का दर्जा रहने के कारण शामिल नहीं हैं।

इनको मिलेंगे ओवरऑल बेस्ट में गोल्ड मेडलः जयश्री महतो (मास्टर डिग्री), प्रतीक कुमार सिंह (प्रोफेशनल कोर्स), कुमार निशांत (मेडिसीन सर्जरी), सोनी कुमारी (जेनरल कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स व साइंस), निशा कुमारी (सोशल साइंस), शिवांगी आर्या (ह्यूमिनिटिज), रूपा कुमारी (कॉमर्स), अभिप्रीत भट्टाचार्या (एमबीबीएस), दिव्या जायसवाल (लॉ), अंजलि कुमारी (एजुकेशन), रीता महतो (नर्सिंग), रूपा कुमारी (प्रेम कुमार पोद्दार गोल्ड मेडल कॉमर्स), दिव्या जायसवाल (देवी प्रसाद मेमोरियल गोल्ड मेडल एलएलबी), सुखवंती लुगून (इतिहास, एसटी), संध्या कुजूर (मानवशास्त्र, एसटी), डॉली कुमारी (सोशल साइंस), रोजी शर्मा (भौतिकी), सरवरी परवीन (भूगोल), महिमा झा (मनोविज्ञान), उत्कर्ष (एमडी), रोस्ती लकड़ा (राजनीतिशास्त्र) व आदर्श राज सिंह (भूगर्भशास्त्र)।

पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। नवीन पुलिस लाइन रांची में दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का समापन रंगारंग समारोह में किया गया, जिसमें पांच जिलों की पुलिस टीम ने भाग लियारांची, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा और खूंटी जिला की टीम भाग लिया।समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ, पुलिस अधीक्षक खूंटी अमन कुमार, पुलिस अधीक्षक गुमला डा एहतेशाम वकारिब, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा आर रामकुमार, पुलिस अधीक्षक नगर शुभ्रांशु जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक मुख्यालय (मूमल राजपुरोहित, प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक ऋतिक श्रीवास्तव सहित पुलिस उपअधीक्षक नगर, कोतवाली, बेड़ो, बुंडू, डीएसपी यातायात, सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक, सुबोध गुप्ता, आनंद राज खलको और अन्य सभी सार्जेंट शामिल थे। खेलकूद समापन समारोह में सभी 05 टीम का मार्च

पास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें मेजबान टीम रांची जिला थी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बिरथरे ने खेलकूद प्रतियोगिता की परम्परा और महत्व की आवश्यकता को बताया, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नौशाद आलम ने खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को शुभकमाना दी ,खेलकूद प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को खेलभावना से भाग लेने के लिए हार्दिक बधाई दी।

खेलकुद समापान समारोह के पश्चात पुलिस लाइन के युसी झा में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 400 लोगों ने शिरकत की, जिसमें सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

आदिवासियों की हडपी हुई जमीन वापसी को लेकर आदिवासी हुए गोलबंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । आदिवासी जन परिषद की बैठक केंद्रीय धूमकुडिया सभागार करम टोली में अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन अभय भुट कुवर ने किया। इस बैठक में आदिवासी जन परिषद की संगठन मजबूती प्रदान एवं आदिवासियों की हडपी हुई जमीन वापसी एवं आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार एवं स्थानीय नीति पर विशेष रूप से चर्चा हुईद्य इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय एवं प्रस्ताव पारित की गई।

आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार लागू करने हेतु पेसा कानून पांचवी अनुसूची, समता जजमेंट आदिवासियों की धार्मिक जमीन की लूट धर्मकोड सहित अन्य विषयों पर झारखंड में लागू करने हेतु महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से आदिवासी जन परिषद के 31 सदस्य प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर मांग पत्र जून महीने 2023 मे सौपेगी।इस बैठक में अभय भूट कुमार, प्रकाश मुंडा, शत्रुघ्न बेदिया श्यामसुंदर करमाली,कृष्णा मुंडा, एमआर माझी,राजेश बेतिया,संजय बोदरा, प्रदीप खलखो, हरिलाल बेदिया परमेस्वर मुंडा,अक्षय कुमार भोक्ता शामिल हुए।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पेज 4

90 गांवों के ग्रामीणों ने जंगल बचाने एवं आग ना लगाने को लेकर किया जागरूकता अभियान रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : कोडरमा जिला अंतर्गत स्वावलंबन की राह पर चलने वाले 90 गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव एवं आस पास जागरूकता अभियान रैली चलाया। आए दिन सुनने व देखने को मिलता है की जंगलों में किसी ने आग लगा दिया, वर्तमान समय में आग लगने का सबसे बड़ा कारण महुआ है, महुआ चुनने के चक्कर में कुछ लोग आगजनी करते है, ऐसी स्थिति में पेड़, पौधे तथा जंगली जीव जंतुओं

पर एवं समूचे मानव जीवन पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है ! ऐसी स्थिति में जंगल बचाने को लेकर लोगो के चेतना को बढ़ाना एवं उन्हें जागरूक करना बहुत जरूरी है ! इस अभियान में लक्ष्मीपुर, कालीडीह, देवपुर, बनपोक, शेरसिंहा, अरकोशा, रेघवाताड़, चोरीचट्टान, कंझाटाड़, कोटवारडिह, भूलाडीह, खैरीडीह आदि अन्य गांवों में भागीदारी दिखाया। इस अभियान को धरातलीय स्तर पर सफल बनाने में जेएसएलपीएस कर्मी, मनरेगा कर्मी, वन विभाग के कर्मी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग रहा। उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह ने कोडरमा जिले अंतर्गत ग्रामीणों से जंगल बचाने को लेकर आह्वान किया, जिसका सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखा। कोडरमा जिला अंतर्गत सभी प्रखंड अंतर्गत कुल 90 गांवों के ग्रामीणों ने मिलकर अपने गांव और आस पास के नजदीकी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान रैली निकाला, जिसमे बच्चों से लेकर बुजुर्गो ने बढ़चढ़ कर भागीदारी दिखाया, कई गांवों के बच्चों और युवाओं ने इस संदर्भ में नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत भी किये।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने ग्रामीणों के द्वारा जंगल बचाने के इस मुहिम की खूब सराहना किए, उन्होंने कहां की सही मायनों में ग्रामीणों के सहयोग से ही जंगल को बचाया जा सकता है।

रीत, नीत, गीत बचाए रखना ही मुख्य उद्देश्य : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के बरवादाग पंचायत में आयोजित सरहुल मेला में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंडी भावना को अगर स्थापित करना है तो अपनी रीत, नीत और गीत को बचाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रामदयाल मुंडा की उक्ति जे नाची से बांची को चरितार्थ करती हैं ये आखरा, कला संस्कृति को बचाए रखना बहुत ही जरूरी है।

कार्यक्रम में उनके साथ सरना समिति के चारी दीदी, पंचायत समिति जोन्हा सह जिला सचिव दिलीप बेदिया, मुखिया बरवादाग सारथी देवी, पंचायत समिति सरनी देवी, प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, पूर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा सोनाराम मुंडा, निर्मल बेदिया, बुधराम बेदिया, चंद्र भूषण लोहरा, सुदामा प्रजापति, एजाज अंसारी, संतोष पातर, गुलाम रसूल, हरिहर सिंह मुंडा, प्रेम लाल मुंडा, बीरेंद्र सिंह मुंडा, विपिन सिंह मुंडा सहित सैकड़ों संस्कृति प्रेमी उपस्थित थें।

विशाल उरांव बने 12 पाड़हा राजा

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली जतरा बगीचा में रविवार को 12पाड़हा राजा गांव 12 पाड़हा, 10 पाड़हा ,8पाड़हा,21पाडहा का संयुक्त रूप से बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 पाड़हा राजा के रुप में विशाल उरांव को चुना गया। सभी पाड़हा प्रेमियों ने भव्य रूप से स्वागत किया। जिसमें जोसेफ मिंज ,पीटर तिर्की , गोपाल उरांव, बंधना उरांव ,सुबोध लकड़ा, मक्का उरांव लैंपस अध्यक्ष चरवा उरांव, कृष्णा यादव ,लखो महतो सूका पाहान, दिलीप उरांव, झुबा उरांव,जसमनी उराईन, प्रीति तिर्की ,महाकाल लोहरा, विश्वनाथ लोहरा, गोविंद गोप,बलेश्वर गोप , विशेश्वर, हजाम, सुखदेव भगत ,मनोज भगत, योगेंद्र कश्यप, जगरनाथ भगत, बिरसा उरांव , सभी पाड़हा गांव के पाड़हा प्रेमियों ने भाग लिया।

सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़मु रोड दुमदुमिया टोंगरी के समीप सड़क दुर्घटना में तिगोईअम्बाटोली निवासी 23 वर्षीय जयप्रकाश महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार जयप्रकाश महतो किसी काम से मांडर आए थे घर वापसी के क्रम में दुमदुमिया टोंगरी के पास सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मारा और गिर गया। घटना शनिवार शाम 8ः00 बजे का बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने घायल को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया।

गर्मी और धूप से लोग बेहाल

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोडरमा जिले मे भीषण गर्मी से आम लोग परेशान है गर्मी प्रतिदिन अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है जिसके कारण लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जो लोग भी वह किसी तरह जल्दी-जल्दी अपना काम निपटा कर घर में दुबकने को मजबूर है। रविवार को 40 डिग्री पारा पहुंच गया प्रतिदिन पारा बढ़ती जा रही है जिधर देखो उधर पसीना से तर बतर हो जाते हैं, राहत कहीं नहीं मिल पा रही है खेत सूख गए हैं और पानी के लिए आकार मचा है, कड़ी धूप से लोग परेशान पिछले कई महीनों से हो रही धूप के कारण लोग परेशान हैं ।

उपकारा खूंटी में जेल अदालत एंव कानूनी जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा राँची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा उपकारा खूंटी में जेल अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अदालत में बहुत सारे कैदी अपने 2 लंबित मामलों की जानकारी हासिल किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी कैदियों का विचारन बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी लोग अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने-अपने वाद को जल्द से जल्द निपटारा करवाएँ

डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि ÷ सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने 2 मामले के बारे जानकारी रखना आपका हक है आपको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़ें। आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने-2 अन्दर दबी हुई प्रतिभा को जगाएँ और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने पढ़ने की आदत डालें। इस कार्यक्रम में डालसा आपकी मदद करेगी। आप स्वस्थ रहें व्यस्त रहें, इसकी शुभकामना÷ । डालसा, एलएडीसी चीफ राजीव कमल ने कहा कि डालसा की ओर से सभी मामले की कार्यवाही अब एलएडीसी के द्वारा निष्पादन किया जा रहा है, अब कोई भी कैदी बिना अधिवक्ता नहीं रह सकता है। इस कार्यक्रम में, डालसा सचिव, मनोरंजन कुमार, डालसा, एलएडीसी चीफ राजीव कमल, उपकारा खूँटी, के कारा अधीक्षक, डलसा के पी0एल0वी0, एवं कारा के कर्मचारीगण एवं जेल के पी. एल. वी. उपस्थित रहे।

चालान रहने के बावजूद डंपर जप्त किए जाने को लेकर खूंटी क्लब में वाहन मालिक हुए गोरबंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : आज रविवार को खूंटी क्लब में वाहन मालिकों की एक बैठक की गई जिसमें बताया गया कि डंपर को खनन पदाधिकारी द्वारा जप्त कर लिया गया है जबकि वाहन चालक के पास चालान उपलब्ध था। चालान खनन पदाधिकारी को समर्पित करने के बावजूद कोई बात नहीं सुनी गई। इस संबंध में कल सोमवार को उपायुक्त खूंटी को एक आवेदन देकर न्याययीक जांच की मांग की जाएगी। इस अवसर पर बुद्धेश्वर गोप धर्मेंद्र गोप विकास मिश्रा प्रकाश लहरी कुलदीप सिंह प्रकाश साहू रंजीत महतो मोहम्मद सलीम खान अनवर अंसारी अभिजीत गोप सुभाष महतो महेंद्र महतो पप्पू खान नौशाद आलम आदि लोग उपस्थित थे।

जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में खलारी एवं बुढ़मू प्रखण्ड से शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस के तत्वावधान में रविवार को पुराना विधानसभा मैदान धुर्वा में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश काँग्रेस सचिव इंदिरा देवी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता खलारी एवं बुढ़मू प्रखण्ड से शामिल हुए। खलारी में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जिसके बाद वाहनों में सवार होकर जय भारत सत्याग्रह में षामिल होने के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खलारी प्रखण्ड से राजेश सिंह मिंटू, साबीर अंसारी, विक्की सिंह, बाबू खान, गोपाल सिंह, मुन्ना देवी, संजय राम, तजमुल अंसारी, जाहिर अंसारी, मनोज यादव, राजा केसरी, सुधीर सिंह, मिथलेश गुप्ता, संजय बैठा, दिलीप मुंडा, प्रेम साहू, ज्ञान रंजन साव, अनिता देवी, सुधा झा, रिंकी देवी, शिला देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता षामिल है। वहीं बुढ़मू से जाकिर अंसारी, सदन साहू, बालेश्वर यादव, रण्ठेश्वर गिरी, तौक़ीम अंसारी, मनोज यादव आदि शामिल थे।

भाजयुमो द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली राजा टोला दुर्गेश लॉज में सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के निमित्त भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,सिल्ली द्वारा रविवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में मेडिकल हेल्थ चेक अप कैंप लगाया गया! जिसमें लगभग 130 लोगों का मुफ्त में स्वास्थ्य जांच और इलाज किया गया!एवं उनको

मुफ्त मे दवाएं भी दी गई।इस कार्यक्रम में सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू,भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो ,जिला कार्यक्रम प्रभारी आशीष बर्मन, डॉ विवेक कुमार, सुनंदा जयसवाल, रंजीता जी, गायत्री कुमारी, राजेश राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : जयराम कोंचिग सेंटर बीसा के तत्वावधान में वीर शहीद जीतराम बेदिया के 23 अप्रैल शहादत दिवस के उपलक्ष्य में बालक-बालिका मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बिसा मुखिया मंजूती देवी मुखिया प्रतिनिधि रोहित बेदिया गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा , ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया,ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक, सत्यदेव मुण्डा , उप मुखिया संजय भोगता बीसा पंसस मनेशवर मुण्डा आदि ने गेतलसूद

चौक से बीसा जीतराम चौक के लिए फीता काटकर एवं हरा झंडा दिखा कर रवाना किया । मैराथन दौड़ में बालक वर्ग के लिए पांच किलोमीटर एवं बालिका वर्ग के लिए तीन किलोमीटर तक दूरी तय करना था बालक वर्ग में पचास एवं बालिका वर्ग में तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान संजय महतो गेतलातू रांची, द्वितीय स्थान प्रेम कुमार महतो तृतीय स्थान अमर बेदिया ने हासिल किया बालिका वर्ग के प्रथम स्थान शंकरी कुमारी ओबर हा ड़रा बेड़ा,द्वितीय स्थान लक्ष्मी कुमारी, हाड़राबेड़ा, तृतीय स्थान फुलमनी कुमारी हाड़राबेड़ा ने हासिल किया सभी सफल प्रतिभागियों को 23 अप्रैल अमर शहीद वीर जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर बीसा में कार्यक्रम आयोजित कर पुरूस्कृत किया जाएगा मैराथन दौड़ को सफल करने में , शिक्षक जयराम बेदिया, युकेश्वर बेदिया, रोहित बेदिया, महेश बेदिया बिभीषन बेदिया,सहीराम बेदिया,सोनाराम बेदिया पीकेश्वर बेदिया रामदेव बेदिया केशो बेदिया, का सराहनीय योगदान रहा ।

चान्हो के तरंगा जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चान्हो : चान्हो प्रखंड क्षेत्र के तरंगा जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे आसपास के सैंकड़ों रोजेदार लोग उपस्थित होकर एक साथ रोजा इफ्तार किया। रविवार को रमजान-उल-मुबारक के 24 वां रोजा एवं मुकम्मल तरावीह के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे तरंगा जामा मस्जिद के मौलाना असदुल्लाह कासमी ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है, जो शख्स रोजेदार को इफ्तार

कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन, राज्य की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर जामा मस्जिद सदर जावेद खान सरपरस्त सदर जनाब हाजी मुंसफ खान सिक्रेट्री अयुब खान पंचायत समिति सदस्य तबरेज खान असफाक मियां जिलानी खान सयूब खान हसन खान ताहिर खान तौकीर खान इर्साद मियां जयाउल खान नेमतुल्लाह मियां इमरोज खान रहबर खान खालिद अंसारी अतीक मियां सेनामुल खान मोजफर खान नेहाल मियां अमीर हमजा सेराज खान यासिर खान सलीम खान इसके अलावा बहुत से लोगों ने भी शामिल हुए।

शपथ पत्र

मैं मेघनी देवी पति स्व जगु राउत ग्राम चौंगाखार,पोस्ट करमा थाना बिरनी जिला गिरिडीह का निवासी हूं । शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि :-

1.यह कि मेरी उम्र लगभग 78 वर्ष है ।

2.यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 6311 6773 1279 में एवं भोटर काड सख्या HZW0513192 में एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा पेशम के खाता संख्या 478610110004669 में मेरा नाम मेघनी देवी दर्ज है जो सही नाम है ।

3.यह कि मेरे पति के नाम से L.I.C. के पॉलिसी संख्या 543842028में मेरा नॉमनी में नाम गलती से (SOHADRI DEVI) दर्ज हो गया है।

4.यह कि उपरोक्त लिखित दोनों नामों का एक ही महिला है जो स्वयं में हूँ मेरे सिवाय कोई और अन्य महिला नहीं है।

5.यह की शपथ पत्र में अपने दोनों नामों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रही हूँ ।

मैं मेघनी देवी पति स्व जगु राउत घोषणा करती हूं कि उपरोक्त लिखित सभी बातें सही सत्य दुरुस्त है ।

आदिवासियों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए बाध्य करना बंद हो : दुर्गा कच्छप

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : सरना धर्म सोतो÷ समिति, बिरबंकी तत्वावधान में रविवार को सरना धर्म महासम्मेलन आयोजित किया गया. धिरजु मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व विनय पहान की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अथिति अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष दुर्गा कच्छप और विशिष्ट अथिति बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा रहे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो प्रकृति आधारित है परंतु

जनगणना परिपत्र में सरना धर्म कोड न होना मूल आदिवासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है. आजाद भारत में भी जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अब तक अनदेखा किया जा रहा है. सरना धर्म कोड आवंटित न करके आजाद भारत में आदिवासियों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है. आजाद भारत में धर्म कोड आवंटित था परंतु बाद में उसे हटा देना मूल आदिवासियों के लिए असहाय पीड़ा बन गया है. अत÷ भारत सरकार सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें. इस अवसर पर विशिष्ट अथिति सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. उन्होंने न केवल जल-जंगल-जमीन व अबुआ÷ दिसुम अबुआ÷ राज के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध डटकर लड़ा, बल्कि समाज में व्याप्त धार्मिक रूढ़ियों व सामाजिक अंधविश्वासों के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया. हिंसा, बलि व नशापान जैसे बुराईयों से दूर रहने की सलाह दी. उन्होंने जादू-टोना, डाइन-बिसाइ व भूत-प्रेत को मन का भ्रम बताया. उन्होंने सिंडबोंगा की पूजा करने की अपील की तथा मूल धर्म %सरना% को सुसंगठित बनाने का अहवान किया. इस तरह उन्होंने धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन को न्योछावर किया. अत÷ हमें उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर संकल्प लेने की जरूरत है.

इस तरह के आयोजन से किसी भी संस्था की समाज के प्रति झलकता है समर्पण का भाव : एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : खूंटी क्लब अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए रांची के प्रसिद्ध श्री गणेश आई हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को क्लब सभागार में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में शहर के 140 लोगो ने आंखो की जांच कराया। इससे पूर्व शिविर का उदघाटन जिले के एसपी अमन कुमार एवं डॉ अमित जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि एसपी अमन कुमार ने क्लब के कार्यो की सरहाना करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से किसी भी संस्था की समाज के प्रति समर्पण का भाव झलकता है। निःसंदेह खूंटी क्लब अपने उदेश्यों को आगे बढ़ाता रहे यही हम सब कामना करते है। उन्होने क्लब के पदाधिकारियों से इस तरह का आयोजन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में करने की अपील की। एसपी ने कहा की सामाजिक कार्यो में जिला पुलिस भी सहयोग को तैयार है। उन्होने कहा की सामाजिक कार्यो के लिए हमारे थाना कैंपस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ अमित जायसवाल ने कहा की आंख इंसान का महत्वपूर्ण अंग है। इसके प्रति लापरवाही बिल्कुल भी ना करें। डॉ जायसवाल ने कहा की आज नई नई टेक्नोलॉजी के आ जाने से आंखों का इलाज सरल व सहज हो गया है। उन्होने बताया की बहुत जल्द जिले के मुरहू में नेत्र जांच शिविर लगाने की बात कही। इससे पूर्व आगत अतिथियों का क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद एवं सचिव गणपत कुमार भगत ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्लब के प्रवक्ता ओमप्रकाश मिश्रा ने अतिथियों को क्लब के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुए कहा की खूंटी क्लब शुरू से सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भागीदारी करती रही है। तत्पश्चात शाम चार बजे तक चले इस शिविर में 140 से अधिक महिला पुरूषों ने आंखो की जांच करवाया। श्री गणेश आई हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ अमित जायसवाल व उनकी टीम द्वारा आंखो की जांच में सहयोग किया। और मोतियाबिंद पाये गये लोगो को रांची आकर ऑपरेशन कराने की बात कही। शिविर को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, सचिव गणपत कुमार भगत, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष भोलानंद तिवारी,किशोर साहू, मदन मिश्रा,कृष्णा मिश्रा,प्रदीप पांडेय, राजु गुप्ता,महेश चौधरी,संजय मिश्रा, श्याम किशोर भगत,अजय गुप्ता, अनूप साहू,अशोक गुप्ता,मनोज लाल, बजरंग साहू,प्रदीप भगत, अरूण महतो आदि सहयोग किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पेज 5

अमृत ग्राम विकास का बनकुंचिया में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : अमृत ग्राम विकास संस्था द्वारा रविवार को पटमदा के बनकुंचिया मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 185 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान 75 मरीजों की ईसीजी जांच की गई। जबकि सभी लोगों की ब्लड शुगर की जांच भी की गई। शिविर का उद्घाटन बनकुंचिया पंचायत के मुखिया गुरुचरण हेम्ब्रम व ग्राम प्रधान सागर महतो ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अमृत ग्राम विकास के कोषाध्यक्ष विशाल महतो, संरक्षक अखिलेश सिंह, सुकांत बारी, रामबहादुर सिंह, मनीष महतो व अनीश महतो ने सराहनीय योगदान दिया। मेडिकल टीम में उमा स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल मानगो के चिकित्सक डॉ आदित्य प्रसाद, राहुल कुमार, आदि थे।

उपायुक्त ने बनमाकड़ी अस्पताल के सभी स्टेक होल्डर के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कहा

ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उपायुक्त विजया जाधव ने सिविल सर्जन, बीडीओ गुड़ाबांदा, बनमाकड़ी अस्पताल का संचालन कर रहे विकास भारती संस्था के प्रतिनिधि, एमओआईसी व बीपीएम बहरागोड़ा, डुमरिया, मुसाबनी व अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक कर अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। शनिवार से अस्पताल में शुरू हुई प्रसव की सुविधा पर उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बहुत कम समय में स्वास्थ्य सुविधाओं को बहाल किया गया है इसके लिए सिविल सर्जन और बीडीओ तथा संचालक के साथ साथ सभी प्रतिनियुक्त चिकित्सक व कर्मी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अस्पताल में जन्मे पहले बच्चे का नामकरण करते हुए उद्भव नाम रखा है। उपायुक्त द्वारा सीडीपीओ, सुपरवाइजर, एनआरएचएम के बीपीएम, सहिया तथा जेएसएलपीएस के माध्यम से भी लोगों के बीच बनमाकड़ी कल्याण अस्पताल में प्रसव सुविधा शुरू होने की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने की बात कही। बीडीओ गुड़ाबान्दा को सास बहू सम्मेलन करने के सुझाव दिये जिसमें गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों के उचित खानपान, स्वास्थ पर बात किया जाएगा। जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली 1400 रुपये की सहायता राशि देनी हो या गर्भवती को अस्पताल लाने वाली सहिया को 300 रु की राशि उपायुक्त ने सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश बनमाकड़ी अस्पताल आने वाले मरीजों को दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि वैसे तो एम्बुलेंस की सुविधा अस्पताल लाने के लिए है लेकिन अपनी गाड़ी से भी गर्भवती महिला के आने पर उनके साथ आने वाले को 250 रु. देने का प्रावधान है जो इस अस्पताल में लागू कर रहे हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को कैसे और बेहतर किया जा सकता है इसपर विस्तृत चर्चा हुई, सिविल सर्जन द्वारा टीबी जांच के लिए आवश्यक मशीनी उपकरण व अन्य सहयोग उपलब्ध कराने को लेकर आश्वस्त किया गया।

केंद्र सरकार के महंगाई व बेरोजगार नीति के खिलाफ कांग्रेस का नुक्कड़ सभा

टाटा फाऊंड्री कॉलोनी के कई लोगों ने लिया कांग्रेस का सदस्यता

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के आह्वान पर वर्मामाइन्स मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में टाटा फाऊंड्री कॉलोनी में भाजपा सरकार के बेतहासा महंगाई एवं बढ़ती बेरोजगार नीति के खिलाफ नुक्कड सभा का आयोजन टाटा फाऊंड्री कॉलोनी में देवेन्द्र नाथ बनर्जी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आम जनता को मोदी सरकार ने अपने जाल में जकड़ लिया है। मोदी जी के राज में बेतहासा महंगाई थोपा जा रहा है, और जनता कराह रही है। जब जब जनता आवाज उठाने की कोशिश करती है, तो जनता को महंगाई के मार से कुचल दिया जा रहा है। अब जनता जागे हम कांग्रेस पार्टी के नेता महंगाई के खिलाफ नुक्कड पर पहुँच कर आप के दुख दर्द को सुनेंगे। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने टाटा फाऊंड्री कॉलोनी निवासी देवेन्द्र नाथ बनर्जी, तरूण बनर्जी, स्वरूप

प्रधान, चंदन सिंह, कुंदन कुमार सिंह, रघुनन्दन सिंह, सत्या सौरभ, अजय दास, पवन दास, साजन दास, महेंद्र सिंह, सत्येन्द्र तिवारी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सदस्यता रशीद प्रदान कर तथा माला पहनाकर विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कांग्रेसजनों को आह्वान किया कि अगामी 19 अप्रैल को लोकतंत्र के रक्षार्थ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन, घेराव एवं जनसभा आयोजित कर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का सदस्यता रद्द करने के विषय तथा अडानी मोदी साठ-गाँठ पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। नुक्कड सभा में सर्वश्री जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, भारतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, अशोक सिंह क्रांतिकारी, देवेन्द्र नाथ बनर्जी, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अरूण सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह, देवाशीष घोष, काशीनाथ गिरी, संजय झा संत, राजकुमार वर्मा, शक्तिजी ने भी अपने विचारों को रखा। नुक्कड सभा में बड़े पैमाने पर कॉलोनी वासी उपस्थित हुए।

अग्नि पीड़ित दुकानदारों से मिले पुरेंद्र

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): गम्हरिया के अग्नि पीड़ित दुकानदारों से रविवार दोपहर में नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण मिलने पहुंचे और हालात का जायजा लेकर उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए दुःख की घड़ी में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद स्थानीय पार्षद सिद्धनाथ सिंह को अग्निपीड़ित दुकानदारों के क्षतिग्रस्त हुए सामग्री की सूची तैयार करने को कहा। पुरेंद्र ने कहा कि वे सोमवार को गम्हरिया सीओ से मिलेंगे और अग्नि पीड़ित दुकानदारों को आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ी तो वे दुकानदारों की समस्याओं को लेकर डीसी से भी मिलेंगे।

तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए सांसद विद्युत महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के वीरग्राम के हरि मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर सांसद विद्युत महतो ने भी हरिनाम संकीर्तन में लिया हिस्सा। इस बाबत गांव के ग्राम प्रधान सुंदर लाल दास ने कहा कि गांव में सुख शांति और समृद्धि को लेकर 72 घंटे का हरिनाम संकीर्तन शुभारभ की गई है जिसका समापन मंगलवार को सुबह नौ बजे होगी। इस मौके पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सुंदर लाल दास, आशुतोष दास, प्रफुल्ल्रो दास, हिमांशु दास, शंभू नाथ दास, गुरू पदो दास ने अहम योगदान दिया।

जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के आठवें वीकेंड में जेपीएस की कार्मेल पर 5-0 से आसान जीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पब्लिक स्कूल ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में अपना अच्छा फॉर्म जारी रखा. उनकी अंडर 9 टीम ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के आठवें वीकेंड में कार्मेल जूनियर कॉलेज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की. झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी, जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाता है। जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के

आठवें वीकेंड में लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया, जो पिछले सप्ताह की संख्या में सुधार है, जो वीकेंड टूर्नामेंट की लोकप्रियता को दर्शाता है.

जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के आठवें वीकेंड के परिणाम इस प्रकार हैं

अंडर5 श्रेणी- टारगेट एफसी 5-5 जमशेदपुर कोल्ट्स, मार्डी एंगल्स 1-5 ब्लैक पैंथर, वकंडा की सेना 2-0 गर्ल्स युनाइटेड, लोयोला टिक-टोक 0-3 डायमंड एफसी। अंडर 7 श्रेणी- व्हाइट निन्जास 5-0 एलपीएस टाइग्रेस, गर्ल्स सॉकर 0-4 फीयरलेस गर्ल्स, गोल्डन बॉयज 6-0 एलपीएस पैंथर्स। अंडर9 श्रेणी- लोयोला एवेंजर्स 2-2 जेपीएस टाइगर्स, कार्मेल वॉरियर्स 0-5 जेपीएस जूनियर्स। अंडर11 श्रेणी- स्ट्रिंग स्ट्राइकर्स 4-3 जेपीएस किंग्स। अंडर13 श्रेणी- कार्मेल ब्लास्टर्स 2-1 जमशेदपुर सुपर किंग्स।

झारखण्ड मजदूर यूनियन ने बीको मोड़ में खोला पनशाला

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड मजदूर यूनियन की ओर से औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के बीको मोड़ में रविवार को पनशाला खोला गया। इस पनशाला का उदघाटन यूनियन के अध्यक्ष सुनील गोराई ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह पनशाला प्रतिदिन इस भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में डयूटी करने वाले मजदूरों एवं आम राहगीरों का प्यास बुझाने में उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर राहगीरों के बीच चना व गुड़ का वितरण किया गया। इस मौके पर यूनियन के महासचिव सन्त सिंह सरदार, उमेश महतो, प्रफुल्ल महतो, सुखदेव कुम्हार, राज महतो, रवि सरदार, नरेश लोहार, मुकेश महतो, मनोज मुण्डा आदि उपस्थित थे।

भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय साकची में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आम बगान साकची में पांच दिवसीय शिविर के चौथे दिन संध्या में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलवंत सिंह बंटी भारत स्काउट गाइड के झारखंड राज्य के उपसभापति ने उपस्थित होकर विधिवत एंपायर का उद्घाटन किया साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन सिंह वालिया पूर्व गुरुद्वारा प्रबंधक सह समाजसेवी ने शिरकत की। जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार ने इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की रिपोर्ट मुख्य अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की। इस शिविर में बच्चों ने अपने अपने स्तर से अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तीन दिन से चल रहे शिविर में बच्चों ने शिविर में रहकर प्राथमिक उपचार ,आत्मरक्षा ,अनुमान लगाना, आग जलाना ,कंपास भोजन पकाना ,नोटिंग,लेसिंग इत्यादि विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीबीएमएस कदमा ,चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क,सेंट्रल पब्लिक स्कूल , कॉन्वेंट स्कूल, ए डी एल एस सन साइन, एवम् जुस्को स्कूल साउथ पार्क के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता मिश्रा ,हरिंदर कौर, ममतेश्वरी, मनोरमा महापात्र,रीति झा ,रंजीता कौर ,उदित नारायण, धीरज रंजन,पूजा, सुमन , अंसिका, ध्रुव शेखर ,सुंदर एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मोहन सिंह की स्मृति में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : शहर से प्रसारित एससीसीएन न्यूज के संस्थापक स्व. मोहन सिंह की स्मृति पर साकची के न्यूबारी मैदान क्लब हाउस में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन दीप जलाकर व स्व. मोहन सिंह के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खां, पूर्व विधायक अरविंद सिंह के भतीजे अंकुर सिंह मौजूद थे। मौके पर उपस्थित कई अतिथियों ने रक्तदान कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया.

अचानक आग लगने से आठ दुकान जलकर खाक, लाखों का नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : बीते शनिवार की देर रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के समीप बोलायडीह मार्ग पर अचानक आग लग जाने के कारण वहां स्थित आठ दुकानें जलकर राख हो गई। इस आगलगी में उन दुकानों में रखे लाखों रुपए के सामान समेत हजारों नकद रुपए भी जल गया। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस, अग्निशमन विभाग समेत आग लगे दुकानों के संचालकों को दी। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस और झारखंड अग्निशमन विभाग के दमकल द्वारा अथक प्रयास के बाद उक्त भीषण आग पर काबू पाया गया। किन्तु तबतक सभी दुकानें व सामान जलकर राख हो चुकी थी। इस आगलगी में सबसे अधिक क्षति मुन्ना पेपर एजेंसी के संचालक मुन्ना साहू को हुई। उसने बताया कि इस आगलगी में करीब पांच लाख की क्षति हुई है। मनोज कुमार, वर्फी देवी, परशुराम, दिनेश गोराई, रमेश चाय दुकान, रंजीत दास का दुकान जल गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पास से गुजर रहे झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड के बिजली के तारों या जुस्को के विद्युत तारों के शॉट सर्किट होने के कारण यह आग लगी। घटना की जानकारी मिलते ही गम्हरिया बाजार कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गोराई और महिला समाज सेविका पार्वती किस्कु मौके पर पहुंचकर जले दुकानों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा देने की मांग किया है। गोराई ने बताया कि सोमवार को दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल गम्हरिया के सीओ से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत कराएगा।

यूरेनियम मजदूर यूनियन महासचिव बने रमेश अध्यक्ष बने चंपाई के पुत्र बाबू लाल सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : यूसील की मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन का आज रविवार को सामुदायिक केंद जादूगोड़ा में वार्षिक आम सभा हुई। वार्षिक आम सभा में सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन का तीसरी बार महासचिव चुने गए रमेश माझी जबकि अध्यक्ष बने झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबू लाल सोरेन।नवनिर्वाचित यूनियन महासचिव रमेश माझी ने कहा कि यह चुनाव अगले तीन सालों के लिए मान्य होगा।कमिटी मेंबरों के आर्शीवाद से बीते 2016 से रमेश माझी झारखंड मुक्ति मोर्चा संबंधित यूसील की मान्यता प्राप्त

श्रमिक सगठन सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन के महामंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। तीसरी बार महासचिव चुने जाने के बाद रमेश माझी ने कहा कि अगले रविवार तक कमिटी का विस्तार कर लिया जाएगा। इस वार्षिक आम सभा में जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, बाग जाता, तुरामडीह, महुलडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट के यूनियन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

डीसी ने मुसाबनी सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत पीडीएस गोदाम, केजीबीवी का औचक निरीक्षण के बाद उपायुक्त विजया जाधव शनिवार देर रात सीएचसी मुसाबनी का निरीक्षण करने पहुंचीं। मौके पर एमओआईसी, बीपीएम आदि उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा अस्पताल परिसर, वार्ड की साफ सफाई तथा ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली गयी साथ ही सूर्याबेड़ा के मलेरिया पीड़ितों से मिलकर उनके सेहत में सुधार से अवगत हुई। गौरतलब है कि तीन दिन पहले सुदूर सूर्याबेडा गांव में मलेरिया के कई मरीज सामने आने पर शुक्रवार को एमओआईसी दल बल के साथ सूर्याबेड़ा पहुंचे थे। गांव में 10 लोग मलेरिया पीड़ित मिले, जांच में पीएफ मलेरिया से सभी प्रभावित पाए गए जो घातक होता है। एम्बुलेंस से सभी को सीएचसी लाकर इलाज किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मलेरिया के मरीजों का विशेष ध्यान रखने,

सही खानपान व उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त के आदेशानुसार मलेरिया प्रभावित सूर्याबेड़ा में डीडीटी का छिड़काव एवं मच्छरदानी का वितरण आज किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि अगले 10 दिनों तक मलेरिया पीड़ितों को मॉनिटर किया जाएगा, गांव जाकर भी टीम जांच करेगी कि कोई नए मलेरिया पीड़ित तो सामने नहीं आ रहे।

हरिना मुक्तेश्वर धाम धार्मिक पर्यटक स्थल के रुप में होगी विकसित, हुआ भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : वन पर्यावरण विभाग, जमशेदपुर प्रमंडल की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से पोटका के प्रसिद्ध हरिना मुक्तेश्वर धाम को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। जिसको लेकर आज रविवार को पोटका विधायक संजीव सरदार व डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर डीएफओ ने कहा कि दो सालो में इस धार्मिक पर्यटक स्थल का कायाकल्प किया जाना है। पहले चरण गेस्ट हाउस, फेवर ब्लॉक, चारदीवारी ,वाच टावर दुकान,नर्सरी ,वृक्षारोपण, शौचालय समेत सुरक्षा संबंधित कार्य होगे जबकि दूसरे चरण में पार्क, गार्डेन, सी सी टी समेत अन्य कार्य होने है। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है व आवंटन आना बाकी है। जिसे पूरा करने की

जिम्मेदारी जमशेदपुर वन विभाग को दी गई है। इस मौके पर विधायक संजीव सरदार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षो से इस धार्मिक स्थल को विकसित करने की मांग जनता की ओर से उठती रही है व अब झारखंड अलग राज्य के 21 साल बाद क्षेत्र के लोगों का सपना पूरा हुआ। इस मौके पर प्रखंड के मुखिया, जनप्रतिनिधि समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

बिष्टुपुर गुरुद्वारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

268 मरीजों को मिली मुफ्त दवाइया, नाम्या फाउंडेशन व गुरुद्वारा साहिब टाउन ने संयुक्त रूप से किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : नाम्या स्माइल फाउंडेशन, गुरुद्वारा साहिब जी टाउन तथा फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर जी टाउन बिष्टुपुर स्थित गुरुद्वारा में आयोजित किया गया। इसमें नाम्या स्माइल फाउन्डेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी, प्रधान जी-टाउन गुरुद्वारा बिस्टुपुर प्रकाश सिंह (पप्पी), त्रिलोक सिंह, जनरल सेक्रेटरी जी टाउन गुरुद्वारा बिस्टुपुर, भगवान सिंह, प्रधान, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, शैलेंद्र सिंह, अध्यक्ष

झारखंड स्टेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सीनियर मीत प्रधान चंचल सिंह, उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य शिविर में 268 से ज्यादा लोगों ने जांच करवाया। शिविर की ख़ासियत यह थी कि यह विशेष तौर पर फोर्टिस अस्पताल कोलकाता टीम के सदस्य डॉ. एस जे सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. पंकज कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. अफसाना, दंत चिकित्सक डॉ. आर के साह फिजियोथेरेपी, आई टीम-एएसजी आई हॉस्पिटल बिकेश सिन्हा, कैंप प्रबंधक विकास अग्रवाल, शिविर समन्वयक राहुल कुमार, शुगर टेक्नीशियन विजय कुमार, ब्लड प्रेशर टेक्निशियन राजकपूर प्रसाद, व बीएमआई, हाइट, वेट, शुगर टेक्नीशियन ने रोगियों की जांच के लिए उपस्थित थे। इस जांच शिविर में अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा लोगों की निशुल्क जांच की गई। इस शिविर में पीड़ितों को दवा भी निशुल्क मुहैया कराया गया। जिन मरीज़ों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, उनकी आंखों का ऑपरेशन निशुल्क कराया जाएगा।

दुर्योधन गोप गिरफ्तारी की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच हो : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : बीते गुरुवार रात को गिरफ्तार कर शुक्रवार को आजसू चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप को चांडिल पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने पर आजसू के वरीय नेताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है। आज चांडिल प्रखंड के चिलगु कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए नाराजगी व्यक्त किया। प्रेस वार्ता में आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा चरण महतो आदि मौजूद थे। मीडिया को संबोधित करते हुए आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो

ने कहा कि एक झूठे एसटी/एसएसी मामले में पुलिस ने आजसू प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप को जेल भेजने का काम किया है और यह काम सत्ता के इशारे पर किया गया है। पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए दुर्योधन गोप को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अनेकों मामले में अबतक गिरफ्तारी नहीं हुई हैं, किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। क्या इसका जबाव पुलिस दे सकती हैं कि आखिर क्यों कार्रवाई नहीं हुई हैं। सचिन महतो ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा दो साल पहले आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो को भी झूठे मुकदमे में जेल भेजने का काम किया था और अब प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप को भी उसी तरह के एक झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि झामुमो और विधायक सविता महतो यह सपना देखना छोड़ दें कि झूठे केस मुकदमे करवाने और जेल भेज देने से आजसू पार्टी डर जाएगी। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी, पुलिस के वरीय अधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करती हैं और दुर्योधन गोप को न्याय दिलाने का आग्रह करती हैं। यदि पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करती हैं तो जल्द ही जिले में व्यापक आंदोलन छेड़ दी जाएगी।

संपादकीय

संघ को रोकने की चाल असफल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को रोकने का सपना देखने वाली ताकतों को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी है। तमिलनाडु सरकार अतार्किक बहाने बनाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचालनों पर रोक लगाने के प्रयास कर रही थी। संघ ने राज्य सरकार के पक्षपाती और लोकतंत्र विरोधी निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार के निर्णय को पलट दिया और संघ को पथ संचलन निकालने की अनुमति दे दी। परंतु एन–केन–प्रकारेण संघ को रोकने के लिए तैयार बैठी सरकार कहां उच्च न्यायालय के निर्णय को मानती। सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। लेकिन तमिलनाडु सरकार को यहां भी मुंह की खानी पड़ी। हैरानी होती है कि एक ओर विभिन्न राजनीतिक दल संविधान और लोकतंत्र की बात करते हैं लेकिन व्यवहार ठीक उल्टा करते हैं। हिन्दू और राष्ट्रीय विचार के संगठनों का प्रश्न आने पर तथाकथित सेकुलर समूह किसी तानाशाही की तरह व्यवहार करते दिखाई देते हैं। कई बार तो यही लगने लगता है कि इनके दिखाने के दांत अलग है और खाने के दांत अलग हैं। इन सभी का मूल स्वभाव अलोकतांत्रिक ही है, जो विभिन्न अवसरों पर प्रकट होता रहता है। इस पूरे प्रकरण में तमिलनाडु सरकार के तर्क इतने बचकाने थे कि न्यायालय को राज्य सरकार को उसकी जिम्मेदारी और भूमिका का स्मरण कराना पड़ गया। तमिलनाडु सरकार ने आरएसएस के पथ संचालनों पर रोक लगाने के लिए तर्क दिया कि वह पथ संचालनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए दबाव नहीं डाल रही, बल्कि केवल कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के मुद्दे को उजागर कर रही है। हम पथ संचालनों और जनसभाओं का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन यह हर गली, हर मुहल्ले में नहीं हो सकते हैं। संघ के पथ संचालनों पर हमले हो सकते हैं, इसलिए हम राज्य की कानून–व्यवस्था को ध्यान में रखकर पथ संचालनों को कई स्थानों पर अनुमति नहीं दे सकते। संघ की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने उचित तर्कों के साथ न केवल राज्य सरकार के कुतर्कों को हवा में उड़ा दिया अपितु सरकार को आईना दिखाने का भी काम किया। आखिर कोई सरकार आतंकी हमले की आशंकाओं का हवाला देकर किसी संगठन को शांतिपूर्ण आयोजन करने से कैसे रोक सकती है? इन तर्कों के आधार पर तो राज्य सरकार लोगों का घरों से निकलना भी बंद करा सकती है। सरकार कह सकती है कि इतनी बड़ी आबादी को वह अपराधियों, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं से सुरक्षित नहीं रख सकती, इसलिए सरकार लोगों के घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगाती है। तमिलनाडु की डीएमके सरकार को आईना दिखाते हुए जेठमलानी ने कहा कि "राज्य सरकार एक आतंकवादी संगठन को नियंत्रित करने में असमर्थ है, इसलिए वे पथ संचलन पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं। अगर मुझ पर एक आतंकवादी संगठन द्वारा हमला किया जा रहा है, तो राज्य को मेरी रक्षा करनी होगी"। निःसंदेह, किसी भी प्रकार के हमले से व्यक्ति/संगठन की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। संघ के शांतिपूर्ण पथ संचालनों पर रोक लगाने की अपेक्षा सरकार को सुरक्षा व्यवस्था चौकस करने पर जोर देना चाहिए था। सरकार यदि स्वयं को बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ मानकर चल रही है, तब उसे स्वतः ही सत्ता से बाहर हो जाना चाहिए। दरअसल, सच यही है कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार झूठ और कुतर्क के आधार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को रोकना चाह रही थी। अपनी मंशा को तर्क संगत दिखाने के लिए ही वह तमाम प्रकार के झूठ बुन रही थी। डीएमके को याद रखना चाहिए था कि उससे पहले इस प्रकार के प्रयास कांग्रेस से लेकर अनेक राजनीतिक दल कर चुके हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति का झंडा उठाकर चलनेवाले विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' को अब तक कोई दबा नहीं सका है।

संघ की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने उचित तर्कों के साथ न केवल राज्य सरकार के कुतर्कों को हवा में उड़ा दिया अपितु सरकार को आईना दिखाने का भी काम किया। आखिर कोई सरकार आतंकी हमले की आशंकाओं का हवाला देकर किसी संगठन को शांतिपूर्ण आयोजन करने से कैसे रोक सकती है? इन तर्कों के आधार पर तो राज्य सरकार लोगों का घरों से निकलना भी बंद करा सकती है। सरकार कह सकती है कि इतनी बड़ी आबादी को वह अपराधियों, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं से सुरक्षित नहीं रख सकती, इसलिए सरकार लोगों के घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगाती है। तमिलनाडु की डीएमके सरकार को आईना दिखाते हुए जेठमलानी ने कहा कि "राज्य सरकार एक आतंकवादी संगठन को नियंत्रित करने में असमर्थ है, इसलिए वे पथ संचलन पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं।

अमृत कलश

प्रकृति और परमात्मा

प्रकृति परमात्मा में है, लेकिन परमात्मा प्रकृति में नहीं है। यह विरोधाभासी, पैराडाक्सिकल सा दिखने वाला वक्तव्य अति गहन है। इसके अर्थ को ठीक से समझ लेना उपयोगी है। कृष्ण कहते हैं, सत्व, रज, तम, तीनों गुणों से बनी जो प्रकृति है, वह मुझमें है, लेकिन मैं उसमें नहीं हूं। ऐसा करें कि एक बड़ा वर्तुल खींचें अपने मन में, एक बड़ा सर्किल। उसमें एक छोटा वर्तुल भी खींचें। तो छोटा वर्तुल तो बड़े वर्तुल में होगा, लेकिन बड़ा वर्तुल छोटे वर्तुल में नहीं होगा। प्रकृति तो हमें दिखाई पड़ती है कि असीम है, बहुत विराट; ओर–छोर का कुछ पता नहीं चलता; लेकिन परमात्मा के खयाल से प्रकृति ना–कुछ है। बहुत छोटा वर्तुल है, बहुत सीमित घटना है। ऐसी अनंत प्रकृतियां परमात्मा में हो सकती हैं, होती हैं; बनती हैं, बिखर जाती हैं। परमात्मा के भीतर ही सब कुछ घटित होता है। इसलिए यह ठीक है कहना, सब कुछ मुझमें है, लेकिन मैं उस सब कुछ में नहीं हूं। विराट क्षुद्र में नहीं होता, क्षुद्र तो विराट में होता ही है। लहर सागर में होती है, तो सागर कह सकता है, सब लहरें मुझमें हैं, लेकिन मैं लहरों में नहीं हूं। क्योंकि लहरें न रहें तो भी सागर रहेगा, लेकिन सागर न रहे तो लहरें न बचेंगी। हम सोच सकते हैं, सागर का होना बिना लहरों के, लेकिन लहरों का होना नहीं सोच सकते बिना सागर के। लहरें सागर में ही उठती हैं, सागर में ही होती हैं, फिर भी इतनी छोटी हैं कि उस सागर में उठकर भी सागर को घेर नहीं पातीं। घेर भी नहीं सकती हैं। इस वक्तव्य को देने के कुछ कारण हैं। और साधक के लिए बहुत अनिवार्य है। कृष्ण जब कहते हैं, यह सारी प्रकृति मुझमें है, फिर भी मैं इस प्रकृति में नहीं हूं, तो दो बातें ध्यान में रख लेने जैसी हैं। एक तो यह कि जो परमात्मा में प्रवेश कर जाए, उसमें प्रकृति होगी, लेकिन जो प्रकृति में ही खड़ा रहे, उसमें परमात्मा नहीं होगा। जैसे कि कृष्ण को भी भूख लगती है, और कृष्ण को भी नींद आती है, और कृष्ण के भी पैर में चोट लगती है, तो दर्द और पीड़ा होती है।

बोध कथा

निहारने की गुरुभक्ति

बात उस समय की है जब स्वामी विवेकानंद, स्वामी विवेकानंद नहीं बल्कि नरेंद्र दत्त थे और अपने गुरु के लिए नरेन थे। नरेन अपने गुरुदेव से मिलने रोजाना उनके पास दक्षिणेश्वर आया करते थे। एक बार गुरुदेव रामकृष्ण ने नरेन से बात करना और उनकी ओर देखना भी बंद कर दिया। स्वामी विवेकानंद (नरेन) थोड़ी देर बैठे रहे, फिर गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस को प्रणाम करके चले गए। जब अगले दिन आये तब फिर वही घटना घटी, फिर ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। आखिर में रामकृष्ण परम हंस ने अपनी चुप्पी तोड़ी और स्वामी विवेकानंद से पूछा। जब मैं तुझसे बात ही नहीं करता था, तो तू क्या करने यहां आता रहा। उत्तर में स्वामी विवेकानंद बोले, 'महाराज आपको जो करना है आप जानें, मैं कोई आपसे बात करने ही थोड़ी आता हूं... मैं तो बस आपको देखने के लिए आता हूं।' स्वामी विवेकानंद गुरु को देख-देख कर पूर्णता की ओर बढ़ गये। जीवन में जिसने गुरु को निहारने की कला सीख ली वह हमेशा आगे बढ़ता ही जाता है

प्राकृतिक आपदाओं की मार से फसलों की तबाही को कुदरत का कहर या विधि का विधान मान कर खामोशी से सहन कर लेता है

किसानों की संवेदनाएं समझें सत्ताधीश

प्रताप सिंह पटियाल

हिमाचल के निचले क्षेत्रों में बेमौसम बरसात से 'ब्लॉज्म ब्लाइट' रोग ने आम की पैदावार को भारी नुकसान पहुंचाया है। कृषि अर्थशास्त्र की बुलंद इमारत अन्नदाता अतीत से एक बड़े परीक्षार्थी की तरह जीवनयापन करता आ रहा है। मौसम अपने तल्ख तेवरों व बेरूखे मिजाज से किसान वर्ग की सबसे बड़ी परीक्षा लेता है। फसल तैयार होने पर बाजार नाम की व्यवस्था व उपभोक्ता किसानों की परीक्षा लेते हैं। कभी व्यवस्थाओं में बैठे अहलकार तो कभी सरकारें किसानों की परीक्षा लेती हैं। कृषि उत्पादन में कड़ी मेहनत के साथ धन भी खर्च होता है। महंगे बीज, मशीनीकरण, खाद व कीटनाशक किसानों का आर्थिक पक्ष कमजोर करते हैं।

आमतौर पर मशविरा दिया जाता है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती लेकिन यदि वास्तव में इनसान किसान की भूमिका में हो तो कृषि व्यवसाय में मेहनत भी शिकस्त का दंश झेलने को मजबूर रहती है। मार्च व अप्रैल महीने में रबी की फसल पूरे शबाब पर होती है। मगर मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि के कहर ने किसानों व बागवानों की कई महीनों की मेहनत पर पानी फेर कर किसानों को मायूस कर दिया है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में बेमौसम बरसात से 'ब्लॉज्म ब्लाइट' रोग ने आम की पैदावार को भारी नुकसान पहुंचाया है। कृषि अर्थशास्त्र की बुलंद इमारत अन्नदाता अतीत से एक बड़े परीक्षार्थी की तरह जीवनयापन करता आ रहा है। मौसम अपने तल्ख तेवरों व बेरूखे मिजाज से किसान वर्ग की सबसे बड़ी परीक्षा लेता है। फसल तैयार होने पर बाजार नाम की व्यवस्था व उपभोक्ता किसानों की परीक्षा लेते हैं। कभी व्यवस्थाओं में बैठे अहलकार तो कभी सरकारें किसानों की परीक्षा लेती हैं। कृषि उत्पादन में कड़ी मेहनत के साथ धन भी खर्च होता है। महंगे बीज, मशीनीकरण, खाद व कीटनाशक किसानों का आर्थिक पक्ष कमजोर करते हैं। सूखे की मार व कोहरे से फसलों की तबाही का खामियाजा भी किसान ही भुगतते हैं। मगर कृषि उपज का मोल बाजार तय करता है। कृषि क्षेत्र के संघर्ष व समस्याओं को समझने में देश की सियासी व्यवस्था ने कभी तत्परता नहीं दिखाई। करोड़ों आबादी को खाद्यान्न उत्पादन करने वाला कृषक वर्ग प्राकृतिक आपदाओं की मार से फसलों की तबाही को कुदरत का कहर या विधि का विधान मान कर खामोशी से सहन कर लेता है। फसल कटाई के बाद खेतों में फसली अवशेष जलाने पर 'एनजीटी', सरकारें व न्यायालय भी किसानों को ही दोषी ठहराते हैं। आखिर किसान अपने दर्द-ए-जिगर का इजहार किससे करे। विडंबना है कि देश में लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायतें उद्योगपतियों के नाम पर हंगामें की भेंट चढ़ जाती हैं, मगर देश की 140 करोड़ आबादी को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराने वाले अन्नदाता की समस्याओं का जिक्र तक नहीं होता। फसलों की तबाही का मंजर न्यूज चैनलों की सुर्खियां भी नहीं बनता। लेकिन जब सियासी जमीन खिसक जाए तो सत्ता पक्ष पर निशाना साधने के लिए विपक्षी दलों का

मुख्य मुद्दा किसान ही बनते हैं। कृषि अर्थतंत्र का बुनियादी स्तंभ अन्नदाता लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता का जिम्मेदाराना किरदार भी अदा करता है। जम्हूरियत की बुलंदी पर पहुंचने का रास्ता खेत खलिहान व गांव की चौपालों से होकर ही गुजरता है। चुनावी समर में किसान सियासी दलों की प्राथमिकता में शामिल हो जाते हैं। खोया हुआ जनाधार हासिल करने के लिए सत्ता का समीकरण कृषक समाज के इर्द-गिर्द ही घूमता है। चुनावी मौसम में सियासी मैदान में ताल ठोंकने वाले प्रतिनिधि भी खुद को किसान बताकर किसानों का रहनुमां बनने की पूरी कोशिश करते हैं। कई सियासी रहनुमां किसानों का मसीहा बन कर किसानी से जुड़े मुद्दों को अपना सियासी एजेंडा बनाकर सत्ता की सीढियां चढक़र जम्हूरियत की पंचायतों में पहुंच गए। मगर इक्तदार हासिल होने के बाद किसानों के मुद्दे सियासी दलों के एजेंडे से गायब हो जाते हैं। मशहूर ब्रिटिश अर्थशास्त्री 'थॉमस राबर्ट माल्थस' ने सन्-1798 में अपनी किताब 'प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन' के जरिए दुनिया को चेताया था कि अनाज उत्पादन की तुलना में यदि जनसंख्या अधिक होगी तो बहुत से लोग भोजन की कमी से मरेंगे। जब आबादी खाद्य आपूर्ति से अधिक हो जाए तो खाद्यान्न व जनसंख्या में असंतुलन पैदा हो सकता है। माल्थस के शत-प्रतिशत सही इस तर्क के भविष्य में परिणाम जो भी हों, मगर हमारे मेहनतकश किसानों ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर 'माल्थुसियन सिद्धांत' को कादी हद तक गलत साबित किया है। भारत में निवास करने वाली विश्व की लगभग 18 प्रतिशत दूसरी सबसे बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सरकारी डिपुओं में करोड़ों लोगों को अनाज सस्ते दामों पर मिल रहा है। स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत करोड़ों छात्रों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कई पड़ोसी देशों को अनाज भेजकर आवाम की मदद की जा रही है। देश के अनाज भंडारों में भंडारण क्षमता से अधिक अनाज मौजूद है। यदि देश के किसी हिस्से में भुखमरी या कुपोषण जैसे हालात हैं तो इसके लिए सियासी निजाम जिम्मेवार है। खाद्यान्न, फल-सब्जियां तथा दुग्ध उत्पादन में भारत को विश्व में दूसरे पायदान पर काबिज करके कृषक समाज ने अपनी काबिलीयत का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। इन उपलब्धियों का श्रेय भले ही देश के सत्ताधीश लेते हैं, मगर खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन किसानों के संघर्ष का परिणाम है। अन्न संकट के मद्देनजर देश में सन्-1965 में 'भारतीय खाद्य निगम' तथा कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिश के लिए 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' भी वजूद में आया था, मगर किसानों को मेहनत के अनुरूप उपज का मूल्य नसीब नहीं होता। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए वर्तमान में लोगों का झुकाव आर्गेनिक फूड की तरफ बढ़ रहा है। जैविक व प्राकृतिक खेती की वकालत भी जोरों पर हो रही है, मगर प्राकृतिक उत्पाद भी किसानों की मेहनत पर निर्भर करते हैं। भारत विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार कर चुका है। बेशक देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व सैन्य क्षेत्रों में काफी उन्नति हुई है। भारत को खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला कृषक वर्ग गुरबत से जूझ कर भी देश के स्वाभिमान को कायम रखने के लिए कर्जदाता बनकर प्रयत्नशील है। मगर करोड़ों किसानों की आजीविका का साधन हमारे गांव का पुश्तैनी व्यवसाय कृषि क्षेत्र आजादी के सात दशकों बाद भी कई समस्याओं से ग्रसित होकर विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ है। अतः देश के कृषि अर्थशास्त्र को अपने पसीने से मुन्नवर करने वाले किसानों के हितों की पैरवी के लिए सियासी नजर-ए-करम की जरूरत है। बहरहाल बेमौसम बरसात से नुकसान का आकलन करके मुआवजे का ऐलान होना चाहिए। कृषि अर्थतंत्र की मजबूत नींव किसानों की संवेदनाओं का सम्मान करना होगा ताकि युवा पीढ़ी का खेती की तरफ रुझान बढ़े।

व्यवस्था परिवर्तन के लिए कटिबद्ध सरकार

प्रदेश को एक अलग राज्य के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन नेतृत्व के साथ-साथ प्रजामण्डल आन्दोलन के नायकों व आंदोलनकारियों और यहां की जागरूक जनता को जाता है। हिमाचल प्रदेश के गौरवमयी इतिहास में धामी गोलीकांड, सुकेत सत्याग्रह, पझौता आन्दोलन का विशेष स्थान है। इस पावन अवसर पर मैं हिमाचल निर्माता तथा प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार तथा उन सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस प्रदेश को विशेष पहचान तथा अलग राज्य का दर्जा दिलवाने के लिए अथक प्रयास किए। हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर मैं प्रदेश के उन सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने वतन के लिए कुर्बानियां दी हैं। मैं कर्मठ व ईमानदार प्रदेशवासियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने प्रदेश को देश-विदेश में खास पहचान दिलवाई है। 11 दिसम्बर, 2022 को हमारी सरकार ने कार्यभार सम्भाला। इसी के साथ प्रदेश में जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात हुआ। मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सचिवालय जाने की परम्परा को बदलते हुए सबसे पहले बालिका आश्रम टूटीकंडी गया। मैं बच्चों से मिला, बातचीत की।

76वें हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश को आज़ादी मिलने के 8 माह बाद 15 अप्रैल 1948 को यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 30 छोटी-बड़ी पहाड़ी रियासतों के विलय के साथ केन्द्रशासित चीफ कमिशनर्ज़ प्रोविंस के रूप में अस्तित्व में आया था। प्रदेश को एक अलग राज्य के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन नेतृत्व के साथ-साथ प्रजामण्डल आन्दोलन के नायकों व आंदोलनकारियों और यहां की जागरूक जनता को जाता है। हिमाचल प्रदेश के गौरवमयी इतिहास में धामी गोलीकांड, सुकेत सत्याग्रह, पझौता आन्दोलन का विशेष स्थान है। इस पावन अवसर पर मैं हिमाचल निर्माता तथा प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार तथा उन सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस प्रदेश को विशेष पहचान तथा अलग राज्य का दर्जा दिलवाने के लिए अथक प्रयास किए। हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर मैं प्रदेश के उन सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने वतन के लिए कुर्बानियां दी हैं। मैं कर्मठ व ईमानदार प्रदेशवासियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने प्रदेश को देश-विदेश में खास पहचान दिलवाई है। 11 दिसम्बर, 2022 को हमारी सरकार ने कार्यभार सम्भाला। इसी के साथ प्रदेश में जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात हुआ। मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सचिवालय जाने की परम्परा को बदलते हुए सबसे पहले बालिका आश्रम टूटीकंडी गया। मैं बच्चों से मिला, बातचीत की। उन्होंने कोई मांग नहीं की लेकिन मैंने महसूस किया कि अभाव के बावजूद उनके चेहरों पर कुछ कर गुज़रने का जज़्बा था। नव वर्ष के तोहफे के तौर पर 101 करोड़ रुपये के शुरुआती प्रावधान के साथ सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष की स्थापना की घोषणा की। सरकार ने निर्णय लिया कि अब ऐसे ही अनाथ बच्चों के माता भी हम होंगे और पिता भी। इनके सुख-दुःख, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रमण की ज़िम्मेदारी भी अब हमारी ही है। प्रदेश के लगभग 6,000 अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' के रूप में अपनाने का हमने निर्णय लिया है। हमारी सरकार सत्ता में सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। हमारी सरकार का पहला बजट सामान्य बजट नहीं है। मैंने लगातार विभिन्न विभागों की बैठकें कीं, योजनाओं के बारे में जाना, समझा और चिन्तन-मनन किया। हम प्रदेश के हित में लीक से हट कर बजट लाए। आपको बजट में शामिल की गई योजनाओं का प्रभाव एक साल के भीतर ही दिखना शुरू हो जाएगा। हम चाहते हैं कि प्रदेश आत्मनिर्भर बने और हमारी आर्थिकी मज़बूत हो। हमारा पहला वायदा पुरानी पेंशन योजना बहाल करना था। हमने पहली कैबिनेट बैठक में ही 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत लाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में हमने 2.31 लाख महिलाओं को 1500 रुपये पेंशन देने का निर्णय लिया। विधवाओं एवं 40 से 69 प्रतिशतता वाले दिव्यांगजनों को पेंशन पाने के लिए हमने आय सीमा और ग्राम सभा से अनुमति की शर्त समाप्त कर दी है। विधवाओं और एकल नारियों को मकान बनाने के लिए मुख्यमन्त्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना आरम्भ की जा रही है। इसके तहत इस वर्ष 7000 ऐसी महिलाओं को 1.50 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इस योजना का लाभ पाने के लिए वार्षिक आय सीमा दो लाख रुपये निर्धारित की गई है। बेटियों को सम्पत्ति में समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। विधानसभा में हिमाचल प्रदेश भू-जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 में संशोधन विधेयक पारित किया गया है। अब लैंगिक असमानता को बढ़ावा देने वाले असंवैधानिक खण्डों को हटाकर बेटियों को पैतृक सम्पत्ति के भू-स्वामित्व में समान अधिकार सुनिश्चित किया गया है। 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम' (पॉक्सो) के प्रावधानों के बारे में मुख्यमन्त्री सुरक्षित बचपन अभियान के अन्तर्गत प्रदेशवासियों, विशेषकर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। राज्य में नशे की समस्या से निपटने के लिए विशेष कार्य दल का गठन किया जा रहा है। प्रदेश की आबो-हवा और बहता पानी हमारे लिए वरदान है। पहली बार हम एक लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। मार्च, 2026 तक इस प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन एवं अमोनिया परियोजना के लिए समझौता किया है। इससे प्रदेश में 4,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होगा तथा 3500 से अधिक रोजग़ार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 6 ग्रीन कॉरिडोर घोषित किए गए हैं, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से यातायात सुविधा प्रदान की जाएगी। सरकार के प्रयासों से प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। निजी संचालकों को इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ट्रक, इलेक्ट्रिक टैक्सी, इलेक्ट्रिक ऑटो तथा ई-गुड्स कैरियर्ज लेने पर 50 प्रतिशत की दर से अधिकतम 50 लाख रुपये का उपदान दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमने इस दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है। प्रदेश में एशियन विकास बैंक की सहायता से 1311 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास योजना भी शुरू की जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से कांगड़ा में एयरपोर्ट का निर्माण विस्तार निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि कांगड़ा को प्रदेश की 'पर्यटन राजधानी' के रूप में विकसित किया जा रहा है। सभी ज़िला मुख्यालयों को वर्ष भर हवाई परिवहन से जोडऩे के लिए हेलीपोर्ट निर्माण और विकास के कार्य प्रगति पर हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्रदेश में रोपवे निर्माण को भी गति दी जा रही है। राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है एक वर्ष के भीतर प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों के कुछ विभागों में रोबोटिक सर्जरी का कार्य शुरू हो जाएगा। सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में कैजुअल्टी विभाग को स्तरोन्नत कर 'एमरजेंसी मेडिसन विभाग' बनाने का भी निर्णय लिया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किया जाएगा। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हम वचनबद्ध हैं। हमारा मानना है कि नए स्कूल खोलने या अपग्रेड करने के स्थान पर वर्तमान में चल रहे विद्यालयों में अध्यापक, पुस्तकालय, लैब, अच्छे भवन व खेल मैदान जैसी गुणात्मक सुविधाएं दी जाएं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे, जो अत्याधुनिक तकनीक व उपकरणों से लैस होंगे। राज्य के युवाओं का कौशल विकास उन क्षेत्रों में किया जाएगा, जिन क्षेत्रों में रोजग़ार के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं।

देश दुनीया से

बदलते वक्त में प्राकृतिक खेती की जरूरत

उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुश्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। कृषि में बढ़ते रासायनिक खादों और दवाओं के उपयोग से फसलों और फिर इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। प्राकृतिक खेती एक रासायनिक खाद मुक्त यानी पारंपरिक कृषि पद्धति है। इसे कृषि-पारिस्थितिकी आधारित विविध कृषि प्रणाली माना जाता है, जो जैव विविधता के साथ फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है। सरकार ने देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति यानी बीपीकेपी को प्रश्रय देकर राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत की है, ताकि किसान खेतों में रासायनिक खादों का उपयोग कम कर सकें। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत पंद्रह हजार क्लस्टर यानी समूह विकसित करके साढ़े सात लाख हेक्टेयर क्षेत्र को इसकी परिधि में लाया जाएगा। प्राकृतिक खेती शुरू करने के इच्छुक किसानों को क्लस्टर सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और इसके साथ ही प्रत्येक क्लस्टर में पचास हेक्टेयर भूमि के साथ पचास या उससे अधिक किसानों को शामिल किया जाएगा। क्लस्टर एक गांव भी हो सकता है और उसमें दो-तीन आसपास के गांवों को भी शामिल किया जा सकता है। इस मिशन के तहत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए तीन वर्ष तक प्रति वर्ष पंद्रह हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की वित्तीय सहायता मिलेगी। इस वित्त पोषण में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि किसान प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिबद्ध हों। अगर कोई किसान प्राकृतिक खेती का उपयोग नहीं करता है, तो उसे बाद की किस्तों का भुगतान नहीं किया जाएगा। इन सबके अलावा, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रियान्वयन ढांचे, संसाधनों, क्रियान्वयन की प्रगति, किसान पंजीकरण, ब्लाग आदि की जानकारी प्रदान करने वाला एक वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है। देश में गैर-रासायनिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए खरीद पर भले जोर दिया जा रहा हो, पर हकीकत में सारे प्रयास अभी तक आधे-अधूरे हैं। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसमें अभी तक कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुष्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। दुनिया की बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर समस्या है। लोगों को भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा अधिक से अधिक उत्पादन करने के लिए तरह-तरह के रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र यानी 'इकोलाजी सिस्टम' को प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है।

कृषि में बढ़ते रासायनिक खादों और दवाओं के उपयोग से फसलों और फिर इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। प्राकृतिक खेती एक रासायनिक खाद मुक्त यानी पारंपरिक कृषि पद्धति है। इसे कृषि–पारिस्थितिकी आधारित विविध कृषि प्रणाली माना जाता है, जो जैव विविधता के साथ फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है। सरकार ने देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति यानी बीपीकेपी को प्रश्रय देकर राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत की है, ताकि किसान खेतों में रासायनिक खादों का उपयोग कम कर सकें। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत पंद्रह हजार क्लस्टर यानी समूह विकसित करके साढ़े सात लाख हेक्टेयर क्षेत्र को इसकी परिधि में लाया जाएगा। प्राकृतिक खेती शुरू करने के इच्छुक किसानों को क्लस्टर सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और इसके साथ ही प्रत्येक क्लस्टर में पचास हेक्टेयर भूमि के साथ पचास या उससे अधिक किसानों को शामिल किया जाएगा।

नागरिक बोध

दुर्जन की संगत से सज्जन भी दुर्जन हो जाता है

आम और नीम दोनों के मूल में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग से आम भी नीमपन को प्राप्त करता है।दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है।इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यो पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यो नही पड़ता । आम ही कड़वा क्यो होता है? नीम मीठा क्यो नही होता है जबकि दुर्जन कठोर ह्दय का होता है।सज्जन तो खरबूजे की भांति है और दुर्जन चाकू की भांति।चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है। इसलिए सज्जन का सदैव सज्जन होकर रहना चाहिए। मनुष्य का जीतना अहित दुश्मन नही करता,उतना उसका अविवेक कर बैठता है। मनुष्य का विशेष अहित उसके स्नेहीजन ही करते है। विवेकहीन माता पिता धर्मभावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय विलास के गर्त में डाल सकते है। वर्तमान युग मे देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना तो रखते है मगर धर्मवान बनाने की और उनका ध्यान नही रहता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की और ध्यान ही नही दे पाते।जिनमे स्वयं संस्कारो का अभाव होता है। वे भला दुसरो को संस्कारित कैसे कर सकते है। माफिया की संतान शूटर बन जाती है तो कसूरवार उनकी संतान कैसे हो सकती है। माता पिता संस्कारित है तो वे अपनी संतान पर हर क्षण ध्यान देते है। उमेशपाल की हत्या करने के लिए अपने पिता अतीक अहमद अपने बेटे असद को उकसाया था। बेटे के मौत की खबर सुनकर अतीक फुट फुट कर रोया। उसने ही उमेशपाल की हत्या के लिए कहा था।वो मानता है कि अपने बेटे की मौत जा जिम्मेदार भी वो खुद है। संतानों को महान बनाना हमारे हाथ मे है। वर्तमान युग मे बुराइयों का प्रभाव कुछ विशेष दृष्टिगोचर हो रहा है। अतीक अहमद को पिस्टल पकड़ाने वाला खुद अपना पिता ही था।माफिया के नक्शेकदम पर चल कर उसका जीवन ही चौपट कर दिया।यह संस्कारो की फलश्रुति है। उसने यह नही सोचा था कि बुरा कार्य का बुरा नतीजा है। जो वो जेल की काल कोठरी में रहकर भोग रहा था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023| पेज 7

झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति के सभापति सह जमुआ विधायक केदार हाजरा ने जिले के अधिकारियों के साथ किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिले के परिसदन भवन के सभागार में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की बैठक माननीय सभापति सह जमुआ विधायक केदार हाजरा की अध्यक्षता में सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ की गई। विधायक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र श्री किशुन दास भी शामिल हुए। सभापति सह जमुआ विधायक केदार हाजरा के चतरा आगमन को लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने बैठक से पूर्व पौधा देकर स्वागत किया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन चतरा द्वारा जानकारी दी गई की पूरे जिले में कोविड से संबंधित एक मामला सामने आया है। जिले में कोविड के मरीजों के पहचान करने हेतु जांच के कार्य किए जा रहे हैं। वही टीकाकरण का भी कार्य किया जा रहा है। साथ ही जानकारी दी गई की कोविड से मृत व्यक्ति के परिजन को मुआवजा राशि दिया जा रहा है।वहीं सभापति द्वारा स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, कोविड को लेकर की जा रही तैयारी की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य को जल्द से जल्द शत प्रतिशत पूर्ण कराएं।समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 22-23 में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ योग्य लाभुकों को दिया जा रहा है। वहीं नगर परिषद अंतर्गत संचालित प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी, जेएसएलपीएस अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं, खनन विभाग द्वारा अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध किए जा रहे कार्य, उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य, शिक्षा विभाग से जिले में विद्यालय, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को मिलने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, सिविल सर्जन चतरा श्याम नंदन सिंह, सभी विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

बरवाडीह में फूड किंग रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : शनिवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बस स्टैंड निरू होटल के बाजू में मिलनसार दंत चिकित्सक मंसूर आलम के फूड किंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर विधायक प्रतिनिधि प्रेमसिंह बीससुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद मुखिया कालो देवी, व जितेंद्र सिंह फ़ादर देवनिष कुजूर, फादर फेंकलिन, पूर्व मुखिया सुनीता टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर रेस्टोरेंट संचालक डॉक्टर मंसूर आलम ने कहा कि विकासशील प्रखंड क्षेत्र के आवाम के द्वारा ऐसे रेस्टोरेंट की मांग की जा रही थी जो अब मुख्यालय में खुल चुका है। यहां उचित मूल्य पर सभी तरह के फास्ट फूड चाइनीज फूड की वस्तुएं उपलब्ध रहेगी इसके अलावा होम डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। मौके पर हाजी नसीर ख़ान, सरदार सुरजीत सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी भाजपा नेता सुनील सिंह मनोज जायसवाल अवधेश मेहरा मौजूद रहे।

डीसी अबु इमरान के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के नेतृत्व में जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। खनन पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी की महाने नदी इटखोरी और बसाने नदी तपेज से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर चतरा जिला में लाया जा रहा है एवं धमनिया के विभिन्न क्रशर प्लांट से अवैध रूप से पत्थर चिप्स बिहार एवं अन्य राज्यों में भेजी जा रही है। इस सूचना के आधार पर मेरी उपस्थिति में पुलिस केंद्र के पुलिस बल के साथ औचक जांच की गई जिसमें सदर थाना ओपी के समीप चार ट्रैक्टर अवैध बालू लदा हुआ एवं पांडे महुआ पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक पत्थर चिप्स लदा हुआ और एक हाईवा स्टोन डस्ट लदा हुआ बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। जिसे जब्त कर सदर थाना चतरा को सुपुर्द कर दिया गया है और वाहन चालक वाहन मालिक अज्ञात क्रशर संचालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं आईपीसी की धारा 379 के तहत कुल 13 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जलापूर्ति का प्लांट फेल, बंद हुआ पानी का सप्लाई, मचा हाहाकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ प्रखंड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग लातेहार के द्वारा करोड़ों की लागत से पूरे प्रखंड में घर-घर तक पानी की सप्लाई पहुंचाने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें लगा दी गई है। पूरे प्रखंड में कई जगहों पर उचे उचे जल मीनारें लगा दी गई हैं। पानी सप्लाई प्लांट व जल मीनारों को चलाने के लिए ऑपरेटरों को भी बहाल कर दिया गया है। जिन्हें उनके कार्य के लिए प्रतिमाह उनका कार्य भुगतान भी मिल रहा है। घर-घर तक जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन भी बिछा दी गई है। इन सबके बावजूद भीषण गर्मी में भी प्रखंड में कहीं भी पानी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। पानी सप्लाई के लिए जैसे ही छोड़ा जाता है, पानी घर तक ना पहुंच कर सड़कों में बहने लगता है। जिसकी मरम्मती के लिए 2 महीने पूर्व ही मिस्त्रीयों को भेजा गया था लेकिन वे भी इस समस्या को बिना ठीक किए ही वापस लौट गए जिसके बाद दोबारा इसे देखने कोई भी नहीं आया। 2021 में पानी सप्लाई के प्लांट का उद्घाटन किया गया था। महुआडांड़ प्रखंड के घर-घर तक पानी की सप्लाई पहुंचाने के उद्देश्य से निर्मित इस प्लांट का उद्घाटन 30 दिसंबर 2021 को माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह एवं माननीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया था। लेकिन इस प्लांट के द्वारा घर-घर तक जलापूर्ति की जा रही है या नहीं इसे देखने वाला कोई भी नहीं है। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कहना है की बिजली आपूर्ति के कारण पानी का सप्लाई नहीं किया जा पा रहा है पानी सप्लाई के लिए प्रतिदिन 8 घंटे की बिजली व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन हमे 4 घंटे के लिए भी बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में प्लांट में कार्यरत ऑपरेटरों ने बताया कि पानी का जैसे ही सप्लाई गांव के लिए दिया जाता है अनेकों जगहों से सड़क पर पानी बहने की शिकायत आने लगती है। और हमें सप्लाई रोकना पड़ता है।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बालूमाथ (प्रभात मंत्र सवाददाता): बेसिक स्कूल परिसर में रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चेतना मंच के बैनर तले संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम से पूर्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्य अतिथि हरि यादव, संरक्षक सुरेश राम, समाजसेवी बिहारी यादव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ,प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ,वीरेंद्र यादव, सुनील कुमार रवि,सुरेश राम, कोलेश्वर राम समेत कई अतिथियों ने पुष्प, अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त डीएसपी रामलाल राम ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने कहा था कि समाज का परिवर्तन शिक्षा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने दलित शुद्र व दबे कुचले लोगों को शिक्षा में आगे लाने के लिए प्रेरित करते हुए कई कार्य किए ।वही बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिख कर समाज के सभी लोगों के बीच समानता लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज का परिवेश ऐसा हो गया है कि हम आजाद भारत में होकर भी आजाद महसूस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दलित शुद्र व पिछड़ी जातियों को आह्वान करते हुए कहा कि आप एक मंच पर आएं और अपने वोट की कीमत को समझें तभी हम सब को अपने अधिकार मिल पाएगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमपुर के शिक्षक कोलेश्वर राम ने स्वागत भाषण देते हुए आए हुए अतिथियों व कार्यक्रम को सफल बनाने के सभी लोगों को स्वागत किया है। आयोजकों द्वारा आये हुवे अतिथियों को माल्यार्पण अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। बलिया यूपी के कलाकार सरोज त्यागी,एवम उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमपुर के बच्चे द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कई गीत व नित्य के माध्यम से लोगों को उनके आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम से पूर्व एक रैली निकाली जो बेसिक स्कूल से आरंभ होकर थाना चौक, चेक नाका ,मुरपा मोड,होते हुए कई टोलो मुहल्ले का भ्रमण किया। रैली में शामिल लोगों ने जय भीम ,बाबा अंबेडकर अमर रहे ,समेत के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर अरुण गौतम, उदय भारती, निरंजन बौद्ध, गोपाल राम, अमित पासवान,ऐश्वर्य उराँव, दशरथ पासवान, दीपक यादव, श्याम सुंदर यादव, धर्मजीत भुइयां तुलसीराम, गोपाल राम समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

भाजयुमो ने लगाया सेवा बस्ती में निशुल्क चिकित्सा शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह कार्यक्रम के निमित्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में चतरा नगर के सेवा बस्ती किशनपुर मोहल्ला टोंगरी पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ विजय कुमार महतो और नर्स दीदी के द्वारा सेवा बस्ती में रह रहे महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों स्वास्थ्य की जानकारी ली गई साथ ही उन सभी को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने सभी को स्वच्छ रहने को कहा और हमेशा हाथ धोकर भोजन करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी, भाजयुमो नगर अध्यक्ष नीरज सोनी, कान्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा, नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, नगर मंत्री राजा कुमार मालाकार सहित भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

क्षेत्र की सुख शांति को लेकर भाजपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल तीर्थ धाम को हुए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : सिमारिया विधानसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं शांति को लेकर रविवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र से भाजपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न तीर्थ धामों के लिए रवाना हुए हैं। इस तीर्थ यात्रा में शामिल भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि हमलोग, सर्व प्रथम देवघर में स्थित प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम में सोमवार को पूजन अर्चन करने के उपरांत, शक्ति पीठ (बंगाल स्थित) मां तारा देवी भगवती मंदिर मे पूजा पाठ करेंगे। इस तीर्थ धाम यात्रा में जा रहे श्रधालुओं ने रविवार दोपहर टंडवा प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध चुंदरू धाम सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात् विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया एवं भाजपा युवा नेता पंकज राज के उपस्थिति में प्रस्थान किए। इस यात्रा में भाजपा नेता सह कोयद पंचायत प्रभारी विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता बैजनाथ पांडे, सरोज पांडे, कोयद पंचायत के मुखिया किशुन राम, प्रशांत सिंह(पंडित) शामिल हैं।

सामूहिक दुष्कर्म व हत्या मामले का चतरा सांसद ने की कड़ी निंदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत के हक्का गांव में शनिवार को चौथी कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या मामले मे चतरा लोकसभा सांसद सुनिल कुमार सिंह ने घटीत घटना को लेकर कड़ी निंदा की है। और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। एवं उन्होंने ट्वीट कर कहा है की यह घटना अत्यंत विचलित करने वाली है।उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रसाशन से मांग की है की अपराधियों की तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से कठोर से कठोर सजा दिलाई जाय। साथ ही जिला व स्थानीय प्रतिनिधि को किये निर्देशित पीड़ित परिवार को बुनियादी सुविधा मुहैया कराने का दिया निर्देश दिया है। गौरतलब हो की सांसद संगठन के कार्य हेतु कर्नाटक दौरे पर है। **सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम पहुंची पीड़ित परिवार के घर :** छात्रा से दुष्कर्म और हत्या मामले में सांसद सुनील कुमा सिंह के निर्देश पर जिला कृषि बिभाग प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, संजीव आजाद,महेन्द्र प्रसाद समेत कई लोग हक्का गांव जाकर पीड़ित परिजनों से मुलाक़ात की और उन्हें हर सभव मदद एवं न्याय दिलाने का आश्वाशन दिया। साथ ही तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।और स्थानीय पुलिस से मुलाक़ात कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है।

बाइक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ-लातेहार पथ में ओल्हेपाठ के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाइक में सवार युवक मनोज कुमार मेहता 32 वर्ष पिता सहदेव मेहता ग्राम डुमराल जिला हजारीबाग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के ग्रामीणों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेन्द्र प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया.।घायल युवक चतरा से लातेहार जा रहा था।

अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट का उद्घाटन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम लातेहार में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक वैद्यनाथ राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के क्रिकेट खिलाड़ी मेहनत करे , आगे बढ़े और जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें।अभी क्रिकेट का क्रेज काफी बढ़ा है।सुदूरवर्ती इलाको में भी क्रिकेट देखने को मिल रहा है।जिला क्रिकेट संघ तथा खिलाड़ियों का मेहनत का परिणाम है कि रणधीर वर्मा ट्रॉफी लातेहार जीत लिया है।इस खेल को और बढ़ावा मिले , यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर करे इसके लिए बहुत जल्द ही इस स्टेडियम के अलावे एक और स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।जिससे यहां के खिलाड़ियों को दिक्कत नही होगी।रंधीर वर्मा ट्रॉफी के विजेता टीम के खिलाड़ियों तथा संघ के सभी पदाधिकारियों को हौसला अफजाई किया वही संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह को विशेष मेहनत एवं कार्य के लिए बुके देकर सम्मानित किया।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही कि खिलाड़ी खेल भावना से खेल का बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिला का नाम रौशन करें।खेल के क्षेत्र में लातेहार जिला क्रिकेट संघ बेहतर कार्य कर रहा है। संघ के मेहनत का परिणाम है कि इस जिला के कई खिलाड़ी अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल को खेलने तथा खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की नसीहत दी।जे एस सी ए के लैजनर सह गुमला के सचिव जितेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में लातेहार बेहतर कार्य कर रहा है । जे एस सी ए द्वारा जो भी दायित्व लातेहार जिला क्रिकेट संघ को मिलता है उसे बेहतर निभाता है । संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जीप सदस्य विनोद उरांव तथा भाजपा नेता रामदेव सिंह ने अपने बातो को रखते हुए खिलाड़ियों को बेहतर खेलने की नसीहत दी। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक वैद्यनाथ राम को संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।वहीं जीप अध्यक्ष पूनम देवी को संग के उपाध्यक्ष विष्णुदेव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने जीप सदस्य विनोद उरांव को पुष्प गुच्छ दिया। वहीं संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार ने दिशा सदस्य रामदेव सिंह को पुष्प गुच्छ दिया।पूर्व मंत्री सह विधायक वैद्यनाथ राम ने मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर को पुष्प गुच्छ दिया।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे को सदस्य नीरज कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। गुमला के सचिव जितेंद्र कुमार को शैलेश कुमार तथा हेमंत सिंह को दिलीप कुमार प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन दिशा के सदस्य रामदेव सिंह ने किया।मौके पर संघ के सुरेंद्र प्रसाद , नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव , अश्विनी सिंह, अंकित पांडेय आनंद सिंह , प्रमोद प्रसाद, संतोष पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज का बैठक हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : रविवार डाक बंगला परिसर सिमरिया में अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज का बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्री सेवा साहू की अध्यक्षता में संपन्न किया गया द्य बैठक का संचालन प्रखंड सचिव श्री करम साहू ने किया द्य इस बैठक में या सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 23 अप्रैल 2023दिन रविवार को भामाशाह की जयंती सिमरिया प्रखंड के तमाम पंचायतों में अध्यक्ष की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाते हुए फोटोग्राफ को प्रखंड साहू समाज के ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करेंगे द्य साथ ही 28 अप्रैल 2023 को चतरा जिला साहू धर्मशाला के प्रांगण में भामाशाह के जयंती कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोगों को भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए तैयारी भी करेंगे। पंचायत स्तरीय भामाशाह जयंती कार्यक्रम सुनिश्चित कराने के लिए निम्नलिखित पंचायतों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, प्रमुख रोहन साहू, पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रदुमन साहू, मुखिया पति श्री क्रम साहू, युवा जिला सचिव श्री पंकज साहू, प्रखंड अध्यक्ष श्री सेवा साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष तुलसी साहू, युवा प्रखंड अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू , युवा सचिव प्रदीप साहू,अर्जुन साहू, रामनाथ साहू श्री लालू साहू, सुखलाल साहूआदि उपस्थित थे द्य

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला समिति की संगठनात्मक बैठक आयोजित

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला समिति की संगठनात्मक बैठक रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण सिन्हा के आवासीय परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। बैठक में मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा(चंदन जी) व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद मौजूद थे। बैठक का विषय प्रवेश करवाते हुए जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने प्रकोष्ठों के सदस्यता अभियान में तेजी लाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों के लिए सक्रिय सदस्या लेना अनिवार्य है। तभी वे संगठन के लिए पूरी तरह से एक्टिव होकर कार्य कर सकते हैं। वहीं, महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा(चंदन जी) ने संगठन के पदाधिकारियों को बताया की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का विस्तार देश के 19 राज्यों के 740 जिलों में हो चुका है। कहा कि आनेवाले समय में हम संगठन का विस्तार देश के बाकी राज्यों में भी शीघ्र कर लेंगे। श्री सिन्हा ने कहा की देश के वर्तमान परिवेश में सभी वर्ग अपने अधिकार के लिए संगठन बनाकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमें भी अपने संगठन के जरिये अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करना है। इसके लिए हम सबों को संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देना होगा। क्योंकि हमारे संगठन में समाज के जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उतनी ही मजबूती के साथ रख सकेंगे। इसलिए महासभा के जिला समिति के पदाधिकारी संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देकर समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। अमित कुमार सिन्हा को चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होने पर किया गया सम्मानित बैठक के क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद ने महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यकारिणी समिति के लिए निर्वाचित होने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि उनका चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होना समाज के लिए गर्व की बात है। वहीं, अनिल कुमार सिन्हा को महासभा का जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। बैठक का संचालन महासभा के जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने किया। मौके पर दीपक कुमार सिन्हा,संजय कुमार लाला, सुजीत सिन्हा, रोहित कुमार वर्मा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिन्हा, अवधेश सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, रंजन सिन्हा,मनोज कुमार सिन्हा,अनिल कुमार सिन्हा,आशुतोष कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार,बिरेंद्र कुमार सिन्हा,डॉ शंभु प्रसाद,अनामिका श्रीवास्तव सहित समाज के कई लोग शामिल हुए।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का 56 वां कैंप लगाया गया

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : डॉक्टर सांत्वना शरण मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर सेंटर रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ जिला के छतर मांडु में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का 56 वां कैंप लगाया गया।जिसका मुखिया , डाक्टर सांत्वना शरण ,डॉक्टर सुधीर कुमार आर्या और अन्य गर्भवती महिलाओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया ।यह प्रयास जून 2016 से शुरू होकर अनवरत चलता आ रहा है । यह कैंप हर महीना के 9 तारिख को रामगढ़ जिला के विभिन्न विभिन्न पंचायतों में लगाया जा रहा है,इस बार अपरिहार्य कारणों से शिविर आज लगाया गया । आज इस शिविर में 09 गर्भवती महिलाओं के अलावा पांच अन्य महिलाओं को भी मुफ्त रक्त जांच डॉक्टरी सलाह मुफ्त दवाओं का वितरण एवं गर्भावस्था में किए जाने वाले व्यायाम की जानकारी दी गई। साथ साथ अपने आसपास का वातावरण साफ रखने , गर्भवती के लिए व्यायाम, स्तनपान एवं उचित खान पान के बारे में विस्तार से बताया गया, महिलाओं को वायलेंस अगेंस्ट वूमेन के बारे में विस्तार से बताया गया।महिलाओं को एक महिने का राशन अक्षय पात्र फाउंडेशन की तरफ से उपहार स्वरूप दिया गया रामगढ़ शहर एवं मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर सेंटर से 07 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण इलाके में आज पूरी टीम के साथ एवं उत्साह के साथ आज के इस शिविर को संपन्न किया और आगे अनवरत जारी रखने का भी संकल्प लिया है।

पैसेंजर ठहराव को लेकर करेंगे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : भारतीय जनता पार्टी बरही कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। बैठक में जानकारी दी गयी कि वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रैन पटना टू रांची और मधुपुर से रांची इंटरसिटी ट्रैन का परिचालन जल्द ही बरही होते हुए रांची जाएगी। जानकारी के मुताबिक, 25 अप्रैल से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है, लेकिन दुर्भाग्य कि बात है कि वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रैन एवं मधुपुर-रांची इंटरसिटी ट्रैन का पैसेंजर ठहराव बरही रेलवे स्टेशन पर नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन ट्रेनों का पैसेंजर ठहराव बरही में सुनिश्चित कराने हेतु 17 अप्रैल को समय 11 बजे से बरही रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन स्थानीय जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता ओबीसी मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा पूर्वी व पश्चिमी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। इस एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अरविन्द कुमार, दीपक भगत, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, युवा मण्डल अध्यक्ष रितेश केशरी, भाजपा एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, सचिन यादव, ओबीसी मोर्चा मनोज कुमार साव, मिथलेश कुमार श्रीवास्तव, निकेश यादव, राजदेव यादव, शिव शंकर प्रसाद, रामस्वरूप यादव, युवा भाजपा नेता संजय यादव, युवा नेता रविंद्र यादव, मुकेश कुमार, रामस्वरूप यादव, गोवर्धन ठाकुर, शम्भू कुमार, सुनील यादव, रामकुमार प्रसाद, सुनील यादव, सुनील साहनी, राहुल निषाद, घनश्याम यादव, राजकुमार यादव, रणविजय यादव, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, पंकज वर्णवाल, शिवा निषाद, मनितोष यादव सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहें।

सदर विधायक ने भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां के निधन पर जताया शोक संवेदना

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड स्थित ग्राम पिपचो पहुंचकर दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी माता शारदा देवी के स्वर्गवास होने पर शोक संवेदना प्रकट किया। विधायक मनीष जायसवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को दुख सहने का साहस प्रदान करने की भी कामना की। विधायक मनीष जायसवाल के साथ विशेष रुप से दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, भाजपा नेता अशोक कुशवाहा और विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी साथ में मौजूद रहें । दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने विधायक मनीष जायसवाल के जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति गहरी संवेदनशीलता की सराहना की और कहा कि विधायक मनीष जायसवाल एक जन नेता है ।

डीएसपी के नेतृत्व में कुर्की करने पहुंची बरही पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : डीएसपी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में बरही पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो आरोपितों के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची। इस दौरान बरही थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि सबसे पहले मांडू थाना कांड संख्या 249/ 2008 जीआर 2295/2008 के आरोपी बरसोत गांव निवासी संजय सिंह (पिता स्व. राधेश्याम सिंह) के विरुद्ध निर्गत कुर्की तमिला के उसके घर पुलिस की टीम पहुंची।

आरोपी के घर विधिवत कुर्की का तामिल के लिए जब पुलिस पहुंची तब संजय कुमार सिंह की पत्नी के द्वारा न्यायालय रामगढ़ कोर्ट से निर्गत जमानत का रिकॉल प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए कुर्की को वापस भेजा गया। वहीं बरही थाना कांड संख्या 470/16 के फरार आरोपी बरही थाना अंतर्गत ओरिया सिंहपुर निवासी बबलू यादव (पिता स्व. सरयू यादव) के विरूद्ध न्यायालय हजारीबाग से निर्गत कुर्की तमिला के लिए पहुंचे। आरोपी बबलू यादव घर पर मौजूद नहीं थे, जैसे ही घरवालों के द्वारा उनको सूचना दी उसके उपरांत बबलू यादव बरही थाना में पहुंचकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश की विचार गोष्ठी संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : कन्याकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश का आज प्रदेश विचार गोष्ठी एवं चुनाव संबंधित महापंचायत का आयोजन विवेकानंद स्कूल के सामने किया गया। अध्यक्षता मार्खम कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर शंभू नाथ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में चतरा समिति के अध्यक्ष राम रतन पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में 32 मौजा के ब्राह्मण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रतन पांडेय ने कहा कि ब्राह्मणों में एकजुटता की कमी है। वही सुनील कुमार पांडेय ने कहा हम सभी विप्रबंधु एक होंगे तब अपने समाज में आए समस्या का मिलजुल कर समाधान कर सकते हैं। सरकार हम सभी ब्राह्मण के लिए आरक्षण नहीं दे रही है इसके लिए भी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे और आरक्षण की मांग करेंगे।कार्यकारी अध्यक्ष केदार पंडा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है ।जल्द ही कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जयेगा । मौके पर रीमा मिश्रा , देवचरन पाण्डेय , पवन जिगर पाण्डेय , बसंत पाण्डेय , राजेन्द्र पाण्डेय , लखन पाण्डेय ,कन्हिया लाल पाण्डेय मदन पाण्डेय ,यशवंत पाण्डेय, श्रीनिवास पाण्डेय,अजय पाण्डेय, मदन पाण्डेय ,अरुण पाण्डेय ,सुबोध पाण्डेय,महेंद्र पाण्डेय, संतन पाण्डेय,यदुनंदन पाण्डेय, भुनेश्वर पाण्डेय ,अनिल पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय,राजू पाण्डेय,मनोज पाण्डेय,धनेश्वर तिवारी सिरका,धनेश्वर तिवारी ,उमेश पाण्डेय,अंगद पाण्डेय एवं संदीप पाण्डेय उपस्थित थें।

कटिया में सेवा समर्पण दिवस का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : कटिया बस्ती पंचायत भवन में सेवा समर्पण दिवस मनाया गया । इस अवसर पर निःशुल्क मेडिकल कैंप शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ संबंधित लाभ प्राप्त किए ढ़ कार्यक्रम कि अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन सेतु प्रियदर्शी के द्वारा किया गया ढ़ शिविर में आए डॉक्टरों की टीम ने ऑर्थो, जनरल फिजिशियन,आँख, दांत, संबंधित इत्यादि रोगों की जांच की गई । एवं दवाई वितरण किया गया । वहीं भाजपा नेता अमितेश सिंह और राकेश सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा अपने नीति एवं सिद्धांत के अनुसार सेवा ही समर्पण लक्ष्य को लेते हुए राष्ट्र में आगे बढ़ रही है । जिसके निमित्त यह स्वास्थ्य शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य मौके पर पतरातू मंडल के अध्यक्ष सह पार्षद राजाराम प्रजापति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा मुखिया किशोर कुमार महतो डॉ सोनू प्रह्लाद पांडे उप मुखिया नंद किशोर महतो राहुल कुमार रणधीर कपूर राजीव कुमार मनीष कुमार महतो रविंद्र कुमार रंजन कुमार विनोद महतो गोविंद राम इत्यादि उपस्थित थे ।

बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ सांसद जयंत सिन्हा ने की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग में बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में बिजली व्यवस्था को हर मोर्चे पर बेहतर व आधुनिक बनाने को लेकर चर्चा की गई।मोदी सरकार बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सहयोग दे रही है। इस परियोजना के तहत हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में ?450 करोड़ से विभिन्न बिजली संबंधी कार्य किये जायेंगे।इस महत्वपूर्ण बैठक में हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कई फैसले लिए गए हैं। हज़ारीबाग व रामगढ़ शहर के हर घर में स्मार्ट मीटर लगाया जायेगा। दूरदराज़ के ऐसे क्षेत्र जहाँ बिजली संकट सर्वाधिक है, ऐसे 250 स्थानों का चयन कर 250 नए ट्रांसफार्मर लगाए जायेंगे। दूरदराज़ क्षेत्रों में जो बिजली फीडर ख़राब हो गए हैं, उनका पुनर्निर्माण होगा। क्षेत्र में सामान्य फीडरों से कृषि फीडरों को अलग किया जायेगा, जिससे किसान भाई-बहनों को सिंचाई समेत अन्य कई प्रकार की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। असुरक्षित व खुली तारों को ढका जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। साथ ही लगभग 74 हजार मीटर वायर हज़ारीबाग में व लगभग 3 हजार मीटर वायर बरही में लगाये जाने की संभावना है। हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में इन सभी कार्यों को अगले 3 वर्षों में ?450 करोड़ की लागत से पूरा किया जायेगा। इसके तहत प्रति वर्ष ?150 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। श्री सिन्हा हर 3 माह में इस परियोजना की प्रगति हेतु समीक्षा बैठक करेंगे।

श्री सिन्हा ने कहा कि झारखण्ड की विफल जेएमएम-कांग्रेस सरकार के कारण आज हज़ारीबाग व रामगढ़ समेत राज्य के अन्य सभी ज़िलों को बिजली आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन मोदी सरकार झारखण्ड की जनता की सुविधा के लिए राज्य सरकार को हर साधन उपलब्ध करवा रही है। झारखण्ड सरकार के पास पैसों की नहीं, बल्कि दृढ इच्छाशक्ति की कमी है। बिजली विभाग के साथ हुई बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं, इनके लिए राशि केंद्र सरकार मुहैया करवा रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग के कारण बिजली विभाग को भी नई ऊर्जा मिली है। सब एकजुट होकर बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जुट गए हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह का भी हमें भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

19 अप्रैल से एसएससी सीजीएल एवं सीएचएसएल की टारगेट बैच होगी प्रारम्भ

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ऑफ आर्ट्स,कॉमर्स साइंस की इकाई कॉम्पटीशन बैच से बरही तिलैया रोड़ निवासी सोनू कुमार पिता परमेश्वर दास ने एसएससी जीडी की लिखित परीक्षा में सफलता का परचम लहराते हुए अपने माता पिता,समाज,एवं शिक्षकों के साथ साथ संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। सोनू कुमार अपने इस सफलता के लिए अपने माता पिता के साथ साथ शिक्षकों एवं दोस्तों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज अगर मैं अपने सपनो की ओर अग्रसर हूँ तो इन सभी का बहुत बड़ा योगदान है। एवं दी आर्य भट्ट संस्थान के सभी शिक्षक हमेशा सही राह दिखाते हुए समय समय पर मुझे डांट फटकार कर सही और गलत का मतलब समझाते रहे। मैं जब दी आर्य भट्ट परिवार से जुड़ा तो लगा कि मुझे सफलता के साथ साथ एक अच्छा व्यक्तित्व एवं संस्कार यही से प्राप्त होगी। और मैं बहुत खुश हूँ कि मुझे दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट में पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं अच्छे जानकर शिक्षकों के शरण में रह कर आगे बढ़ने का मौका मिला। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि लगातार मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त होती है। यदि समय रहते इंसान खुद को पहचान ले तो वो जीवन में हमेशा सफलता की ऊंचाई को छूता रहेगा। शशि कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि यदि इंसान लक्ष्य बना कर चलेगा और ईमानदारी से उसे हासिल करना चाहेगा तो निच्छित ही उसे सफलता प्राप्त होगी। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए एसएससी सीजीएल एवं सीएचएसएल की टारगेट बेच 19 अप्रैल से प्रारम्भ होगी। संस्थान के सभी शिक्षक अधिवक्ता कुंदन कुमार,रमेश महतो,निशि राणा,नितेश गोस्वामी, कमल प्रजापति,अमित कुमार,राजेंद्र महतो,कमलकांत,नीतू यादव,सिमा कुमारी ने सोनू कुमार के सफलता पे बधाई दिए।

हजारीबाग यूथ विंग ने किया रुपाली भूषण को सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर की बेटियां अपने शहर का नाम रोशन करने को लेकर हर स्तर पर उतारू नजर आ रही है। इसी दौरान हजारीबाग शहर की खिरगांव निवासी रूपाली भूषण ने पूरे देश स्तर पर अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। मिस इंडिया फाइनल लिस्ट वर्ष 2020ङ्क21 कि रह चुकी है, जिसके बाद अब तेलुगु फिल्म में भी एक किरदार के रूप में जल्द नजर आएगी। रूपाली भूषण हजारीबाग में अपने नाना जी के घर में रहती है। इनका पटना में अपना निवास स्थान है। 6 सालों के उपरांत हजारीबाग आगमन पर इनका विभिन्न संस्थाओं के द्वारा स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग यूथ विंग ने शनिवार को देर शाम जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव में रुपाली भूषण का स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित कर शहर की बेटी को सम्मानित किया। सर्वप्रथम सबसे पहले हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल की माता जी शारदा खण्डेलवाल ने रुपाली भूषण को भगवा गमछा उड़ा कर उन्हें सम्मानित किया जिसके उपरांत हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रूपाली भूषण के साथ उनकी नानी जी एवं उनकी माताजी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। मौके पर उपाध्यक्ष विकास केसरी, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकास तिवारी, प्रणीत जैन,प्रिंस कसेरा,विनिता खण्डेलवाल, सोनाली खण्डेलवाल,केशव सहित कई लोग मौजूद थे। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रूपाली को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रूपाली के मार्गदर्शन पर हर बेटियों को स्थापित होना चाहिए क्योंकि अपने लक्ष्य को अपने से दूर नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने बताया कि रुपाली कि शिक्षा दीक्षा हजारीबाग से संपन्न हुई है। शहर के विवेकानंद स्कूल से प्रथम से लेकर 10वीं तक की पढ़ाई की है और इस बीच पूरे 10 वर्षों तक क्लास की मॉनिटर बनी रही। बचपन से ही रुपाली को स्टेज और कैमरा पसंद है जिसका परिणाम है कि आज शहर की बेटी पूरे देश में अपने हजारीबाग का नाम रोशन कर रही है। मौके पर सचिव संजय कुमार ने बताया कि पिछले 6 वर्षों के उपरांत रुपाली हजारीबाग में आई है मिस इंडिया फाइनलिस्ट से पहले मिस बिहार एवं मिस झारखंड में अपना जलवा दिखा चुकी है। रूपाली का जीवन बेहद ही सरल है।

पूर्व विधायक व इंस्पेक्टर सहित कई समाजसेवियों का किया गया डिजिटल सर्वे

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : रविवार को सॉफ्टेक की डिजिटल सर्वे की टीम ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव,इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता सहित कई समजसेवियों का डिजिटल सर्वे किया । सर्वे टीम में शामिल केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने उनलोगो को बताया कि उनके केंद्र के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर यह डिजिटल साक्षरता सर्वे किया जा रहा है । जिसका मुख्य उद्देश्य प्रखंड में डिजिटल साक्षरता की दर बढ़ाना है । उद्देश्यपूर्ति हेतु उनकी संस्थान ने रजत जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क नामांकन के साथ कुल शुल्क में अधिकतम छूट देने की घोषणा की है । ताकि अधिकाधिक लोग इस जरूरी शिक्षा से जुड़ पाए । मौके पर पूर्व विधायक श्री यादव ने केंद्र निदेशक को संस्थान के रजत जयंती की शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान की गुणवता और निदेशक के मेहनत ने बरही में कंप्यूटर क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इस संस्थान का सार्थक प्रयास ने बरही में डिजिटल युग को आगे बढ़ाने का काम किया है । आज कंप्यूटर का युग है, इसकी जानकारी हर एक व्यक्ति को होना अनिवार्य है । इसके बिना लोग निरक्षर है । सॉफ्टेक का यह प्रयास सराहनीय है । इस अभियान में उनका हर संभव सार्थक सहयोग रहेगा । इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने भी कहा कि वर्तमान परिवेश में कंप्यूटर एक अनिवार्य शिक्षा हो गया है, इसे हर एक व्यक्ति को सिखना चाहिए । भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने भी सॉफ्टेक के कार्यों की सराहना करते हुए लोगो से विशेषकर युवाओं से इस अनिवार्य शिक्षा को ग्रहण करने की अपील किया । इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी रितेश गुप्ता, कृष्णा यादव, भूपेंद्र यादव, नवल किशोर सिंह, सकलदेव यादव, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, रवि कुमार सिंह, उमेश कुमार यादव, शशि सिंह, निकेश कुमार यादव, सचिन यादव, सहदेव यादव, अरविंद कुमार आदि सहित कई लोगो का डिजिटल सर्वे किया गया । केंद्र निदेशक ने पूर्व विधायकर सहित उपस्थित लोगो को केंद्र की स्मारिका भी भेंट किया ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

जिला जज ने किया धनबाद जेल का औचक निरीक्षण

जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला, न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह ने रविवार को मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। जेल में कुल 702 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही महिला बैरक में निरुद्ध कुल 34 महिला बंदियों से मुलाकात कर जिला जज ने उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक कारागार को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गयीं। कुछ महिला बन्दियों के साथ बच्चे भी रह रहे हैं। बच्चों व उनके स्वास्थ्य का विशेष देखभाल रखने व उन्हें पोषण युक्त भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बंदियों को दी गई कानून की जानकारी

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, मुख्य दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, एलएडीसीएस के चीफ डॉक्टर कुमार विमलेंदु ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम के बारे में जानकारी दी । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। इसमें ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं उनके मुकदमे की निशुल्क पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में चीफ, डिप्टी चीफ व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें इसके लिए बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें ।

महादेव मंडा शिव मंदिर के ऊपर गुमंद में कलश स्थापना को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत ग्राम मोढ़ा में महादेव मंडा शिव मंदिर के ऊपर गुमंद में कलश स्थापना को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल उपस्थित हुए यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मोड़ा बस्ती के विभिन्न टोला महलों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात यात्रा समाप्त की गई उसके बाद प्रसाद के रूप में खीर का भोग का वितरण किया गया इस यात्रा में मुख्य रूप से बहादुर बेदिया दशरथ बेदिया सुंदरलाल बेतिया राजू बेदिया प्रदीप रजक महेंद्र तूरी छोटू महतो सरवन कुमार भीम बेदिया हीरालाल बेदिया सुखराम बेदिया भुनेश्वर बेदिया भुनेश्वर साहू सुरेश बेदिया रमेश बेदिया हीरालाल बेदिया दिलीप बेदिया देवकी बेदिया भोला करमाली किशोर करमाली गिरधारी बेदिया रूपलाल बेदिया इत्यादि सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल रहे।

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण का किया शिलान्यास

नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने रविवार को गेड़िया तथा मोहनपुर में स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते ही आयोजक समिति,ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया ।इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विधिवत रूप से सिलापट का अनावरण कर तथा नारियल फोड़कर गेड़िया तथा मोहनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस अवसर पर पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन संपन्न किए गए ।इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, विधान गोस्वामी, सौरभ राय, मुकेश मंडल, समाजसेवी अजय मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिंदापाथर थाना क्षेत्र के जामताड़ा-नाला मुख्य मार्ग पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांदो के समीप शनिवार को दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि दुसरा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही बिंदापाथर थाना के एसआई प्रवीण साह पहूंच कर स्थानीय लोगों की मदद से मृतक एवं गंभीर रुप से घायल को सदर अस्पताल जामताड़ा में भेजा गया है। मृतक की शिनाख्त खूटाबांध निवासी वीरू मंडल (45) के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक बिंदापाथर गुन्दलीडीह टोला के अजय मुर्मू हैं। गंभीर रूप से घायल अजय मुर्मू को जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया जहां पर गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को लेकर दिया धरना

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराना कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने पुराना कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर लगातार दी जा रही धरना में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की और से धरना दिया गया। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।उक्त धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि धरना के माध्यम से कांग्रेस कार्यालय नहीं खुलने तक जिला के तमाम सभी कांग्रेसजन द्वारा संकल्प लेते हुए इसी तरह बंद कांग्रेस कार्यालय के सामने निरंतर धरना पर बैठने का काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, संजय कुमार महतो, रवि रंजन सिंह, योगेंद्र योगी, राजेश्वर यादव, नवनीत नीरज, सीता राणा, गोपाल कृष्ण चौधरी, दिनेश सिंह, गुड्डू खान, पप्पू कुमार तिवारी, बाबू अंसारी, ईदु अंसारी, बाबू अंसारी मधुसूदन चौधरी उमाशंकर रजवार, फरीद खान सेफतुला खान, कलाम खान, शोएब खान समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत कई अस्पतालों और पेट्रोल पंपो में किया गया मॉक ड्रील

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): अग्नि से बचाव के लिए अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक अग्निशमन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा पर कई जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत आज अग्निशमन अधिकारी श्री लक्ष्मण प्रसाद ने उपायुक्त श्री संदीप सिंह को ÷अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह÷ का फ्लैग लगाया। इस दौरान उपायुक्त ने अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन विभाग के कार्यो की सराहना की तथा अग्निकांडों से बचाव के तौर तरीकों से लोगों को जागरूक करने की जरूरत पर बल दिया।अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा जिला के विभिन्न अस्पतालों पेट्रोल पंप समेत कई क्षेत्रों में मॉक ड्रिल करके लोगों को आग पर काबू पाने की ट्रेनिंग दी गई। साथ हीं जागरूकता अभियान के तहत आज शहर के अलग-अलग हिस्सों में अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा लोगों को आग से बचने के उपाय के बारे में जागरूक किया गया। अग्निशमन पदाधिकारी श्री लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 दिन शुक्रवार को मुंबई बंदरगाह में एक विक्टोरिया डॉक नामक जहाज में लदे विस्फोटक पदार्थ में भीषण अग्निकांड हुई थी। उस अग्निकांड में 800 लोगों की जान गई थी तथा 80000 घर जलकर राख हो गया था। जिसमे फायर सर्विस कर्मी द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन आग बुझाने के क्रम में 66 अग्निशमन कर्मी शाहिद हो गए थे। उसी के उपलक्ष में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक शैक्षणिक स्थान,हॉस्पिटल,सामूहिक स्थान,होटल इत्यादि स्थानों पर जाकर आमजनों को आग से बचाव से संबंधित जागरूक किया जाता है।

मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): धनबाद के जोड़ाफाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम के 50 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को अस्पताल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्धघाटन धनबाद सांसद पी. एन. सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें तीस यूनिट रक्तदान हुआ। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निर्मल ड्रोलिया ने बताया की डॉ. पी. एन. गुटगुटिया द्वारा 1973 में स्थापित ये अस्पताल 50 वर्षों से मरीजों को निरंतर हर चिकित्सीय विभागों में तत्पर्य होकर सेवा देता आ रहा है। डॉ. ड्रोलिया ने बताया की पाटलिपुत्र नर्सिंग होम द्वारा इस पुरे वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 15 अप्रैल को अस्पताल परिसर में विधिवत पूजाअर्चना एवं आरती की गई तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 56 मरीजों ने अपने विधि नंबर जो का जांच करा कर के अपने स्वास्थ्य के प्रति लाभान्वित हुए एवं अस्पताल के द्वारा 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के हर महीने के 15 तारीख को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं जाँच की व्यवस्था रहेगी जिसमें पाटलिपुत्र होम के कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, ईएनटी,ऑर्थो, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, डेंटल, साइकैटरिस्ट, जनरल सर्जरी, मेडिसिन, फिजियोथैरेपी एंड डाइटिक के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजो को निःशुल्क सेवा प्रदान किया जाएगा।

आदिवासियों ने सरहुल मिलन समारोह का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ जिला के आदिवासी छात्र संघ के द्वारा सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया । हर साल की भांति इस साल भी सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें रामगढ़ शहर के सभी प्रखंड के लोगों ने भाग लिया इस आदिवासी समारोह में अपनी वेशभूषा के साथ महिला पुरुष एवं बच्चों ने इस जुलूस निकाला गया । यह जुलूस चट्टी बाजार से होते हुए थाना चौक एवं सुभाष चौक मैं जाकर समाप्त हो गई । सुभाष चौक में जाकर सभा का आयोजन किया गया।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने किया विमोचन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : झारखण्ड युवा कॉन्ग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शशि कांत वर्मा ने हज़ारीबाग युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं हज़ारीबाग कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव के साथ किया ङ्खढ्ढक्च3 का विमोचन कर प्रदेश प्रवक्ता शशि कांत वर्मा ने बताया कि द कोडरमा जिले में यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया ।भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं ।जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। प्रकाश यादव ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का

आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछ्ले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा। जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक युवा अपनी प्रतिभा से प्रवक्ता का सफर तय करेंगे इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 25/04/2023 तक ऑनलाइन आवेदन ली जाएगी ।जिसका लिंक जारी की गई । विमोचन समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ,युवा कांग्रेस विधानशभा उपाध्यक्ष ग़ालिब ,जिला महासचिव रितेश तिवारी ,युवा कांग्रेस कटकमदाग अध्यक्ष पप्पू यादव ,कृष्णा प्रसाद समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

23 को भामाशाह जयंती मनाने को लेकर तैलिक समाज की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : लेपो रोड स्थित इंद्रलोक टावर में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व मंच संचालन महासचिव नारायण साव ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 23 अप्रैल को भामाशाह जयंती मनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी समाज के लोगो ने एक मत होकर भामाशाह जयंती धूम धाम से मनाने

को लेकर अपना विचार दिया। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कलयुग के महादानी भामाशाह के जीवनी पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इससे आने वाले पीढ़ी को भी उससे प्रेरणा मिलेगी। महासचिव नारायण साव ने बताया कि भारत को बचाने के लिए भामाशाह का योगदान को भुलाया नही जा सकता है। महिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी ने कहा कि भामाशाह जयंती को भव्य रूप देने के लिए पंच मंदिर से पूरे शहर में रैली निकालने पर अपने विचार व्यक्त की है। साथ ही मन से इस रैली में समाज के सभी लोगो को भाग लेने की आग्रह किया गया है।

मुखिया ने जनसमस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने दरानियां डांट टोला जनसमस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। गांव के सभी महिला पुरुष उपस्थित होकर मुखिया अनीता देवी को प्रस्ताव बोला गया । 1 पानी के समस्या 2 बढ़िया रोड नहीं रहने के कारण आने जाने में काफी परेशानी होता है बैठक में सभी मांगों को प्रस्ताव में लेकर पारित कराया गया जल्द से जल्द इसका निराकरण किया जाएगा इस बैठक में उपस्थित राज कुमार देवकी भुईयां गणेश भुइयां बालेश्वर भुइयां किरण देवी परमोद भुइयां वार्ड सदश भानु देवी बैजनाथ भुइयां आरती देवी सीमा देवी पूनम देवी रंजित भुइयां सुबोत भुइयां अशोक भुइयां बैठक में काफी लोग उपस्थित हुए इस मौके पर मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने कहा कि पंचायत के अंतर्गत रविवार के दिन प्रत्येक टोला में बैठक करके ग्रामीणों का जन समस्या सुनना है और सुनने के बाद समस्या का निराकरण करना है।

सम्पन्न हुई विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांतस्तरीय कार्यशाला, केंद्रीय संगठन महामंत्री रहें उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांतस्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आज दूसरा दिन था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे उपस्थित हुए ।जिला संगठन मंत्री छोटू वर्मा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव,क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार,क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार एवं प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम मंचस्थ होकर सर्वप्रथम भारतमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर वहां उपस्थित पदाधिकारियों को बौद्धिक के माध्यम से देश की वर्तमान परिस्थिति में उनका दायित्व और समाज के प्रति उनकी जिम्मेवारियों को याद दिलाया।मुख्य अतिथि के रूप में मनचस्थ विनायकराव देशपांडे ने कहा की आज पूरे देश में बदलते जाति समीकरण और धर्मपरिवर्तन को रोकने में बजरंग दल की अहम भूमिका रहने वाली है। पूर्वी और दक्षिणी भारत भारत सहित झारखंड,बंगाल,ओड़ीसा जैसे राज्यों में आए दिन डर अथवा लोभ में होती धर्म परिवर्तन की खबरें हमारे संगठन के हीं आप जैसे युवाओं से सुनने और अखबारों में पढ़ने को भी मिलता है, जिसको रोकने में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं जिम्मेवारी लेनी होगी और आपने समय समय पर इसको साबित भी किया है।साथ हीं उन्होंने कहा की आज जरूरत न सिर्फ धर्मपरिवर्तन को रोकने की है बल्कि किसी भी कारणवश अपना धर्मपरिवर्तन कर चुके लोगों को पुनः घरवापसी की जिम्मेवारी भी आज बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को उठानी होगी। मारवाड़ी धर्मशाला में द्वितीय दिवस का समापन शस्त्र पूजन के बाद किया गया।वहीं दूसरी तरफ रामगढ़ के होटल लॉ मैरिटल के सभागार में विश्वहिंदू परिषद दुर्गावाहिन मातृशक्ति सेना की बैठक हुई जिसमें संगठन के उपरोक्त सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति और बौद्धिक से दुर्गावाहिनी मातृशक्ति बहनों को समाज में अपनी उपयोगिता दर्शाने के गुर दिए।राष्ट्रीय एवं प्रांतस्तरीय पदाधिकारियों के सभागार में पहुंचते हीं पुष्पवर्षा कर दुर्गावाहिनी की बहनों ने सभी का स्वागत किया ।

श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ विधानसभा क्षेत्र के परसोतिया स्थित श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित हुए।कमिटी के सदस्यों द्वारा अतिथि का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भगवान शिव के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र के सुख समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद लिए।मौके पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के लोग भक्ति भाव मे लीन हो जाते है,लोगों की समस्त दुख प्रभु हर लेते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर

परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो, दिनेश कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा,अरुण अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, नन्दकिशोर कुशवाहा, कुलदीप वर्मा, कमिटी अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सचिव विक्रम कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दयालु महतो, गणेश महतो,राम कुमार, सुधीर कुमार, राजू प्रसाद कुशवाहा, कपूर प्रसाद कुशवाहा, जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

घायल की हालचाल लेने पहुंची और उचित इलाज के लिए दिया निर्देश : सुनिता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : घायल मरीज ददन कुमार से मिलने पहुंची विधायक सुनीता चौधरी । मौके पर स्थिति का जायजा लिया और परिवार वालों से मिलकर उनकी बातों को सुनी । मौके पर माननीय विधायक सुनिता चौधरी ने संबंधित चिकित्सक से बात कर घायल मरीज ददन कुमार की उचित इलाज करने हेतु निर्देश दिया द्य और साथ ही कहा की है मरीज को कुछ दिन पूर्व रामगढ़ में घटित लूटपाट की घटना के क्रम में अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई थी, जिसके इलाज हेतु आरएमसीएच रांची में एक 11/4/2023 को ही मरीज को एडमिट कराई गई थी किंतु कई दिन

बीत जाने के बाद भी अभी तक अभी तक मरीज की पैर से गोली नहीं निकाली गई है । मरीज के परिजन संतोष सिंह बिजुलिया वार्ड ठ्ठश 5 निवासी के द्वारा इसकी सूचना आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल को दी गई, नीरज मंडल ने संज्ञान में लेते हुए इस बात की सूचना विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा को दी सूचना मिलते ही माननीय विधायक सुनिता चौधरी रिम्स पहुंचकर घायल मरीज की हालचाल जाना एवं उनके परिजनों को विश्वास दिलाया कि हर संभव मदद की जाएगी और मेरी जहां भी जरूरत पड़े मैं आपके हर सुख दुख में दिन रात साथ खड़ी हूं द्य और जिला प्रशासन से मांग किया कि लूटपाट एवं गोली कांड की घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल पकड़े और जो भी दोषी हो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए द्य रामगढ़ में इन दिनों अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि विगत कुछ महीनों में लगातार गोलीकांड की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिससे रामगढ़ वासियों एवं विशेषकर व्यापारियों में काफी दहशत का माहौल है जिसे आजसू पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी रामगढ़ अमन चैन का शहर है ।

गिद्दी परियोजना पदाधिकारी व कुछ यूनियन नेताओं के कुचक्र के कारण मजदूरों को संडे नही मिला : पुरुषोत्तम पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्दी : गिद्दी ए परियोजना में आम मजदूरों को संडे का लाभ नहीं मिला, जबकि प्रबंधन (महाप्रबंधक) ने हमारे यूनियन कोलफील्ड मजदूर यूनियन से समझौता किया था की मजदूरों को 50त्न संडे मिलेगा जबकि हमारी यूनियन ने 100त्नसंडे की पुरजोर मांग की थी लेकिन प्रबंधन ने ये हवाला दिया कि 2021में परियोजना सलाहकार समिति ने फैसला लिया था की सी टी ओ नही रहने पर मजदूरों को 50त्नसंडे मीलेगा और प्रबंधन ने आग्रह किया की श्चष्ष्ट के फैसले को मान लिया जाए। हमलोग पीसीसी के फैसले को मान कर 50त्न संडे लागू करने को मान लिया ।लेकिन गिद्दी परियोजना पदाधिकारी केमजदूर विरोधी कुचक्र में कुछ यूनियन फस गए और विवाद खड़ा दिया जो परियोजना पदाधिकारी चाहते थे और संडे मजदूरों से छीन लिया गया।पाण्डेय ने कहा की 9अप्रैल को परियोजना पदाधिकारी ने बिना पीसीसी की सहमति के संडे काट दिया तो हमारी कोलफील्ड मजदूर यूनियन छोड़ कर बाकी किसी ने विरोध नहीं किया जबकि मजदूरों के संडे के लिए सी एम यू ने 36घंटे तालाबंदी कर आंदोलन किया और प्रबंधन को मजदूरों के चट्टानी एकता के आगे झुकना पड़ा और सारी मांगो को मानना पड़ा। लेकिन कुछ यूनियन और परियोजना पदाधिकारी के मजदूर विरोधी कृत्य के कारण मजदूरों को संडे नही मिला जिसकी कोलफील्ड मजदूर यूनियन कड़ी भर्त्सना निंदा करती है और प्रबंधन और कुछ यूनियन से आग्रह करती है की आपको मजदूर विरोधी कार्य नहीं करना चाहिए।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पेज 10

वासेपुर मे राशन व रमजान किट का हुआ वितरण

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रमज़ान के पवित्र माह मे वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की उम्मीदवार जुली परवीन उर्फ जुली बाजी, टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा 251 लोगों के बीच राशन एवं रमज़ान किट का वितरण किया गया। साथ ही साथ सभी ज़रूरतमंदों को आर्थिक मदद भी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन वासेपुर के मटकुरिया रोड स्थित जुली परवीन के कार्यालय मे संपन्न हुआ जहां राशन लेने वालों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने मे आसिफ फय्याज़, सगीर खान, आज़म आदि की सराहनीय भूमिका रही।

मृतक के परिजनों से मिलकर जताया शोक, खाद्यय समाग्री देकर किया सहयोग

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रविवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जमुआ प्रखंड के बेरहाबाद पंचायत में अरवाटांड निवासी 42 वर्षीय राजु महतो का बीते रविवार को बीमारी से मौत हो गई । आज मृतक के परिजनों से मिलने राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव , अधिवक्ता बजरंगी यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा , वरिष्ठ नेता तीतू यादव,आदी उनके आवास पहुंचकर शोक जताया और आटा ,चावल, आलु आदि देकर सहयोग किया तथा हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया । स्व राजु महतो अपने पीछे पार्वती देवी (पत्नी) पुत्र शंकर यादव, सुबोध यादव, पुत्री अंजु कुमारी को छोड़ कर चले गए । स्व महतो अपने परिवार में मात्र एक कमाउ सदस्य थे। अजाति जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने कहा कि राजद गरीबों की पार्टी है। जाति और धर्म से ऊपर उठकर गरीबों का सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है । श्री हाजरा ने कहा कि किसी भी गरीब परिवार की बेटियों की शादी एवं मृतक परिवार में जाना और सहयोग करना यह मेरा शुरू से ही यह कार्य करते आ रहा हूं । आज भी ऐसे खबर मिलने पर मैं हर संभव मदद करने का काम करता हूं । मौके पर किशुन यादव, मो इम्तियाज अंसारी ,बसंत यादव, बलदेव यादव, रेशमन यादव समेत कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सड़क पर लावारिस हालात में खडी मिली कोयला लदी ट्रक, पुलिस कर रही है छानबीन

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखण्ड क्षेत्र के माखमरगो चौक से कुछ दूरी पर कथित रुप से अवैध कोयला लदी एक ट्रक बहुत देर से खडी मिली. जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़ कर फरार हो गया है. सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर पहुंची बिरनी पुलिस ने कहा कि मौके पर कोयला लोड ट्रक खड़ी मिली है परन्तु ट्रक ड्राइवर सहित खलासी मौके से फरार मिला. पुलिस ने काफी खोजबीन किया परन्तु दोनों में से कोई नहीं मिला. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चालक शौच जाने का स्थान पूछ रहा था, जिसके बाद पास के खेत की तरफ जा रहा था।

निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह जिला द्वारा बदडीहा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा में माल्यार्पण और पुपांजलि अर्पित कर क्रायकम का विधिवत सुरुवत किया गया । इस शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर राजीव कुमार एमबीबीएस एमएस डॉक्टर सचिन कुमार एमबीबीएस एमएस , डॉक्टर सौरव जगनन्नि दांत चिकित्सक और आयुष डॉक्टर पी के साहू और कई नर्सिग स्टाफ भी उपस्थित थे । युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रंजीत रॉय ने बताया कि शिविर में लगभग 258 मरीजों को निशुल्क इलाज किया गया और साथ ही साथ रुबेला और खसरा का टीकाकरण भी किया गया । लगभग 94 लोगो का कोविड जांच किया गया । मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे , युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ,जिला महामंत्री मिथुन चंद्रवंशी, सदर प्रखंड के उप प्रमुख कुमार सौरव, मंडल अध्यक्ष सुभम पांडे, बबलू दास, कुमार सुभम ,विशाल गुप्ता,गोपी दास और कई युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खेत में चर रही गाय पर गिरी बिजली की तार, चपेट में आने से गाय की मौत

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाराडीह के ग्राम बिलसाटांड़ में रविवार को सुबह खेत में चर रही एक गाय पर अचानक से बिजली का 11 हज़ार वोल्ट की तार टूटकर गिर गई, जिसके कारण उसके चपेट में आने से घटनास्थल पर हीं गाय की जलकर दर्दनाक मौत हो गई. आपको बता दें कि मृत गाय बलदेव यादव का बताया जा रहा है. इस बीच भुक्तभोगी श्री यादव ने बताया कि सुबह गाय को चरने के लिए खोले थे जो खेत में चर रही थी तभी अचानक बिजली का 11 हज़ार वोल्ट तार गिर गया जिससे गाय की मौत हो गई. घटना की जानकारी क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने दिया जिसके बाद घटनास्थल पर विहिप धर्म प्रचार प्रमुख सह समाजसेवी बबलू यादव, कालेश्वर यादव, नारायण दास,सुखदेव यादव, प्रयाग यादव, सोनू यादव, मनीष यादव समेत दर्जनों लोगों ने पहुँचकर बिजली विभाग को जानकारी दिया।

धनबाद-कोडारमा रेलखंड में विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जांच

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद रेल मंडल के धनबाद - कोडारमा रेलखंड में विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जाँच कार्यक्रम चलाया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कुल 297 बिना टिकट यात्री पकड़े गए। इस दौरान प्राप्त जुर्माना राशि 82,105/- रुपये है। रेलवे अधिनियम का उल्लंघन करने पर 117 यात्रियों को पकड़ा गया। जांच के दौरान बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ, जीआरपी भी मौजूद थे। पूर्व मध्य रेल, धनबाद मंडल द्वारा बिना टिकट/उचित प्राधिकार के बिना यात्रा पर रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं ताकि बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को निरूत्साहित किया जा सके। ऐसे यात्रियों के कारण एक ओर जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर रेल राजस्व की भी हानि होती है। वहीं मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद ने बताया की यह टिकट जाँच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

उपायुक्त ने की समाज कल्याण, बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजना, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैक्टर की अद्यतन स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत संरचना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सामाजिक कुरीति निवारण योजना, पूरक पोषाहार, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना व रेनोवेशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में मोबाइल न्यूट्रीशियन वैन को पुनः शुरू करने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभी पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा की। जिसमें स्पॉन्सरशिप स्कीम, बाल स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए गए बच्चों की संख्या, फोस्टर केयर परिवार चिन्हित करने, सड़क पर गुजर बसर करने वाले चिह्नित बच्चों की संख्या, बाल देखरेख संस्थान, वात्सल्य योजना की समीक्षा की गई। बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि मार्च 2023 तक 156 बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत भुगतान किया जा चुका है तथा वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में अब तक 21 बच्चों को चयनित किया है। साथ बताया कि बाल स्वराज पोर्टल पर 171 बच्चों की फाइल अपडेट की गई है। वहीं सड़क पर गुजर-बसर करने वाले 89 बच्चों को चिन्हित किया गया है। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला शिक्षा पदाधिकारीभूतनाथ रजवार, किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी मनोज इंदवर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, सीडब्ल्यूसी के उत्तम मुखर्जी, पूनम सिंह, डीआरसीएचओ डॉक्टर संजीव कुमार, सभी सीडीपीओ, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभाग से लोग मौजूद थे।

झामुमो सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे विधायक मथुरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बलियापुर : धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड कमेटी द्वारा झामुमो सदस्यता अभियान का कार्यक्रम बलियापुर के पहाड़पुर में रखा गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में माननीय पूर्व मंत्री सह विधायक (सचेतक सत्तारूढ़ दल) मथुरा प्रसाद महतो जी पहुंचे। मौके पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मनु आलम केंद्रीय सदस्य धरणीधर मंडल जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक पुर्व जिला सचिव पवन महतो चंडी चरण देव प्रखंड अध्यक्ष सूरज कांत सोरेन, प्रखंड सचिव गौउर चंद्र मंडल, हेमंत रवानी, ईश्वर मरांडी, लाल मोहन महतो, दिलीप महतो, निर्मल रजवार, मदन महतो, युदेश्वर सिंह, जगदीश चौधरी, बसंत महतो मनोज निषाद राजेश महतो अलोक सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के रूप में निःशुल्क जांच शिविर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में चांदमारी दुर्गा स्थान के निकट किया गया। निःशुल्क जांच शिविर के संयोजक रवि मिश्रा रहे। जांच शिविर में साढ़े तीन सौ से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, पार्टी विद डिफरेंस है। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के रूप में यह जो जांच शिविर लगाया गया है जो काफी सराहनीय है।

बीडीओ ने मनरेगा योजना का किया निरीक्षण

जेसीबी से कार्य करने की हुई पुष्टि

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : बिरनी बीडीओ सुनिल वर्मा ने रविवार को दलांगी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़ी उजागर हुआ है. बीडीओ वर्मा ने दलांगी पंचायत के खुतेजा खातून के जमीन पर 60×60×10 डोभा निर्माण में पाया कि डोभा की खुदाई पूरी कर लिया गया है 22 हजार रुपये की निकासी की गई है, लेकिन योजना स्थल पर देखने के बाद स्पष्ट पता चलता है कि 3 तरफ से भिंड को काटकर एक तरफ मिट्टी लगाकर डोभा निर्माण पूरा कर लिया गया है. वहीं दूसरी योजना फिरोज अंसारी के जमीन पर 90×90×10 तालाब निर्माण 4 लाख 93 हज़ार से किया जाना था जिसमें जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई करने की पुष्टि हुई तो मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक लतीफ अंसारी ने कहा कि उस योजना का जीओ टैग या भुगतान नही किया गया है. तीसरी योजना बेहराबाद के अंधारी में असलम अंसारी के जमीन पर 80×80×10 तालाब निर्माण की स्वीकृति 2018-019 में दिया गया था, इस योजना में तालाब की खुदाई वर्षो पूर्व जेसीबी मशीन से कर ली गयी थी. इस योजना के बारे में रोजगार सेवक ने बताया कि इसमें 11 हज़ार 88 रु का भुगतान किया गया है लेकिन जेसीबी मशीन से खुदाई करने के कारण भुगतान पर रोक लगाया गया है. बीडीओ ने रोजगार सेवक से कहा कि अब तक योजना को बन्द करते हुए राशि की रिकवरी क्यों नहीं की गई है. अबिलंब राशि की रिकवरी करते हुए योजना को बंद करे अन्यथा रोजगार सेवक पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा. चौथी योजना नसीमा खातून के जमीन पर 80×80×10 तालाब निर्माण वर्ष 022-23 प्राक्कलित राशि 3 लाख 38 हजार रुपये की लागत से किया जाना था लेकिन इस योजना को एक तरफ से मिट्टी को काटकर तीन तरफ से घेरकर तालाब को लगभग पूर्ण कर लिया गया है. पांचवी योजना ललका गढ़ा में 80×80×10 तालाब निर्माण की खुदाई बाहरी मजदूरों को लगाकर योजना को पूर्ण कर लिया गया है. योजना स्थल को देखने से स्पस्ट पता चलता है तालाब की खुदाई 2 फिट से ज्यादा नही हुई है और खुदाई मिट्टी को 3 तरफ से मिट्टी लगाकर तालाब को पूरा करने का प्रयास किया गया।

पेयजल को लेकर तरस रहे हैं लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा और सामाजिक कार्यकर्ता रमेश यादव रविवार को सीसीएल क्षेत्र पहुंच कर गांधी नगर के लोगो से बात की महिला पुरुष ने कहा कि लगातार चार महीने से पीने का पानी का घोर दिक्कत है,ग्रामीणों ने बताया कि प्रेम नगर,कोपा बनियाडीह,नीचे पाड़ा,ऊपर पाड़ा, अगदोनी खुर्द,राजनगर,जोगीटांड आदि सीसीएल क्षेत्र में बहुत दिक्कत है महिला, पुरुष, बच्चे बुजुर्ग परेशान है , श्री सिन्हा ने कहा जीते हुए प्रतिनिधि को मूलभूत सुविधा के बारे कोई जानकारी नहीं है,जनता को मिले या नही मिले अब वह चुनाव में नजर आएंगे,जबकि सीसीएल अफसर को भी आम जनता से बहुत लेना देना अब नही रह गया है,सिर्फ सीसीएल अफसर नेताओं की आव भगत में बीजी होते है,जनता कैसे परेशान हो इसका प्रोजेक्ट बनाते रहते है,सीसीएल की जनता के साथ माले खड़ी है,एक सप्ताह में सही नही हुआ तो,प्रोजेक्ट ऑफिस से जनता को घेरने का प्लान करेंगे।सिन्हा ने कहा कि सीसीएल ऑफिसेज, क्षेत्र में मूलभूत सुविधा, शिक्षा,सुरक्षा,खेल मैदान,पेयजल बिजली,सड़क आदि की बहुत कमी है, सब बेहतर करें सीसीएल, ताकि जनता की परेशानी दूर हो। महिलाए पुरुष पानी के बर्तन को लेकर सिन्हा के समक्ष खड़े मिले महिलाओं ने कहा नेता सिर्फ चुनाव में आते है, मौजूद थे चरखी देवी, आशा देवी, पिंकी देवी, सोनिया, लक्ष्मण दास, शिबू दास, कल्लू दास, कृष्णा दास, संतोष बिट्टू,सोनू दास सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

बंद पड़े घर में हुई चोरी, 7 लाख के गहने ले गए चोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : एक पति ने अपनी पत्नी के जेवरात को चोर-उच्चकों से बचाने के लिए घर में सुरक्षित तरीके से अलमारी में रख कर गांव चला गया। जबकि पत्नी उक्त गहने अपने साथ ले जाने के लिए बक्से में रख चुकी थी। परंतु पति के मना करने पर उसने अपने गहने को घर में ही सुरक्षित रख छोड़ा था। उसे क्या पता था कि जिसे वह सुरक्षित समझ रही है, वहां चोर आकर उसके गहने को ले जाएंगे। यह मामला है धनबाद सदर थाना के विनोद नगर स्थित गीता सदन के किराएदार सौरभ वत्स की। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित विनोद नगर मोड़ के गीता सदन में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर लगभग 7 लाख की संपत्ति चुराकर चंपत हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त मकान में किराए पर रहने वाले नवविवाहित दंपत्ति किसी काम से अपने गांव गए हुए थे। इस दौरान उनके पहली मंजिल स्थित कमरे में ताला लगा हुआ था। जबकि मकान मालिक उसी मकान के ऊपर तल्ले में रहते हैं। भुक्तभोगी के घर के कमरे के बगल में एक सीआईएसएफ का जवान भी किराए पर रहता है। जो सीआईएसएफ जवान है। वह गेट में ताला बंद कर रात 8-00 बजे अपनी ड्यूटी पर चला गया था। जिसके बाद देर रात चोर बाउंड्री तड़प कर परिसर में घुस गए। वहां मेन ग्रीन में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसे। जहां कमरे के दरवाजे में लगे ताले को तोड़ा। उसके बाद घर में प्रवेश कर अलमारी, बक्से को तोड़कर कीमती गहने और जेवरात तथा नगद लेकर रफूचक्कर हो गए। इस संबंध में गृहस्वामी ने बताया कि किराएदार सौरभ वत्स अपनी पत्नी के साथ गांव गए हुए थे। जबकि दूसरे कमरे में रह रहे किराएदार सीआईएसएफ जवान भी ड्यूटी पर चले गए थे। इसी दौरान देर रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना गृह स्वामी ने भुक्तभोगी सौरभ को दी। जिसके बाद वह अपने गांव से धनबाद के लिए रवाना हो गए। बगल के किराएदार ष्ठ्ठस्त्र जवान अरविंद हांसदा ने बताया कि वह नाइट ड्यूटी में था। सुबह आया तो देखा कि रूम का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद उन्होंने गृह स्वामी को इसकी सूचना दी।

ईद-उल-फितर को लेकर बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी थाना परिसर में आज रविवार को नये थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजुर की अध्यक्षता में पात्र परिचय सह ईद उल फितर को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। विदित हो कि टुंडी थाना में हाल ही में नये थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजुर का पदस्थापन हुआ है इसी को लेकर पात्र परिचय सह ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसमें थाना प्रभारी अनिल कुजुर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से ईद को लेकर शांति बनाए रखने एवं सहयोग करने की अपील की गयी। मौके पर टुंडी थाना के नये थानेदार अनिल कुजुर,एस आई सत्येन्द्र पाल, रोहित रजक, अवधेश पासवान, मुरली मनोहर सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह पूर्व बीस उपाध्यक्ष तिलक मंडल, टुंडी मुखिया रेखा देवी,कदैया मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी, झामुमो नेता बाबा मनीर मस्तान, कांग्रेस कमिटी के आनंद कुमार मोदक, शंकर प्रजापति, टुंडी उपमुखिया संतूलाल किस्कू, समाजसेवी सपन ओझा नवीन चन्द्र सिंह, नीलमोहन मिश्रा, कांग्रेस कमिटी के प्रवीण जायसवाल, रतनपुर मुखिया प्रतिनिधि सहादत अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि अजय मुर्मू समेत सैकड़ों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही टुंडी थाना की और से पनशाला का विधिवत उद्घाटन टुंडी मुखिया रेखा देवी ने फीता काट कर किया और कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए जनमानस के लिए निशुल्क पनशाला का शुभारंभ आज रविवार से किया गया है।

संस्कृत पाठशाला में संस्कृत वाचन कला से अवगत हुए छात्र छात्राएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : श्री सत्यनारायण मंदिर स्टेशन रोड झरिया परिसर स्थित संस्कृत पाठशाला में रविवार को अधिवक्ता हरीश जोशी ने छात्र छात्राओं को संस्कृत वाचन कला का अभ्यास कराई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के मंत्रों उसके उच्चारण की विधि आदि की पूरी जानकारी छात्र छात्राओं को दी। गौरतलब हो कि विगत 35 वर्षों से अधिवक्ता श्री जोशी साप्ताहिक संस्कृत पाठशाला का आयोजन कर रहे हैं। इस पाठशाला से जुड़े अनेक छात्र छात्राएं अब देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों मैं बसे हुए हैं। इसके बावजूद उनका जुड़ाव इस पाठशाला से आज भी बना हुआ है। रविवार को विश्व हिंदू परिषद के धर्माचार्य प्रमुख बलदेव पांडेय एवं एम मिश्र विशेष रूप से उपस्थित थे। संस्कृत पाठशाला में विद्यार्थियों के बीच प्रसाद वितरण का कार्य डॉक्टर उषा अरविंद भाई ठक्कर की ओर से किया गया।

पूर्वी टुंडी प्रखंड के रामपुर पंचायत के दो गांव में अभी तक नही पहुंची विकास की किरण

गांव में नही है स्वास्थ, पानी व आने-जाने के लिए अच्छी सड़क की सुविधा

नित्यानंद मंडल@प्रभात मंत्र

पूर्वी टुंडी : धनबाद जिला के पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के खैरटाड और पुरानाटांड गांव में आजादी के 76। साल के बाद भी सड़क स्वास्थय, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है । उक्त दोनों गांव की आबादी लगभग 500 की है यहां पर एससी , एस टी ,ओबीसी, सामान्य, जाति के लोग रहते हैं। यहां की जन समस्या बहुत ही चिंताजनक बनी हुई है। आजादी के 76 साल बीत चुके हैं जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है, वही उक्त दो गांव खैरटांड और पुरानाटांड के लोग पानी, स्वास्थ्य, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है । सरकार नई-नई योजनाओं का आविष्कार कर रही है वही उक्त

आशा देवी ने बताया की हम लोग हर किसी को यहां की पानी, सड़क, स्वास्थय की समस्या को लिखित आवेदन देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी,उपायुक्त महोदय, को अवगत कराया है। और जिसकी सूचना, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में दिया था, इसके पूर्व भी विधायक और उपायुक्त महोदय को आवेदन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई गांव की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जबकि आपकी योजना आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार में अधिकारियों ने कहा गया था, कि 30 दिन के अंदर सब आवेदन का कार्य पूर्ण किया जाएगा ।

गांव के ग्रामीण हरिधन रजक ने बताया कि अचानक हमारी पत्नी की ब्रेन हेमरेज हो गया था। मैं गाड़ी के की व्यवस्था के लिए लगा रहा। रास्ता न होने के कारण गाड़ी हमारे गांव से एक किलोमीटर दूर पर ही मुख्य मार्ग के सामने खड़ी रही। जल्दी अस्पताल नही ले जाने ने के कारण हमारी पत्नी की मृत्यु हो गई।

गांव के ग्रामीण अर्जुन रजक ने बताया कि गांव में सड़क निर्माण की मांग हमने किया था लेकिन उल्टा हमे मुकदमा में फसा दिया गया। सरकार इतनी सारी योजनाएं लाती है और भूमि में नजर नहीं आती है, पहले गांव के जोड़ियां में प्रधानमंत्री सेतु योजना के अंतर्गत 2005 में एक पुल का भी निर्माण किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य गांव को दूसरे गांव के मुख्य पथ से जोड़ना था, लेकिन आज तक दोनो गांव को मुख्य पथ से अभी तक नही जोड़ा गया है। हम लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर रखा गया।

झुनिया देवी ने बताया कि हैं बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा हम लोगों की तकलीफ है हमारी तबीयत बिगड़ने के कारण बेटे की मदद से मोटरसाइकिल मे सवार होकर अस्पताल जाने के क्रम में मोटरसाइकिल गड्ढे पर गिर गई और हमारी कमर में चोट लगी, जिसकी वजह से हमने महीनों बिस्तर पर गुजारी पड़ी ।

गांव में आने जाने का रास्ता तक नहीं है। गांव को अभी तक मुख्य मार्ग से जोड़ा नहीं गया है, सड़क नही रहने के कारण यहां पर कोई भी सुविधाजनक कार्य नहीं होती पाती है। उक्त गांव में सरकार ने अभी तक स्वच्छ पीने की पानी का व्यवस्था नही किया है । ना ही गांव में स्वास्थय केन्द्र है। गांव के लोग, बीमार से ग्रस्त लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए खटिया पर उठाकर मरीजों को मुख्य मार्ग तक ले जाने को मजबूर रहते हैं। सबसे आशचर्य की बात तो यहा अच्छा सड़क नही रहने के कारण उक्त गांव की बेटियों का किसी अच्छे घर में शादी करवाना भी बहुत ही मुश्किल होता है ।इसके अलावा ग्रामीणों को बहुत सारी परेशानियां झेलना पड़ता है। सड़क नही होने की वजह से लोग अच्छे रिश्ते को नकार देते हैं। स्वास्थय सुविधा नही रहने से गर्भवती महिलाओ को समय से अगर अस्पताल की आवश्यकता हो तो अस्पताल ले जाने के क्रम में गर्भवती महिला और बच्चें को नुकसान पहुंचता है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पेज 11

कंप्यूटर शिक्षा हर एक पेशे का एक अभिन्न अंग : विधायक भूषण बाड़ा

पायोनियर कंप्यूटर सेंटर के फाउंडेशन डे में 30 छात्रों को विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दिया टैबलेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : पायोनियर कंप्यूटर सेंटर में रविवार को फाउंडेशन डे सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर डांस प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस युग कंप्यूटर शिक्षा हर एक पेशे का एक अभिन्न अंग बन गया है। कंप्यूटर शिक्षा इन दिनों हमारे जीवन के लगभग हर क्षेत्र पर हावी हो रहे हैं। इससे अब पीछे हटना संभव नहीं है। पायोनियर कंप्यूटर सेंटर वर्षों से कम खर्च पर जिले के गरीब से गरीब छात्रों को कंप्यूटर ज्ञान दे रहा है। जो सराहनीय है। यहां से पढ़कर आज कई युवा विभि?न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए वे हर संभव मदद करेंगे। मौके पर विधायक सहित पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सेंटर की 30 छात्रों के बीच टैबलेट का वितरण किया। संचालक राहुल कुमार ने बताया कि टैबलेट टेक्नोसिस एजुकेशन बिलासपुर के तहत आयोजित परीक्षा में सफल छात्रों को दिया गया है। प्रतियोगिता में जज के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रीति नूर कुल्लू उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सुमन ग्रुप को प्रथम, लक्ष्मी ग्रुप को द्वितीय तथा आरती ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। **जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं भूषण बाड़ा :** जोसिमा खाखा : मौके पर जोसिमा खाखा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही आगे बढ़ने का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। विधायक ने अपने मद से कई स्कूलों में पुस्तक सहित अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए निविदा भी निकाली जा चुकी है। इसके बाद शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। वहीं गरीब बच्चों को विभिन्न तरह की पुस्तकें आसानी से उपलब्ध होगा। मौके पर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, मो अरमान, शिक्षक अरुण शर्मा, ललिता, प्रीति नूर कुल्लू, मणि कुमारी सिंह आदि उपस्थित थे।

बड़की चांपी पंचायत कि समग्र विकास को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : कुडू प्रखंड अंतर्गत बड़कीचापी पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय कार्यशाला प्रदान संस्था के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का अध्यक्षता बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत ने की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत को सशक्त करना है। इस कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों और प्रदान संस्था के बीच आपसी समझ बनने के उपरांत एक गैर वित्तीय अनुबंध किया गया। जिसमें दोनों मिलकर कैसे पंचायत का समग्र विकास कर सकेंगे। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों को हक अधिकार पर प्रशिक्षण, उनके कार्य और जिम्मेदारी पर प्रशिक्षण, ग्राम विकास की योजनाओं पर समझ, पंचायत के स्थायी समिति के कार्य और दायित्व, पंचायत का अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना, पंचायत स्तरीय आजीविका के अवसर सृजित करने में सहयोग, PRI और CBO बीच समन्वय, ग्राम सभा सशक्तिकरण। इस कार्यशाला में प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर प्रसाद, मुखिया राजधन भगत, पंचायत सचिव सीताराम उराँव, उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य गीता देवी, अनिता लकड़ा, जसमनी उराँव, नीतू देवी, सुनीता देवी, आलोमनी देवी, जैनुल अंसारी, सुनील मुंडा, प्रण महतो, शिवशंकर भगत, एवम् प्रदान संस्था से फहद खान, सूर्योदय, विकास मिश्र, गोल्डन राज, अर्चा, देवेंद्र, रामस्वार्थ और कुंदन उपस्थित रहे।

गंगा महिला मंडल के सदस्यों को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देते हुए किया जागरूक

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत अम्बाटोली में बैठक आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। प्रखंड में कार्यरत संस्था जेएसएलपीएस के माध्यम से चितरी डाँडू पंचायत के अम्बाटोली में संचालित सरना और गंगा महिला मंडल के सदस्य दीदियों को पोषण और स्वास्थ्य के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद जेएसएलपीएस के प्रखंड बीआरपी पूनम देवी पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल ग्रामीण विकास योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया। कि जो बच्चे बच्चियाँ पढ़ाई छोड़ चुके हैं। वैसे लोगों को पंडित दीनदयाल उपाधयाय कौशल विकास योजना की ओर इलेक्ट्रिशियन, होटल मैनेजमेंट तथा अन्य तरह का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर जॉब से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। मौके पर मोनी देवी, अनिता उराँव, अंजू उराँव, सघन देवी,बिना देवी के अलावे महिला समूह की सैकड़ो दीदी उपस्थित थी।

उजला रविवार के मौके पर परम प्रसाद ग्रहण समारोह संपन्न

विशप की अगुवाई में संपन्न हुई धर्मविधि, विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित हजारों की संख्या में उमड़े मसीही

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जिले में 16 अप्रैल को उजला रविवार आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर सैकड़ें बच्चो ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। जिला मुख्यालय स्थित सामटोली स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हुए प्रथम परम प्रसाद दिया गया। विशप बिसेंट बरवा की अगुवाई में धर्मविधि सम्पन्न हुआ। धर्मविधि में विजी सह पल्ली पुरोहित फा इग्नासियुस टेटे, फा पियुस खलखो, फा एफ्रेम बा?, फा सुनील सुरीन, फा ब्रुनो टो?पो, फा हेनरी तिग्गा, फा जेबियर, फा प्रदीप केरकेट्टा आदि पुरोहितों ने सहयोग किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विशप ने अपने संदेश में कहा कि रोटी और दाखरस को अपने जीवन में पहली बार परम प्रसाद के रूप में ग्रहण कर ईश्वर के करीब पहुंच जाते हैं। आज के परिपेक्ष में मनन चिंतन करने की जरूरत है। हमलोगों को एक दूसरे का सहायता करना चाहिए। शांति का मार्ग कठिन होता है। **परम प्रसाद से नयी उमंग, जोश और स्फूर्ति का होता है संचार : विधायक भूषण बाड़ा :** वहीं विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करते ही आत्मा में नयी उमंग, जोश और स्फूर्ति का संचार होता है। जीवन में ईश्वर के प्रति विश्वास को मजबूत करें। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हमारा समाज और समुदाय निराश और शंकाओं से घिरा हुआ है। इस अशांत और निराश भरे जीवन मे उत्साह और शांति लेने के लिए आज भी प्रभु येसु उपस्थित है, जिसे महसूस करने की जरूरत है। उनका संदेश नई आशा और उमंग पैदा करता है। मौके पर सैकड़े बच्चों ने परम प्रसाद ग्रहण किया। **216 बच्चों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद :** उजला रविवार के मौके पर संत अन्ना महागिरजाघर में 216 बच्चों ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। परम प्रसाद ग्रहण करने वालों में हॉली स्पीरिट स्कूल के 44 बच्चे, यूसी सामटोली के 63 बच्चे, संत अन्ना स्कूल के 43, एसजीटी खंजालोया के चार, संत जोंस स्कूल फरसाबेड़ा के 11, संत मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल के 30, संत मेरीज प्लस टू स्कूल के 11, गोस्सनर इंग्लिश मीडियम स्कूल खूंटीटोली के पांच बच्चे शामिल हैं।

भाजपा युवा मोर्चा ने मैनाबेड़ा में लगाया चिकित्सा शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के निमित्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व सदर प्रखंड के मैना बेड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जहां सैकड़ो ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया, कोलेबिरा बिधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह चिकित्सक डॉ महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच कर आवयश्क दवाइयां का बितरत किया गया।मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह मनाया जा रहा है इसी निमित्त आज यह निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके क्योंकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पाती है । वही उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा समय-समय पर अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिससे आम लोगों को लाभ मिले क्योंकि प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास आज के इस निशुल्क चिकित्सा शिविर से ग्रामीणों को काफी लाभ मिला और स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीण जागरूक भी हुए समय-समय पर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाते हुए जांच अवश्य करानी चाहिए। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी को यूं ही नहीं पार्टी विद डिफरेंस कहा जाता है जहां अन्य राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट की राजनीति करती है भारतीय जनता पार्टी सेवा ही भावना की राजनीति करती है। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने निशुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के मौके पर कहा की प्रदेश संगठन के निर्देश पर भाजयुमो का यह शानदार पहल है इससे दूरदराज में बसे ग्रामीणों को भी मेडिकल का लाभ मिलेगा क्योंकि भोजन शिक्षा आवास के साथ साथ लोगों को स्वास्थ्य का भी अधिकार मिलना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विमला प्रधान एवं अतिथि जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव एवं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

खेल से बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास होता है : बीडीओ

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सद्भवना मंच के तहत वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सेन्हा में वॉलिबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे खान मुहल्ला एवं सेन्हा चौक के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। वही खेल का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा बॉल को हैंड से किक कर खेल प्रारम्भ किया गया। साथ बीडीओ स्वयं खेल कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की खेल से व्यक्ति का बौद्धिक,शारिरिक और मानसिक विकास होता है। खेल टीम भावना का परिचय देता है। जिसे मिल जुल कर एक साथ शान्ति व सौहार्द से रहने पर समाज में अच्छा संदेश जाता है। और समाज भी व्यक्तियों के जैसा साफ सुथरा और स्वास्थ रहता है। एक टीम में खिलाड़ी विभिन्न समुदाय के होते हैं। और सभी आपस मे मिलकर जीतने का प्रयास करते है। उसी तरह सभी जाति समुदाय के लोग मिल जुल कर एक स्वस्थ्य और सुन्दर समाज का निर्माण करेंगे तो सभी का जीवन मे शान्ति, सौहार्द और खुशहाली बना रहेगा। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दोनों टीम को पुरस्कार स्वरूप एक एक वॉलिबॉल दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदादिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव के अलावे नरेश महतो, ईश्वर महतो, जैनुल अंसारी, सिकंदर हयात, सुनील राम सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित थे।

यज्ञ में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण हुआ भक्तिमय

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भंडरा प्रखंड के भौंरो में चल रहे छह दिवसीय श्रीपंच कुण्डात्मक रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भंडरा प्रखंड सहित आसपास के सुदूरवर्ती गांव से महिला-पुरुष सुबह से ही परिक्रमा स्थल व नवनिर्मित शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर रहे है। इस दौरान ओम नम: शिवाय, बोलबम के उद्घोष व मंदिरों की घंटियों की ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। यज्ञ मंडप की परिक्रम के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है। यहां सुबह बजे से देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ समिति के रामवृक्ष साहू ने बताया कि यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है। इसलिए समय-समय पर यज्ञ के कल्याण के लिए महायज्ञ जरूरी है। यज्ञ मंडप में आचार्यों द्वारा पूजा अर्चना, हवन का संचालन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कमिटी के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद है। इसके अलावे रोजाना शाम छह बजे से आठ बजे तक साध्वी मंदाकिनी दीदी द्वारा प्रवचन दिया जाता है। जिसमें उन्होंने कहा कि आज के इस समय में हर माता पिता चाहते हैं कि उनके पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व भगवान श्री कृष्ण की तरह हों,लेकिन पुत्र श्रीराम और श्रीकृष्ण की तरह तभी होंगे जब माता पिता भी राजा दशरथ व कौशल्या माता एवं नंद बाबा व यशोदा की तरह हों।

मोदी का शासन में आते ही देश में नफरत का माहौल- महंगाई और बेरोजगारी चरम पर : मोहन दुबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड के अरू बाजार में प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे, सचिव मुस्ताक अहमद,कुणाल अभिषेक, नंदू शुक्ला, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड के प्रभारी मोहन दुबे ने आम लोगों को जागरूक एवं अवगत कराया गया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज को हमेशा से बुलंद करते रहे हैं और केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों का हमेशा से विरोध करते रहे हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो चुकी है महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी से देश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में हो गया है इस पर मोदी को कोई चिंता नहीं है। मोदी जी देश के चंद पूंजीपति मित्रों को गलत तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं उन्हें देश की आम जनता और गरीबों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। विगत दिनों संसद के अंदर हमारे आदरणीय नेता राहुल गांधी जी ने मोदी से सवाल खड़ा किया था कि गौतम अडानी की सेल कंपनियों में बीस हजार करोड रुपैया किसका है और आपका अदानी से क्या रिश्ता है इसी बात को लेकर संसद की संयुक्त जांच समिति से जांच कराने की मांग पर पूरा विपक्ष एकजुट हुआ नतीजा आनन-फानन में अपने भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने के लिए मोदी राहुल गांधी के संसद सदस्यता को समाप्त करने की साजिश रची। देश की जनता सभी चीजों को बारीकी से देख रही है जब से मोदी जी का शासन केंद्र में आया है तब से देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। ज्वलंत मुद्दों से आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का कार्रवाई किया जा रहा है निश्चित तौर पर ऐसे करवाई से जहां देश का लोकतंत्र खतरे में है अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है और भ्रष्टाचारी मित्रों को लाखों करोड़ रुपैया का मदद पहुंचाया जा रहा है। इस देश के आम जनता का पैसा लूटकर नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या जैसे लोग विदेशों में ऐश कर रहे हैं और तथाकथित चौकीदार मोदी जी सभी भगोड़ों को संरक्षण दे रहे हैं यह हकीकत में भ्रष्ट पूंजीपतियों का चौकीदार है।

चापाकल खराब होने से आंगनबाड़ी बच्चो को पेयजल कि बढ़ी परेशानी

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): इन दिनो लगातार बढ़ती गर्मी से जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जगह जगह चापाकल, जलमीनार खराब होने लगे हैं, वही नदी नाले कुंआ तलाब आदि का पानी सूखने से पेयजल की समस्याएं उत्पन्न हो गई है। प्रखण्ड मुख्यालय गांव कैरो मुस्लिम मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के सामने का चापाकल महीनों से खराब होने के कारण आंगनबाड़ी आने वाले छोटे छोटे बच्चों समेत सेविका सहायिका को खासे परेसानी का सामना करना पड़ता है।दूर स्थित कुंआ या चापाकल से पानी लाकर पोषाहार बनाया जाता है,शौचालय में पानी की व्यवस्था की जाती साथ साथ बच्चों के इस्तेमाल के लिए पानी का जुगाड़ करना पड़ता है।सेविका नसीमा खातून का कहना है कि चापाकल मरम्मती व सप्लाई पानी का कनेक्शन सही करने को लेकर कई कई बार मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियो के साथ विभागीय पदाधिकारियो से गुहार लगा चुके है परन्तु स्थिति जस की तस बनी हुई है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के जे ई सुमन राज खलखो का कहना है कि यथाशीघ्र चापाकल की मरम्मती करा दी जाएगी ताकि पेयजल से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को राहत मिल सके।बढ़ती गर्मी को लेकर उप स्वस्थ्य केंद्र कैरो के डॉक्टर राकेश कुमार का कहना है कि गर्मी में सावधानी बरतना अति आवश्यक है खासकर बच्चों का विशेष ध्यान देने की जरूरत है हमेशा पानी पीते रहें शरीर मे पानी की कमी हरगिज न होने दें,बाहर निकले तो बोतल में पानी रखे,सर को ढकने के लिए टोपी छाता रखे या फिर सर,चेहरा मुह ढकने के लिए गमछा तौलिया आदि रखे बिना जरूरत धूप में बाहर न निकले किसी प्रकार की परेसानी होने पर डॉक्टर से सम्पर्क करें।

कांग्रेसियों के प्रयास से लगा सुंदरु आदिवासी टोला में ट्रांसफार्मर

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ रविवार को कुडू प्रखंड के ग्राम सुंदरू आदिवासी टोला पहुंचे जहां आयोजित एक सादे समारोह में आलोक कुमार साहू, लाल विकास नाथ शाहदेव, देवी पाहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किए। इससे पूर्व पाहन के द्वारा विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना किया गया। दो नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत, आलोक साहू एवं लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता का आभार प्रकट किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि विगत 10 दिन पूर्व ग्रामीणों के आग्रह पर वे सुंदरू आदिवासी टोला आए थे तो उस समय ग्रामीणों ने बताया था कि विगत 2 माह से यहां 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिसके कारण यहां की जनता बिजली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। मैंने कार्यपालक अभियंता से बोलकर यहां दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया लेकिन एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत आजसू पार्टी के लोग आनन-फानन में अपने से ही उद्घाटन कर झूठा श्रेय लेने का प्रयास किए जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उद्घाटन करने के अवसर पर बिजली मिस्त्री एवं ग्रामीणों ने आजसू नेताओं को बताया था की यहां ट्रांसफार्मर कांग्रेसियों के प्रयास से आया है। आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में आजसू पार्टी का जनाधार समाप्त हो गया है इसलिए दूसरे के कामों का अपना बताकर श्रेय लेने का काम कर रही है। जनता सब देख रही है। आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड की कांग्रेसनीत यूपीए सरकार ने झारखंड के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने का काम किया है। एक सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली, बकाया बिजली बिल पर ब्याज माफ तथा 5 किस्तों में बकाया मूल राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, अनिल उरांव, राजेश उरांव, दिनेश उरांव, पवन उरांव, सुरेंद्र उरांव, अजीत उराव, इनामुल अंसारी, बबलू उरांव, अनीता उरांव, धनकुमारी, सती उरांव, तारामणि उरांव, चंद्रमुनी उरांव, सजनी उराव, सुनीता उरांव, अनिल उरांव, अमृता उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच व इलाज कराकर हुए लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 43 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं प्रसिद्ध चित्रकार देवानंद महतो ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल एवं देवानंद महतो को गुलाब पुष्प देकर अभिवादन किए। देवानंद महतो ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। सेवा भारती लोहरदगा ने गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता के माता जी÷जिनकी उम्र 103 वर्ष की थी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी, देवानंद महतो, मीना देवी, वीरेंद्र गुप्ता, सुबोध महतो, मोतीलाल साव, मुन्नी उरांव, दीपमाला अग्रवाल, अंजली सर्राफ, शर्मिला देवी, अतुल सर्राफ, दिनेश चौरसिया, अनिल वर्मा, दिनेश कुमार, धनंजय अग्रवाल, उदय कास्यंकार, अशोक अग्रवाल, पंडित भीम तिवारी, सुशीला देवी, सचिन कुमार, गोपाल सिंह, अनूप कुमार महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार वर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, सरिता देवी, अंजू देवी, वीरेंद्र साव आदि उपस्थित थे।

इमरान आजाद अंसारी के आवास पर इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को सेरेंगहातू तोड़ार स्थित युवा विधानसभा अध्यक्ष इमरान आज़ाद अंसारी के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे सभी समाज के लोग शामिल हुए और रोजेदारों ने रोज खोला और अमन शांति कि दुआ मांगी गई। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, जिला महासचिव सलीम अंसारी बड़े, जिला सचिव, नंदू शुक्ला, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भगत, सेनहा थाना प्रभारी धनंजय पासवान, साहू, युवा प्रदेश महासचिव फहद खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जयनाथ साहू, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, युवा उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, प्रकाश उरांव, युवा नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, युवा जिला महासचिव इमरोज अंसारी, तौसीफ आलम, इम्तियाज अंसारी, शमशेर अंसारी, असलम अंसारी, हाजी ईनुस अंसारी, असर अंसारी, दानिश, बबलू, आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

अस्थायी रूप से बंद होगा द कपिल शर्मा शो

मुंबई : कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा का द कपिल शर्मा शो टीआरपी चार्ट में हमेशा टॉप पर रहता है। अब इस शो के बारे में फैंस के लिए एक बुरी खबर है। कपिल शर्मा का कॉमेडी शो अस्थायी रूप से बंद होने वाला है और जल्द ही इसका आखिरी एपिसोड शूट किया जा सकता है। हालांकि, अभी इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, द कपिल शर्मा शो जून के अंत तक ऑफ एयर हो सकता है। मेकर्स जल्द ही शो के आखिरी एपिसोड के प्रसारण की तारीख की घोषणा करेंगे। कपिल शर्मा पिछले काफी समय से अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए ब्रेक लेने की कोशिश कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि शो को होल्ड किया जा रहा है। मेकर्स को इस ब्रेक के दौरान शो और इसके किरदारों में कुछ अच्छे बदलाव करने का भी मौका मिलेगा। हालांकि, मेकर्स या शो की टीम की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, द कपिल शर्मा शो से जुड़े एक सूत्र ने कहा, शो में इस तरह का ब्रेक होना वाकई शो के लिए फायदेमंद होगा। इस तरह का ब्रेक कंटेंट और कास्ट के मामले में चीजों को बेहतर बनाने का मौका देगा। कॉमेडी बहुत कठिन शैली होती है, इसलिए अभिनेताओं को एक ब्रेक की जरूरत होती है। इससे पहले भी शो ने बड़ा ब्रेक लिया था। उसके बाद द कपिल शर्मा शो ने नए दम के साथ वापसी की थी, लेकिन अब शो के एक बार फिर से ऑफ एयर होने की बात सुनकर फैंस परेशान हैं।

हिमाचल प्रदेश के छह जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट, पहाड़ों पर गिरेगी बर्फ

शिमला : हिमाचल प्रदेश में मौसम की गतिविधि बदल रही है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में रविवार को बादलों और धूप की आंख-मिचौनी के बीच उमस और भीषण गर्मी की दौर जारी रहा। हालांकि, अगले चार दिन बादलों के बरसने से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में 18,19 व 20 अप्रैल को छह जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने बिलासपुर, मंडी, चम्बा, शिमला, कांगड़ा और कुल्लू जिलों में 19 अप्रैल को भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट, जबकि इन जिलों में 18 व 20 अप्रैल को येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति और किन्नौर सहित पहाड़ी इलाकों में बर्फ गिरने की आशंका है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 17 अप्रैल यानी सोमवार से प्रदेश में वर्षा व बर्फबारी का दौर शुरू हो सकता है, जो अगले चार दिन तक रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि मौसम में ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आएगा। 18 से 20 अप्रैल तक राज्य के कुछ स्थानों पर तेज वर्षा व ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस दौरान आसमानी बिजली गिरने की भी आशंका है।

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदनीनगर का चुनाव ऐतिहासिक

अयोध्या के तर्ज पर सजेगा कोयल तट : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हमारा शहर और आसपास को क्षेत्र पानी के लिए जूझ रहा है। प्रतिदिन पानी का लेयर नीचे जा रहा है। जिसके स्थाई समाधान के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। कोयल में मिनी बांध बांधने की मांग मैं कर रही थी। जिसके लिए मैंने निगम बोर्ड द्वारा पारित पत्र झारखंड सरकार को भी भेजी है। भारत सरकार के स्वच्छ गंगा मिशन के तहत इस योजना को लेने की मांग करते हुए सांसद बीडी राम से भी अनुरोध की थी, जिसे आज मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कल ही भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के डायरेक्टर जनरल अशोक कुमार का पत्र प्राप्त हुआ जिसमें भारत के चुनिंदा शहरों में एक स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदनी नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कोयल तट का चुनाव किया गया है जिसके लिए मैं सांसद बीडी राम, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार को बधाई देती हूं द्य महापौर ने बताया मैं तो सिर्फ मिनी बांध पानी संचय करने के लिए मांग रही थी। ताकि शहर में पानी का लेयर उपर आ जाए। जानवर भी पानी पी सके। खेत भी सिंचित हो। लेकिन भारत सरकार ने तो स्वच्छ गंगा मिशन के तहत अयोध्या के तर्ज पर कोयल के दोनों तट को मिलो तक सजाने,कई स्तर पर निगम क्षेत्र में कोयल को बांधने, साथ-साथ सुंदरीकरण का ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की स्वीकृति प्रदान कर मेदनीनगर नगर निगम को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। जिसके लिए मैं पूरे निगम वासियों को और से भारत सरकार को बधाई देती हूं।महापौर ने कहा कि इस योजना से हमारे शहर का सम्मान भी बढ़ेगा और सबसे बड़ी पेयजल की समस्या का समाधान होगा।

कोई भी कंठ नहीं रहेगा प्यासा : महापौर अरुणा शंकर

महापौर अरुणा शंकर के आग्रह पर शहर के दो और अग्रणी सामाजिक संगठन जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटेनगंज एवं मारवाड़ी युवा मंच ने पनसाल्ला खोल एक बार फिर समाज के लिए समर्पित भावना से कार्य किया है। जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटेनगंज का पनसाल्ला होटल निरवाना के समीप शुभारंभ करते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि आज भी हमारा शहर जिंदा है। जहां भी समाज की आवश्यकता होती है, सारे सामाजिक संगठन एक होकर कार्य करते हैं। तभी हम लोगों ने कोरोना जैसे महामारी के वक्त सभी संगठनों के सहयोग से लड़ाई पर विजय पाई थी। आज भी पानी की अति आवश्यकता है। हमारे शहर में प्रतिदिन रात को लगभग डेढ़ लाख लोग सोते हैं और सुबह 2 लाख लोग जगते हैं। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र से 50,000 के आसपास पापुलेशन शहर में आता है। जो पनसाल्ला पर निर्भर होते हैं।जहां जायंट्स ग्रुप द्वारा चना गुड़ के साथ लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। वही मारवाड़ी युवा मंच के सौजन्य से ललित जी उदयपुरिया के निवास, राहुल ऑटो कनीराम, चौक राजेश शंघाई के आवास, किशोरी लाल जी के दुकानों पर पनसाल्ला का शुभारंभ ललित जी उदयपुरिया द्वारा की गई है, जो बधाई के पात्र हैं। महापौर ने और भी संगठन से अनुरोध किया है कि गर्मी भयावह है। लोग आगे आकर जन सेवा में लगे। कोई भी कंठ प्यासा ना रहे।

वाराणसी में जी-20 देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक आज से

एजेंसी

वाराणसी : विश्व की सबसे प्राचीन नगरी काशी में सोमवार से तीन दिवसीय जी-20 समिट का शुभारंभ होने जा रहा है। एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की इस खास बैठक में विश्व के 20 दिग्गज देशों के प्रतिनिधि और अन्य सहयोगी देशों के डेलीगेट्स शामिल होंगे। बैठक में भाग लेने के लिए मेहमान शहर में आ रहे है। बैठक से पूरे विश्व को स्वस्थ रखने के लिए पोषण युक्त खाद्य पदार्थ, खाद्य सुरक्षा और जलवायु के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने का सन्देश दिया जाएगा।

बदलती काशी का भी दीदार करेंगे मेहमान: वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य के साथ ही भारत इस साल जी-20 देशों की मेजबानी कर रहा है। वाराणसी में जी-20 की कुल 6 बैठकें होंगी। इनमें से पहली बैठक सोमवार से शुरू हो रही है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। साथ ही मेहमानों की सुरक्षा का खास इंतजाम किया गश है। समिट में भाग लेने वाले ज्यादातर प्रतिनिधि रविवार को ही वाराणसी पहुंच चुके है। इसमें 34 संगठनों व देशों के करीब 80 प्रतिनिधि का अनुमोदन आ चुका है। जी-20 की मुख्य बैठक होटल ताज में होगी। इसके उपरांत अतिथियों का काशी भ्रमण का भी कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्य रूप से भगवान बुद्ध की तपोस्थली सारनाथ, गंगा में नौका विहार के कार्यक्रम शामिल हैं।

भारत का गौरवशाली रहा है अतीत : विनायक राव

एजेंसी

लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने रविवार को कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है। इतिहास में कई ऐसी घटनाएं हैं। जिससे यह सिद्ध भी होता है। सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ था। उन्होंने कहा कि जैसे को तैसा यदि हिन्दू करते तो शायद अपना इतिहास आज कुछ और होता। भगवान कृष्ण को आराध्य मानने वाले हिन्दू समाज को उनकी शिक्षाओं से कुछ सीख भी लेनी चाहिए। विनायक राव रविवार को विहिप अवध प्रांत के तीन दिवसीय मातृशक्ति अभ्यास वर्ग के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा अपने देश के वीरों ने पराक्रम एवं संघर्ष किया है। मुगलों से संघर्ष में बहनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती जैसी पराक्रमी महिलाएं हमारे इतिहास में हैं। उन्होंने कहा कि पूरा भारत मुस्लिमों और अंग्रेजों के कब्जे में कभी नहीं रहा। देशभर में निरंतर संघर्ष चलता रहा। अटक से कटक तक का साम्राज्य मराठों के पास था, लेकिन उसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत पर 13 बार अरबी मुस्लिमों ने आक्रमण किया। हर बार मुस्लिम हारे। सन् 712 में 14वीं बार मोहम्मद बिन कासिम का आक्रमण राजा दाहिर पर हुआ और हमारी पराजय हुई। इसके बाद 870 से 980 तक काबुल एवं जाबुल में हम लोग लड रहे थे। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को तोडा। उसका भांजा सालार मसूद कई मंदिरों को तोडता हुआ अयोध्या जा रहा था। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव ने सालार मसूद को मौत के घाट उतारा। मोहम्मद गोरी भारत आया उसको गुजरात की रानी ने हराया।विनायक राव ने कहा कि सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ। हार के बाद सेल्युकस ने अपनी पुत्री हेलेना की शादी चन्द्रगुप्त मौर्य से की थी। दक्षिण भारत में हरिहर बुक्का नामक दो वीरों ने विजय नगर नामक शक्तिशाली हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी।

पर्यावरणविद कौशल ने पौधा दान कर किया जल यात्रा का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : छतरपुर अनुमंडल के पंचायत मुनकेरी के टोला मनहु में अखंड कीर्तन व रामायण पाठ के शुभारंभ जल जात्रा से किया गया। प्रकृति कलश जल यात्रा का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कलश यात्रियों को गंगा वर्धन नारियल, देवी फुल और भूटान का सिंदूर का पौधा दान कर किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने प्रकृति कलश जल यात्रियों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म का पहला मूल मंत्र में अपने जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य पर या श्राद्ध में पौधा लगाना या दान करना और उसे बचाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जल यात्रा का मूल्य उद्देश्य जल और जंगल को संरक्षित और सुरक्षित करना है। क्योंकि जंगल ही धरती पर जल लाने का व्यवस्था करता है और जल से जंगल बचता है। बटाने नदी से जल लाकर मनहु देवी मंदिर में कलश स्थापित किया गया । उसमें शामिल छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि वे जल यात्रा में शामिल हुए हैं परंतु क्षेत्र में जल के व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों में जल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के तहत जल्द ही सोन नदी का पानी घर घर पाइप लाइन बिछाने एवं वाटर टंकी बनाने का टेंडर भी हो चुका है। इसके लिए वे और उनके पूजनीय पिता पर्यावरणविद रात दिन लगे हुए हैं । उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इसी तरह वे अपने कार्य क्षेत्र में जल पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे ।

प्रकृति कलश जल यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद,बसंत विश्वकर्मा, मनोज यादव, सुभाष गुप्ता, सुदामा प्रसाद गुप्ता,उपेंद्र प्रसाद, अजीत प्रसाद, गणेश यादव, भोला यादव, जगनारायण प्रसाद, भोला यादव, भोला प्रसाद, बसंत यादव, जनक देव यादव, कर्म देव यादव, संतोष विश्वकर्मा, फुलवा देवी, शिक्षक उपेंद्र पासवान, पंचायत समिति सुनीता देवी फुलवा देवी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 62 दिनों तक चलेगी आज से शुरू होंगे ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू : जम्मू-कश्मीर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री बाबा अमरनाथ यात्रा की तैयारी तेज हो गई है। इस बार एक जुलाई से 30 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर की 20 बैंक शाखाओं में सोमवार से ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए देश भर में चार बैंकों की 542 शाखाओं में पंजीकरण करवाया जाएगा। जम्मू जिला में सबसे अधिक छह बैंक शाखाएं चिन्हित की गई हैं। इसके अलावा डोडा में 2, कठुआ में 2, राजोरी, पुंछ, रामबन में 1.1, रियासी में 2, श्रीनगर, उधमपुर में 1.1, सांबा में 2 और रामबन में 1 बैंक शाखा में यात्री पंजीकरण होगा। इसके लिए श्राइन बोर्ड के वेबसाइट से डाउनलोड किए गए फार्म पर तीन फोटो के अलावा 16 अप्रैल के बाद जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।

महाकाल का दर्शन अब हुआ सुलभ, मई से नई व्यवस्था लागू

एजेंसी



भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए देश-दुनिया से आने वाले भक्त अब बहुत निकट से अपने इष्ट के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मंदिर प्रशासन व्यवस्थाएं बनाने में जुटा है। दरअसल,भक्तों की इच्छा बाबा महाकाल के दर्शन नजदीक से ही करने की रहती है। साथ ही उन्हें जल, दूध चढ़ाने और स्पर्श करने की इच्छा लिए भक्त दरबार में पहुंचते हैं। अब तक भस्मारती को छोड़कर ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था से सीधे गर्भगृह में पहुंचने का अवसर भक्तों के पास नहीं था, लेकिन अगले माह मई से भक्त सीधे गर्भगृह में पहुंचकर महाकाल के दर्शन कर पाएंगे। उन्हें जल भी चढ़ा पाएंगे।महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक संदीप कुमार सोनी कहते हैं कि फिलहाल इससे जुड़े तकनीकी पक्ष पर कार्य किया जा रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस माह के अंत तक हमारा सॉफ्टवेयर तैयार हो जाएगा और उसके बाद सुबह 6-30 से दोपहर 12-30 बजे तक छह स्लॉट में भक्तों को सीधे गर्भगृह के दर्शन कराना आरंभ होगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्लॉट में 50 भक्तों को ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से गर्भगृह में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था की जा रही है। यदि पूर्व से ऑनलाइन बुकिंग रहेगी, तो उसकी रसीद दिखाने भर से तत्काल उन्हें अंदर गर्भगृह में प्रवेश दिया जाएगा। महाकाल के दर्शन करने का शुल्क 750 से लेकर 1500 तक रखा जा सकता है।

कैंसर वाला कैमरा की फोटो प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोग, मौके पर की खरीदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश जिंदगी कैसे जिया जाता है, यह बताने की भरपूर कोशिश की है । इसी कोशिश को देखते हुए ऐसे कई लोग हैं जो कैंसर से जूझ रहे हैं रवि प्रकाश जैसे कैंसर वाले शख्सियत से प्रेरणा ले रहे हैं । ऐसा ही एक रूप रविवार को द रांची प्रेस क्लब में देखने को मिला। जब वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने अपने कैंसर की बीमारी के बीच करीब सवा घंटा लोगों को संबोधित किया और बताया कि किस तरह से कैंसर की बीमारी लोगों के बीच फैल रही है। हर 9 व्यक्ति में कैंसर पाया जा रहा है , जो आने वाले समय में गंभीर विषय है। यह मौका था रांची प्रेस क्लब में रवि प्रकाश द्वारा खींची गई तस्वीरों की प्रदर्शनी का। तीन दिवसीय कैंसर वाला का फोटो प्रदर्शनी लगाया गया है, जो 18 अप्रैल तक चलेगा । 200 से अधिक तस्वीरें उन्होंने अपने मोबाइल से देश के विभिन्न कोनों में जब गए तो वहां खींचा और उसी को फ्रेमिंग करा कर प्रदर्शनी में लगाया है , जिसकी मांग बढ़ गई है । एक फोटो की कीमत 5000 से लेकर 10, 000 रखी गई है। तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ ने किया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु, कांके विधायक समरी लाल और द की प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, कोषा अध्यक्ष सुशील सिंह मंटू , उपाध्यक्ष पिंटू दुबे,संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा , कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरेशी, राकेश ,संजय रंजन, मानिक बॉस सहित विभिन्न अखबारों के पत्रकार मुख्य रूप से आनंद, अमन, सौरभ, प्रमोद, आलोक इत्यादि उपस्थित रहे। सभी ने रवि प्रकाश के फोटो प्रदर्शनी की न सिर्फ तारीफ की बल्कि रवि प्रकाश की भी प्रशंसा की और कहा कि इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इनके कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाने और जागरूक करने की जरूरत है।लोगों से अपील की गई है कि वे भी द रांची प्रेस क्लब पहुंचे और एक फोटो अवश्य खरीदें। वहीं रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया है।

भारत धर्म के मार्ग पर चलकर ही बनेगा विश्व गुरु : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी

बुरहानपुर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बनेगा। यदि हम सब धर्म का पालन करते रहे तो आने वाले बीस-तीस साल में भारत दुनिया को नया रास्ता दिखाने वाला विश्व गुरु बन जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब सारी सृष्टि के कल्याण की भावना है। सत्य के मार्ग पर चलकर हमें अपना कर्तव्य निभाना होगा। भारत को महाशक्ति नहीं बनना है बल्कि दुनिया को धर्म सिखाना है। सरसंघचालक डॉ. भागवत रविवार को बुरहानपुर प्रवास के दौरान यहां आयोजित धर्म संस्कृति सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषा, संप्रदाय और धर्म के लोग रहते हैं। अलग-अलग होने के बावजूद हम जानते हैं कि पूरी सृष्टि एक है। इसलिए हम हिंदू हैं। हमें परस्पर एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सबको साथ लेकर चलना है। शाश्वत धर्म का पालन करने से सारी सृष्टि सुखी रहेगी।

डॉ. भागवत ने कहा कि संत और मुनियों की बातों का अनुसरण करें। सनातन काल से वे हमें अच्छाई का मार्ग दिखाते आए हैं। सृष्टि के कल्याण का बोझ हम सबको मिलकर उठाना होगा। उन्होंने सत्य को भी प्रिय भाषा में बोलने और छह बुराइयों काम, क्रोध, मोह, लोभ, दंभ व सत्सर से दूर रहने की बात कही है। धर्म संस्कृति सभा का आयोजन महाराष्ट्र के अमरावती में स्थित नाथ पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी जितेंद्र नाथ ने किया था। धर्म संस्कृति सभा में स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर हरिहरानंद महाराज, काशी के स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, शिवाजी महाराज के वंशज राजे मुधोजी भोंसले भी मौजूद रहे।

सभा से पहले सरसंघचालक ताप्ती तट स्थित नाथ मंदिर पहुंचे। यहां स्वामी गोविंदनाथ महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और श्रीराम दरबार के दर्शन किए। यहां उन्होंने गोविंदनाथ महाराज के समाधि स्थल के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां विविधता है लेकिन हम सबका एक नाम दुनिया जानती है, हम हिन्दू हैं।

डॉ. भागवत ने कहा कि बहुत से राष्ट्र दुनिया में आए और चले गए। भारत तब भी था आज भी है और कल भी रहेगा क्योंकि यहां धर्म का काम सबल बनाते रहना है, यह वही करने का समय है। हमें देश में भारतीय मतों को मानने वाले लोगों में जो विचलन आ गया है, उन्हें धर्म की जडों में स्थापित करना है। यही सत्य कार्य है। धर्म में जाग्रत करना ईश्वरीय कार्य है। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम बाहर की परिस्थिति का विचार करते हैं तो बौखला जाते हैं। बौखलाने की जरूरत नहीं है। हम सब जितने सक्रिय होंगे, सब उतना जल्दी ठीक होगा। हमारे पास सत्य, करूणा, सुचिता, तपस है। हमें अपनों को जागृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया है कि लोभ, लालच, जबरदस्ती से मतांतरण ठीक नहीं है। जैसे-जैसे देश खडा हो रहा है, वैसे-वैसे जो नुकसान हुआ है, वह पूरा होने के आसार दिख रहे हैं। धर्म देने वाला भारत है। लोगों को धर्म, संस्कृति, नीति से जोडना है। सौ साल की अवधि में सबकुछ बदल देने वाले लोग यहां आए, लेकिन जो सैकडों साल से काम कर रहे हैं उनके हाथों में कुछ नहीं लग रहा है।